CMYK
अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
हल्द्वानी, गुरुवार 28 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 2 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



‘मोदी मित्र’ के टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसानः खड़गे पेज 2



शुभमन गिल और रोहित शर्मा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर कायम खेल टाइम्स



जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम, वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर सम्पादकीय




दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब पेज 12

# भारत पर 50 % अमेरिकी टैरिफ लागू

## लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात हो सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 70 प्रतिशत तक घट सकती है ज्वेलरी-कपड़ों की मांग, नौकरियों पर भी छा सकता है संकट
- चीन, वियतनाम और मेक्सिको इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे
- भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी होगी कम

**नई दिल्ली।** भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ के आयात को प्रभावित कर सकता है। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे इनकी मांग में 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी। भारत ने 2024 में 19.16 बिलियन डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये) के इंजीनियरिंग गुड्स निर्यात किए। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स, मशीनरी, ऑटोमोटिव पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, और अन्य औद्योगिक उपकरण शामिल हैं। अमेरिका कारों, छोटे ट्रकों और उनके पार्ट्स पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा रहा था, जबकि कॉमर्शियल वाहनों के पुर्जो पर यह शुल्क 10 प्रतिशत था। अमेरिका भारतीय ऑटो पार्ट्स के लिए सबसे बड़ा बाजार है। ऑटो पार्ट्स के कुल निर्यात का लगभग 32प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को गया। टैरिफ बढ़ोतरी से 7 बिलियन डॉलर (लगभग 61,000 करोड़) के सालाना आटो पार्ट्स निर्यात में से 30,000 करोड़ का निर्यात प्रभावित हो सकता है। वहीं इंजीनियरिंग गुड्स छोटे और मध्यम उद्यम सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे जो इंजीनियरिंग गुड्स के 40 प्रतिशत निर्यात में योगदान देते हैं। इससे हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। यूरोप (जर्मनी, यूके) और एशियान देशों (सिंगापुर, मलेशिया) में इंजीनियरिंग गुड्स की मांग बढ़ रही है। भारत इन बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। इंजीनियरिंग गुड्स के लिए पीएलआई स्कीम का विस्तार करके उत्पादन लागत को कम करना, -शेष पृष्ठ दो पर

### ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा

**नई दिल्ली।** सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत से अमेरिका को सबसे ज्यादा ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल आयात किए जाते हैं। 50 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका में ये चीजें महंगी हो जाएंगी और वहां से ऑर्डर मिलने कम हो जाएंगे। ऑर्डर कम होने से कंपनियों को अपना प्रोडक्शन घटाना पड़ेगा, जिससे छंटनी हो सकती है। यानी इन सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा है। हालांकि किस सेक्टर से कितनी नौकरियां जाएंगी, इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है। 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिका को होने वाला निर्यात कम हो जाएगा। इससे सरकार को निर्यात से होने वाली कमाई में कमी आएगी। वहीं एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसके अलावा सरकार को अपनी व्यापार नीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा।

# भारत को भरोसा, झेल सकता है ट्रम्प का टैरिफ वॉर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अमेरिका की ही रेटिंग्स एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार पर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इस बीच, तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही है। हाल ही में अमेरिका की ही रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की हैं।

फिच का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ बढ़ने का भारत की जीडीपी पर असर मामूली रहेगा, क्योंकि अमेरिका को भारत का निर्यात कुल जीडीपी का लगभग 2 फीसदी ही है। फिच ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहेगी। दूसरी ओर, एसएंडपी ग्लोबल ने 18 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी- से बीबीबी कर दी है और कहा है कि भारत कोविड के बाद सबसे मज़बूत और तेज़ी से उभरने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 16 प्रतिशत हो सकती है। 2023 में यह सिर्फ 9 प्रतिशत थी। आने वाले समय में युवा आबादी और मजबूत उपभोक्ता वर्ग की वजह से भारत का घरेलू बाजार वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा सकता है। यही कारण है कि भारत टैरिफ जैसे बाहरी झटकों को भी झेलने की क्षमता रखता है। भारत सरकार के आंकड़ों के मुताबिक मई 2025 में देश का जीएसटी कलेक्शन 16.4 फीसदी बढ़कर 2,01,050 करोड़ रुपये पहुंच गया। मई 2024 में यह कलेक्शन 1,72,739 करोड़ रुपये था। इससे पहले अप्रैल 2025 में जीएसटी कलेक्शन 2.37 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। जीएसटी कलेक्शन के मजबूत आंकड़े घरेलू मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था मज़बूती से आगे बढ़ रही है। एशियन डेवलपमेंट बैंक की जुलाई 2025 की रिपोर्ट भी कहती है कि घरेलू मांग, अच्छे मानसून और ब्याज दरों में कमी से विकास दर 6.5 फीसदी तक रहेगी। इसके अलावा, 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाककिले से जीएसटी कानूनों में सुधार का दावा किया है। सरकार ने उसके जीएसटी के मौजूदा स्लैब को घटाने का प्रस्ताव जीएसटी परिषद को दिया है।

### पचास फीसदी सांसदों व विधायकों पर आपराधिक केस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा। वर्तमान में देशभर में 45 प्रतिशत विधायक और 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें, तो इसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश का दूसरा नंबर है। देशभर में 45 प्रतिशत विधायकों ने अपने ऊपर आपराधिक केस घोषित किए हैं, जबकि 29 प्रतिशत गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं।

# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 34 हुआ, कई लापता

जम्मू, वार्ता

**जम्मू के कटरा स्थित** वैष्णो देवी धाम मार्ग पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 34 हो गया।

हादसा मंगलवार को दोपहर 3 बजे पुराने मार्ग पर अर्धकुंवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। मंगलवार देर रात तक 7 लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। बड़े-बड़े पत्थर, पेड़ और मलबे में दबने से ज्यादा नुकसान हुआ है। एक चश्मदीद ने बताया कि बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने -शेष पृष्ठ दो पर



### जम्मू में बारिश ने तोड़ा 115 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह 8:30 बजे से बुधवार सुबह 8:30 बजे तक यहां 296 मिलीमीटर बारिश हुई। 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई। गुरदासपुर के दाबुरी स्थित नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए हैं। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। बच्चों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है।

# राहुल ने चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया

- गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ का चंदा जुटाया, तो क्या उनसे भी शपथपत्र मांगा जाएगा


**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाने के कारण उनसे एफिडेविट की मांग से घिरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आयोग को बुधवार को कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है कि गुजरात में अनाम पार्टियों ने हजारों करोड़ रुपये का चंदा जुटाया है, तो क्या उनसे भी शपथ पत्र मांगा जाएगा।

श्री गांधी ने कहा कि जिन पार्टियों को भारी रकम चंदे के रूप में मिली है उनको कोई जानता नहीं है और न ही उन्होंने ज्यादा चुनाव लड़े हैं। इन पार्टियों को जितना चंदा मिला है उसका कहीं कोई हिसाब किताब नहीं है। इन दलों से भी चुनाव आयोग को शपथ पत्र मांगना चाहिए। गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना-लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस नागरत्ना असहमत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जज बीवी नागरत्ना ने मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की कॉलेजियम की सिफारिश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न्यायपालिका के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। जस्टिस पंचोली अगर सुप्रीम कोर्ट में जज बनते हैं, तो वे अक्टूबर 2031 में सीजेआई बन सकते हैं।

# लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें सेनाएं



- जीत के लिए प्रौद्योगिकी व रणनीति में महारत जरूरीः राजनाथ

**डा. अंबेडकर नगर (महू)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्धों की बढ़ती जटिलता और अनिश्चितता के मौजूदा दौर में केवल सैनिकों या हथियारों की संख्या ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी , रणनीति और युद्ध के स्वरूप के अनुरूप तुरंत उसका जवाब देने में सक्षम सेनाएं ही अपना लोहा मनवा सकेंगी।

उन्होंने देश और सेनाओं को लंबी लड़ाइयों के लिए तैयार रहने तथा इसके लिए जरूरी क्षमता और संसाधनों की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति के संयुक्त प्रयास पर निर्भर करेंगे। जो देश प्रौद्योगिकी, रणनीति और अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में महारत हासिल कर लेगा वही सच्ची वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित यान और उपग्रह-आधारित निगरानी भी भविष्य के युद्धों को आकार दे रही हैं। श्री सिंह ने बुधवार को यहां आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध, युद्धनीति और युद्ध-संघर्ष पर तीनों सेनाओं के अपनी तरह के पहले सेमिनार ‘रण संवाद’ को संबोधित करते हुए प्रौद्योगिकी और चौंकाने वाली रणनीतियों के गठजोड़ को आधुनिक युद्ध की बढ़ती जटिलता तथा अनिश्चितता का मुख्य कारण बताया।



## संक्षिप्त समाचार

### काशी से मेरठ के लिए चली वंदे भारत

**वाराणसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस (मेरठ सिटी लखनऊ-मेरठ सिटी) गाड़ी संख्या 22490/22489 का परिचालन अयोध्या धाम के रास्ते वाराणसी जंक्शन तक विस्तारित किया गया है। प्रदेश के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव, अन्य जन प्रतिनिधियों और रेलवे अफसरों ने बुधवार को सुबह नौ बजकर दस मिनट पर हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया। डॉ. मिश्र ने कहा कि आज काशी के लिए विशेष दिन है। विकास के पथ पर अग्रसर काशी के साथ वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से एक नया अध्याय जुड़ गया है। श्रीवास्तव ने कहा को काशी की लगातार नई सौगातें मिल रही हैं।

### कर्ज में डूबे व्यापारी ने बच्चे की हत्या कर पत्नी संग की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के रोजा क्षेत्र में कर्ज और आर्थिक तंगी में से परेशान एक व्यापारी ने बुधवार को अपने चार वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या करने के बाद पत्नी के साथ अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को 33 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि रोजा क्षेत्र के दुर्गा एनक्लेव कॉलोनी निवासी सचिन ग्रोवर (35) अपनी पत्नी शिवांगी और बेटे फतेह (4) के साथ अपने घर में रह रहा था। सचिन ने कर्ज से परेशान होकर पहले बच्चे की हत्या की और बाद में पत्नी के साथ अलग-अलग कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# उप्र में फिर करवट लेगा मानसून, होगी अच्छी बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फनगर व हापुड़ में होगी वर्षा

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने 30 अगस्त के बाद से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है, जबकि इधर तीन दिनों में उत्तराखंड से सटे जिलों के अलावा प्रदेश के कुछ इलाकों में छिटपुट बारिश होगी।

बुधवार को गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, में मेघगर्जन, बिजली गिरने के साथ मध्यम से भारी वर्षा के आसार है, वहीं अलीगढ़, बदायूं, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, गाज़ियाबाद, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डा. एके सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर गुजरे निम्नदाब क्षेत्र के कमजोर पड़ने तथा उससे संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण राजस्थान की तरफ खिसक गया है। साथ ही ओडिशा तट से दूर उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बने एक अन्य निम्नदवाब क्षेत्र के प्रभाव से मानसून द्रोणी के संभावित दक्षिणी विचरण के कारण प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। साथ ही परिणामस्वरूप आगामी तीन चार दिनों के दौरान बंगाल की खाड़ी से पहाड़ों की ओर आ रही नमी के प्रभाव से उत्तराखंड से सटे जिलों को छोड़कर प्रदेश के अन्य भागों में छिटपुट वर्षा को छोड़कर कोई प्रभावी बारिश होने की संभावना नहीं है।

### उप्र में चार आईपीएस के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच विजय सिंह मीना को पीटीसी सीतापुर में अपर पुलिस महा. निदेशक के पद पर भेजा गया है, जबकि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक लोक शिकायत आकाश कुलहरि को झांसी परिक्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया है। उन्होने बताया कि झांसी परिक्षेत्र के मौजूदा आईजी केशव कुमार चौधरी को गाजियाबाद कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर भेजा गया है, वहीं गाजियाबाद कमिश्नरेट की मौजूदा अपर पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना को पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर मेरठ सेक्टर स्थानांतरित किया गया है।

# ट्रम्प टैरिफ से कई क्षेत्रों में होगा नुकसानः खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कारोबार पर आय का संकट, लाखों नौकरियों पर खतरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के 50 फीसदी आयात शुल्क लगाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि जिन डोनाल्ड ट्रम्प के लिए वह वोट मांग रहे थे, उनके उसी मित्र ने बुधवार से 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर दिया, जिससे कई क्षेत्र के कारोबार पर संकट आएगा और लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी।

खड़गे ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के फैसले पर मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि आपके प्रिय मित्र 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' ने आज से भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस आयात शुल्क के पहले झटके से अकेले 10 क्षेत्रों में हमें 2.17 लाख करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। इस फैसले से हमारे किसान, खासकर कपास उत्पादक किसान, बुरी तरह प्रभावित हैं।

आपने कहा था कि उनकी रक्षा के लिए कोई भी 'व्यक्तिगत कीमत' चुकाने को तैयार हैं, लेकिन आपने इस झटके को कम करने और उनकी आजीविका की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल जीटीआरआई का अनुमान है कि ट्रम्प सरकार के इस फैसले से देश का सकल घरेलू उत्पाद का करीब एक प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है, लेकिन इस निर्णय से चीन को फायदा होगा।

हमारे यहां इस फैसले से एमएसएमई सहित कई निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को नुकसान होगा जिससे भारी संख्या में नौकरियां खत्म होंगी। भारतीय कपड़ा निर्यात क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष स्तर पर लगभग पांच लाख लोगों के रोजगार पर संकट आ रहा है। इसी तरह से टैरिफ जारी रहने से रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में डेढ़ से दो लाख नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है।

### अमेरिकी टैरिफ का असर आगरा के चर्म उद्योग पर

**आगरा।** अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने का असर आगरा के जूता कारोबार पर देखने को मिल रहा है। आगरा से हर साल करोड़ों रुपए का जूता निर्यात होता है। शू फैक्टर फैडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा ने बताया कि इस बार करीब पांच लाख जोड़ी जूते बनाने का ऑर्डर मिले हैं। टैरिफ की वजह से ऑर्डर या तो रद्द हो रहे हैं या फिर होल्ड कर कर दिए हैं। कुछ व्यापारी पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्यात करते हैं। आज वो फैक्ट्रियां बंद होने के कगार पर हैं। जूता बनाने में इस्तेमाल होने वाले मैटेरियल को बेचने वाले व्यापारियों के सामने भी दिक्कत आ रही है। उम्मीद है कि सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाएगी।

## सीएम योगी ने मुख्य सेविकाओं व फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र बांटे

# बेईमान दलों ने यूपी को बनाया था बीमारू राज्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नियुक्ति पत्र पाकर 2425 मुख्य सेविकाओं व 13 फार्मासिस्टों के खिले चेहरे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेईमान राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनी. ति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था।

लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया। योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया।

उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया।

### थारू की बेटियों का चयन निष्पक्ष प्रक्रिया का उदाहरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान कहा कि पहले जहां योजनाएं सुदूर इलाकों तक नहीं पहुंच पाती थीं, आज वही लोग नौकरी पा रहे हैं।

विशेष रूप से थारू जनजाति और सुदूर क्षेत्रों की बेटियों का चयन इस निष्पक्ष प्रक्रिया का जीवंत उदाहरण है। योगी ने कहा कि आज नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मैंने देखा कि आजमगढ़, अमरोहा, शामली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज जैसे जनपदों के युवाओं को अवसर मिला। वहीं लखीमपुर खीरी और दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से थारू जनजाति की बेटियों का चयन हुआ, जो इस प्रक्रिया की पारदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अगर आजमगढ़, अमरो. हा, बिजनौर, शामली, ललितपुर, जालौन या सोनभद्र की बेटी चयनित होती है, तो यह साफ है कि प्रतिभा वहां भी थी और प्रक्रिया निष्पक्ष रही। यह कदम न केवल युवाओं को रोजगार दे रहा है, बल्कि सुदूर क्षेत्रों के लोगों में उम्मीद जगाने वाला है।

# एक सितम्बर से फिर चलेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से एक से 30 सितम्बर के बीच 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान डीएम के नेतृत्व तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा, ताकि जिला स्तर पर सभी संबंधित विभाग एक साथ नागरिक सुरक्षा के इस उद्देश्यमूलक प्रयास को आगे बढ़ाएं।

इस अवधि में पुलिस, राजस्व/जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। सरकार ने आमजन से अपील की है कि वे इन प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करें। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह पहल पूर्णतः विधिसम्मत एवं जनहितैषी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी राज्यों को हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने का परामर्श दिया गया है। योगी सरकार ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दण्डित करना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75
सोना रु. 93700 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 115870 प्रति किलो



# पीएम स्वनिधि योजना 31 मार्च 2030 तक बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता

■ लोन की राशि 10,000 से बढ़कर 15,000 हुई, 1.15 करोड़ रेहड़ी-पटरी वालों को फायदा मिलेगा

रेहड़ी-पटरी वालों को बैंकों से कर्ज दिलाने की पीएम स्वनिधि नाम से चर्चित 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना' का पुनर्गठन के साथ 31 मार्च, 2030 तक विस्तार कर दिया गया है और इसमें कर्ज की पहली और दूसरी किस्तों में पांच-पांच हजार रुपए की वृद्धि की जा रही है।

पुनर्गठित योजना में पहली और दूसरी किस्त में बढ़ी हुई ऋण राशि, दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा एवं थोक लेनद. ेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल हैं। इस योजना का दायरा सां. विधिक कस्बों से आगे बढ़कर जनगणना कस्बों, अर्ध-शहरी क्षेत्रों आदि तक चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमडल की बैठक में पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और ऋण अवधि को 31 मार्च 20230 तक बढ़ाने को मंजूरी दी। यह जानकारी मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में दी गई। योजना में कर्ज देने की अवधि 31 दिसंबर 2024 को पूरी हो गई थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का कुल परिव्यय 7,332 करोड़ रुपए है। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभान्वित करना है। योजना का कार्यान्वयन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लागू की जाएगी। वित्तीय सेवा विभाग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के जमीनी स्तर के अधिकारियों के माध्यम से रेहड़ी पटरी वालों के लिए छोटे ऋण तथा क्रेडिट कार्ड की सुविधा आसान करेगा। विज्ञप्ति के अनसुार पुनर्गठित योजना में पहली किस्त के ऋण को 10,000 से बढ़ाकर 15,000 रुपए तक और दूसरी किस्त के ऋण को 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 तक कर दिया गया है। तीसरी किस्त 50,000 पर अपरिवर्तित रहेगी। सरकार का कहना है कि यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से रेहड़ी-पटरी वालों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तुरंत ऋण उपलब्ध होगा। इसके अलावा डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए, रेहड़ी-पटरी वाले खुदरा और थोक लेनदेन पर 1,600 रुपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। एफएसएसएआई के साथ साझेदारी में, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मानक स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

### सोने-चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत सुबह 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई थी। हालांकि शाम को ये 1,15,870 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 थी। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,722 रुपए बढ़कर 1,00,884 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,853 रुपए बढ़कर 1,15,870 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है।

# गेहूं-चावल सस्ता, खाद्य तेलों- दालों में रही घटबढ़, चीनी की कीमतों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल और गेहूं के औसत भाव बढ़ गए। चीनी की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट चढ़कर 4,489 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 53.47 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 75 रुपए घटकर 3,764.08 रुपए प्रति क्विटल रह गई। गेहूं 33 रुपए प्रति क्विटल की नरमी के साथ 2,804.78 रुपए प्रति क्विटल के भाव बिका। आटे की कीमत 22 रुपए टूटकर 3,271.26 रुपए प्रति क्विटल रह गई। सरसों तेल औसतन 85 रुपए प्रति क्विटल महंगा हो गया। सूरजमुखी तेल 26 रुपए और मूंगफली तेल 83 रुपए चढ़ गया। वनस्पति 47 रुपए और पाम ऑयल 90 रुपए प्रति क्विटल मजबूत हुआ। सोया तेल 41 रुपए प्रति क्विटल टूट गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 35 रुपए प्रति क्विटल टूट गई। चना दाल 26 रुपए और उड़द दाल 34 रुपए प्रति क्विंटल उतर गई। मूंग दाल में छह रुपए की गिरावट रही। मसूर दाल की कीमत छह रुपए प्रति क्विटल बढ़ गई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। गुड़ की औसत कीमत नौ रुपए प्रति क्विटल बढ़ गई। चीनी भी करीब 23 रुपए महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: **दाल-दलहन:** दाल चना 7950.71 रुपए, मसूर काली 8151.78 रुपए, मूंग दाल 10078.40 रुपए, उड़द दाल 10423.59 रुपए, अरहर दाल 10745.63 रुपए प्रति क्विटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत पर...** ताकि कंपनियां अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धी रहें। भारत ने 2024 में अमेरिका को 14 बिलियन डॉलर (करीब 1.23 लाख करोड़ रुपये) के इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात किया था। इसमें स्मार्टफोन, खासतौर पर आईफोन का बड़ा हिस्सा है। सेक्शन 232 अमेरिकी व्यापार विस्तार अधिनियम 1962 का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर आयात पर टैरिफ लगाने की अनुमति देता है। सेक्शन 232 की समीक्षा के बाद टैरिफ पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सेक्शन 232 टैरिफ की घोषणा के बाद अगर 50 प्रतिशत का नया टैरिफ लागू होता है तो अमेरिका में भारत से आयात होने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे हो जाएंगे। कंपनियां अमेरिका को भेजे जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम को किसी और देश में बनाने पर विचार कर सकती हैं। ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी है। 100 डॉलर की दवा की कीमत दोगुनी हो जाएगी। इससे सन फार्मा, डा. रेड्डी, सिप्ला, ल्यूपिन जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों को नुकसान होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 9.94 बिलियन डॉलर (करीब 87 हजार करोड़) के रत्न और आभूषण आयात किए थे। ये अमेरिकी हीरा आयात का 44.5 प्रतिशत है। कुछ आभूषणों पर पहले से ही 25 प्रतिशत तक टैरिफ था। अमेरिका में कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.20 प्रतिशत की कमी हो सकती है। नया टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। कीमत बढ़ने से निर्यात में 15.30 प्रतिशत की कमी संभव है। अमेरिकी खरीदार सस्ते विकल्पों की ओर जा सकते हैं, जिससे भारतीय कारीगरों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। वहीं भारतीय कंपनियां दुबई और मेक्सिको जैसे देशों में मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं स्थापित करने पर विचार कर सकती हैं, जहां टैरिफ कम हैं। दुबई में यह शुल्क सिर्फ 10 प्रतिशत और मेक्सिको में 25 प्रतिशत है, जबकि भारत को अब 50 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। भारत ने 2024 में अमेरिका को 10 बिलियन डॉलर, यानी करीब 87 हजार करोड़ के टेक्सटाइल आयात किए थे। इसमें रेडीमेड गार्मेंट से लेकर काटन यार्न और कॉरपेट शामिल है।

**वैष्णो देवी में...** लगे और सब तबाह हो गया। प्रशासन का कहना है कि 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल, इस इलाके में भारी बारिश की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। मंगलवार को जम्मू शहर में 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। नॉर्दर्न रेलवे ने भी बुधवार को जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 22 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 27 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है। एक श्रद्धालु ने बताया कि मैं और मेरा पूरा परिवार साथ जा रहे थे। मेरे बच्चे और पत्नी आगे निकल गए। फिर बहुत जोर से चट्टान गिरी। हमें कुछ समझ नहीं आया। अब मेरे बच्चों का कुछ पता नहीं चल रहा है। हम डरे हुए हैं। पल भर में हमारा सब कुछ बिखर गया। एक और महिला ने बताया कि हम माता रानी के दरबार में जा रहे थे। हमें कुछ समझ नहीं आया। मैं और मेरे पति तो बच गए पर मेरे तीनों बच्चे दब गए। सब कुछ तुरंत हो गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010




वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# तोहफा:विभागों में कर्मचारी जल्द होंगे स्थायी

## सेवाकाल की निर्धारित परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने वाले होंगे नियमित




■ सचिव कार्मिक शैलेश बगौली ने सभी विभागों को दिए निर्देश

### बिना स्थायीकरण के हो गई पदोन्नति

सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने कहा है कि सेवाकाल की निर्धारित परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने एवं विभागीय संवर्ग में उच्च पदों पर पदोन्नति प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, विभिन्न विभागों द्वारा कार्मिकों के स्थायीकरण के संबंध में विधिवत आदेश निर्गत नहीं किए जाने के तथ्य शासन के संज्ञान में आए हैं। विधिवत स्थायीकरण आदेश जारी न होने के कारण संबंधित कार्मिकों के सेवा-संयोजन, वेतन संरक्षण, पेंशन-हितलाभ आदि में कठिनाई उत्पन्न हो रही है तथा विधिक वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। यह विधिसम्मत तथा अनुशासित लोक प्रशासन की भावना के विपरीत है। जिसे देखते हुए राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 2002 का समुचित अनुपालन कराए जाने तथा समय से स्थायीकरण आदेश जारी कराए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** शासन ने सभी विभागों को राज्य के सरकारी सेवकों के स्थायीकरण के मामलों में स्थायीकरण नियमावली, 2002 का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पात्र कार्मिकों के स्थायीकरण आदेश बिना किसी विलंब के निर्गत किए जाने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने एक शासनादेश जारी करते हुए सभी प्रमुख सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों, कार्यालय प्रमुखों, मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने नियंत्रणाधीन विभागों में कार्यरत ऐसे समस्त कार्मिक, जो परिवीक्षा पूर्ण कर चुके हैं तथा जिनकी परिवीक्षा बढ़ाई न गयी हो, जो स्थायीकरण नियमावली, 2002 में वर्णित सभी आवश्यक अर्हताएं पूर्ण कर चुके हैं, के स्थायीकरण आदेश परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के उपरान्त, अनावश्यक विलम्ब के बिना, समयबद्ध रूप से निर्गत कराना सुनिश्चित करें।

शासनादेश में यह भी हिदायत दी गई है कि जिन कार्मिकों को पूर्व में विभागीय पदोन्नति प्रदान की जा चुकी है, किन्तु उनके स्थायीकरण के संबंध में कोई स्पष्ट आदेश निर्गत नहीं किया गया है, उनके प्रकरणों की तत्काल समीक्षा करते हुए नियमानुसार स्थायीकरण आदेश निर्गत किए जांय।



# धन बल नहीं, विश्वास व विकास के प्रति समर्पण से मिली भाजपा को जीत: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि जनता ने भाजपा को 11 जिप अध्यक्ष की सीटें देकर बदलाव की मंशा जाहिर कर दी है। जनता ने धन बल नही, बल्कि विश्वास और सरकार के विकास के प्रति समर्पण को देखकर मत दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं पर तंज कसा कि बेहतर होता कि प्रभारी के कान में नैनीताल के बजाय आपदा पीड़ितों के लिए दो शब्द बेहद कहने का आग्रह भी कर देते।



मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में भट्ट ने कहा कि कांग्रे. सियों की डेढ़ वर्ष की मिन्नत के बाद उनकी प्रभारी ने प्रदेश के लिए सिर्फ राजनीति के लिए ही समय निकाला। राज्य आपदा का साहस और एकजुटता से सामना कर रहा है। दो शब्द सहानुभूति के वे भी कहती तो अच्छा होता। कम से कम जो लोग मीडिया से बातचीत के समय उनके कान में नैनीताल का जिक्र कर रहे थे, वही धराली, थराली की पीड़ा उन्हें सुना देते। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपदा में जान गंवाने वाले और घायलों, प्रभावितों को लेकर चिंता तक जाहिर करना उन्होंने जरूरी नहीं समझा। लगता है उनकी बैठक सिर्फ और सिर्फ संगठन में पदों की रस्सा कस्सी और एकदूसरे की शिकायतें तक सीमित रही। उन्होंने कांग्रेस प्रभारी के पंचायत चुनावों में बदलाव वाले बयान पर कहा कि जो बामुश्किल 12 में से 1 जिला पंचायत अध्यक्ष सीट जीत पाए हों, उन्हें जनता की भावना को समझना चाहिए। जनता ने बदलाव के संकेत तो हमेशा दिए हैं।

### राज्यपाल ने किया पुस्तक 'फर्स्ट फॉरएवर' का विमोचन

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन देहरादून में श्री एन. जे. यासस्वी के जीवन पर आधारित पुस्तक "फर्स्ट फॉरएवर" का विमोचन किया। यह पुस्तक लेखक वी. पट्टाभि राम और सुधाकर राव द्वारा लिखी गई है।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि "फर्स्ट फॉरएवर" केवल एक जीवनी नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एन. जे. यासस्वी के जीवन और कार्यों का सजीव दस्तावेज है। कार्यक्रम में कौशल किशोर शुक्ल, रीना जोशी, शोभारानी यासस्वी, प्रो. रामकरन, रजिस्ट्रार प्रो. आर. सी रमोला, डॉ. मीना भंडारी सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारीगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सीएम ने सुनी आपदा प्रभावितों की समस्याएं

## उत्तरकाशी बड़कोट के स्यानाचट्टी में आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण

■ प्रभावितों को हर संभव सहायता दिए जाने के अफसरों को निर्देश ■ स्यानाचट्टी में बनी अस्थाई झील को खोलने के कार्यों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जनपद के स्यानाचट्टी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री आपदा प्रभावित लोगों से मिले तथा उनकी समस्याएं सुनकर हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया। स्यानाचट्टी के पास यमुना नदी में गडगाड गदेरे से मलबा आने से यमुना का प्रवाह अवरुद्ध होने के कारण अस्थाई झील निर्मित हुई थी। मुख्यमंत्री ने स्यानाचट्टी में बनी अस्थाई झील का निरीक्षण किया और नदी मार्ग में जमा हुई गाद को हटाने और झील के मुहाने को चौड़ा करके त्वरित जल निकासी बढ़ाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को जल भराव और मलबा आने से स्थानीय लोगों का हुए नुकसान का तत्काल आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवाजाही बाधित होने के कारण आलू की फसल की उचित मूल्य पर खरीद की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कुपड़ा कुंशाला पुल का स्थलीय निरीक्षण कर जल्द से जल्द कार्यदायी संस्था नामित कर निर्माण कार्य शुरू करने और आवाजाही बहाल होने तक वैकल्पिक पैदल मार्ग को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगह जगह भूस्खलन से मार्ग अवरुद्ध होने से बाधित हुई आवाजाही को बहाल किया जाए और यमुनोत्री मार्ग को सुचारू कर यात्रा के लिए जल्द खोला जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा संकट की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ है तथा प्रभावित लोगों को हुए नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस दौरान पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, जिलाध्यक्ष बीज. पी नागेंद्र चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान,गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, कमांडेंट एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, एडीएम मुक्ता मिश्र, एसडीएम बृजेश तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी एवं जनक सिंह पंवार उपस्थित रहे ।

# 117 योग प्रशिक्षितों की शीघ्र होगी तैनाती: डॉ. रावत



■ आगामी 28, 29 व 30 अगस्त को अभ्यर्थियों के होंगे साक्षात्कार ■ कहा, श्रेष्ठता सूची के अनुरूप महाविद्यालयों में आउटसोर्स से मिलेगी तैनाती

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में 117 अस्थाई योग प्रशिक्षितों को शीघ्र तैनाती दी जायेगी। उच्च शिक्षा विभाग ने उक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर आवेदित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु समय सारणी जारी कर दी है। जिसके तहत आगामी 28, 29 एवं 30 अगस्त को दून विश्वविद्यालय परिसर में अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आयोजित किये जायेंगे। इसके उपरांत श्रेष्ठता सूची के अनुरूप अभ्यर्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति दी जायेगी।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ योग में भी प्रशिक्षित किया जायेगा। इसके लिये शीघ्र ही 117 अस्थाई योग प्रशिक्षितों की तैनाती राजकीय महाविद्यालयों में की जायेगी। डॉ. रावत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग ने उक्त पदों पर नियुक्ति को कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के 'रोजागर प्रयाग पोर्टल' पर अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे थे, जिसके क्रम में विभाग ने साक्षात्कार कमेटी गठित कर आवेदित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिसके तहत आगामी 28, 29 व 30 अगस्त को दून विश्वविद्यालय परिसर में अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लिये जायेंगे। विभागीय मंत्री ने बताया कि रोजगार प्रयाग पोर्टल पर उक्त पदों के लिये 640 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 460 लोगों ने ही अपने शैक्षणिक एवं कार्यानुभव प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड़ किये थे। प्रत्येक साक्षात्कार दिवस पर चार पालियों में 50-50 आवेदित योग प्रशिक्षकों का इंटरव्यू लिया जायेगा, जबकि 30 अगस्त को उन अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार में शामिल किया जायेगा जो किसी कारणवश साक्षात्कार देने से रह गये थे। इसके उपरांत आवेदित अभ्यथियों की विभागीय रोस्टर के अनुसार वरियता सूची तैयार की जायेगी और चयनित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा भरे गये विकल्पों के आधार पर आउटसोर्स के माध्यम से विभिन्न महाविद्यालयों में तैनाती दी जायेगी। डॉ. रावत ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ साक्षात्कार आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि योग्य युवाओं को मौका मिल सके।

### हरक सिंह कर रहे असामान्य व्यवहार : जुगरान

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा विगत कुछ दिनों से वह असामान्य व्यवहार कर रहे हैं।अतिरेक उत्तेजना में वे कुछ भी बोल जा रहे हैं, जिसके लिए उन्हें भविष्य में पछताना पड़ सकता है। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि हरक सिंह रावत ने कहा कि वे भाजपा की अंत्येष्टी करने के बाद ही अब माला पहनेगें। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि भारत की ऐसी परम्परा, सोच व दृष्टिकोण कभी नही रहा है। हम अपने दुश्मन के लिए भी ऐसे वक्तव्य नही देते ना ही ऐसी कामना करते हैं। हम युद्ध के मैदान में भी नियमों का पालन व स्वस्थ परम्पराओं का पालन करते हैं।

# एमडीडीए ने नेहरू कॉलोनी में अवैध निर्माण किए सील, चेतावनी जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ अपने सख्त रुख को एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है। प्राधिकरण ने बुधवार को प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत नेहरू कॉलोनी, देहरादून में दो अवैध व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया। यह कार्रवाई उन लोगों के लिए स्पष्ट संदेश है, जो नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण कर रहे हैं।



अभियान के तहत आकाश दीप भारद्वाज एवं अनीता वर्मा द्वारा किए गए अवैध व्यावसायिक निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक अभियंता राजेन्द्र बहुगुणा, अवर अभियंता मुनेश राणा, विजय सिंह एवं सुप. रवाइजर सहित एमडीडीए की पूरी टीम मौके पर मौजूद रही।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ प्रदेशभर में अभियान तेज कर दिया गया है। देहरादून को योजनाबद्ध एवं स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता से अपील है कि वे निर्माण कार्य प्राधिकरण की अनुमति एवं स्वीकृत नक्शे के अनुरूप ही करें। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। एमडीडीए का यह कदम शहर को नियोजित एवं सुरक्षित विकास की दिशा में ले जाने की एक महत्वपूर्ण पहल है।



# सचिव लोनिवि एवं सचिव सिंचाई करेंगे धराली क्षेत्र का दौरा

## मुख्य सचिव ने दोनों सचिवों से वैकल्पिक मार्ग तैयार करने को कहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में प्रदेश में आपदा प्रभावितों क्षेत्रों, विशेषकर धराली आपदा प्रभावितों के लिए राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सचिव आपदा एवं आयुक्त गढ़वाल से धराली में राहत एवं रेस्टोरेशन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने सचिव लोक निर्माण विभाग और सचिव सिंचाई को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के अस्थाई झील में डूबे हिस्से के लिए तत्काल वैकल्पिक मार्ग तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लिए अन्य पैदल और वैकल्पिक मार्गों को भी दुरुस्त किया जाए। उन्होंने सर्च ऑपरेशन्स को निरन्तर जारी रखते हुए नवीनतम तकनीक का उपयोग कर सर्च कार्यों में तेजी लाए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

### फल सब्जी उत्पादकों के लिए समस्या

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग बाधित होने से प्रभावित क्षेघ्त्र के साथ ही उससे आगे के पूरे क्षेत्र में फल एवं सब्जी उत्पादकों को अपने उत्पादों के लिए बाजार की समस्या खड़ी हो गयी है। उन्होंने सचिव कृषि को निर्देश दिए कि उत्तराखण्ड हॉर्टीकल्चर बोर्ड और मंडी परिषद द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में उत्पादों की खरीद सुनिश्चित करायी जाए। साथ ही, जीएमवीएन एवं केएमवीएन के बाजार प्रकोष्ठ को भी सक्रिय कर बाजार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने इन क्षेत्रों में कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

### मृत्यु प्रमाण-पत्र जल्द जारी करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने लापता लोगों के लिए सिविल डेथ के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को भी शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी लापता लोगों (नेपाली मूल के श्रमिक एवं विदेशी पर्यटक) के लिए भी सिविल डेथ के प्रमाणीकरण की निर्धारित प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संपत्ति क्षति मुआवजा का आकलन करने के लिए आधुनिकतम तकनीक और सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग किया जाए। इसके लिए यूकॉस्ट की सहायता से शीघ्र आंकलन किया जाए।

इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव डॉ. सुरेन्द्र नारायण पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन, युगल किशोर पंत, अपर सचिव डॉ. अहमद इकबाल, आनन्द स्वरूप, आशीष चौहान एवं हिमांशु खुराना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रभावितों की आजीविका की कार्ययोजना

**देहरादून।** मुख्य सचिव ने कहा कि प्रभावितों की आजीविका की दिशा में भी कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐप्पल मिशन, कीवी मिशन और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना, होम स्टे जैसी विभिन्न योजनाओं को लेकर प्रभावितों की आजीविका में सहायता के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने आपदा में हुयी पशुधन हानि से सम्बन्धित मुआवजा तत्काल वितरित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने प्रभावित क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल और आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए तत्काल प्रीफैब भवन तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा से लोगों के प्रमाणपत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज भी नष्ट हो गए होंगे।

# स्वास्थ्य केन्द्र चकराता को एम्बुलेंस व डिलीवरी टेबल मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चकराता एवं त्यूनी के निरीक्षण की अनुपालन आख्या में सम्बंध में बैठक कि गई।



■ स्वास्थ्य केन्द्र त्यूनी में अल्ट्रासांउड मशीन को जैम पोर्टल पर कार्य के आदेश

बैठक में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चकराता मे पंजीकारण एवं दवाई वितरण के लिए अलग-2 कांउटर बनाए जाने के लिए दिए गए निर्देश के अनुपालन में प्रीफैब्रीकेटेड कक्ष के लिए आंगणन तैयार कर तकनीकि स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है। इसी सप्ताह कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।चिकित्सा अधीक्षक, के द्वारा मरीजों की भर्ती एंव डिस्चार्ज का समय तथा भर्ती पंजिका मे अंकित करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र, चकराता के चिकित्सालय में दन्त अनुभाग में स्थापित आर०बी०जी० मशीन की मरम्मत की जा चुकी है, एंव मशीन कार्यशील है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकराता के भवन की विद्युत रिवाईरिंग को कराने के लिए आंगणन गठित कर, तकनीकि स्वीकृति प्राप्त करते हुये निविदा आंमत्रित की जा रही है।

स्वास्थ्य केन्द्र चकराता मे छोटे रोगी वाहन की व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी द्वारा 15 लाख मात्र की धनराशि उपलब्ध करायी गयी थी, जिससे रोगी वाहन जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय की गयी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूणी की शैययाओं एवं उपकरणों का रंग-रोगन, टाईलिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा वॉल टाईलिंग का कार्य गतिमान है। स्वास्थ्य केन्द्र, त्यूणी हेतु 15 रूम हीटर एंव 05 इलेक्ट्रिक केतली क्रय कर चिकित्सा इकाई को उपलब्ध करा दी गयी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूणी मे भवन मरम्मत सम्बन्धित कार्यो, यथा शौचालय एंव डिलिवरी एंव पी०एन०सी० कक्ष का आकार बढाये जाने एंव टाईलिंग आदि कार्यों हेतु लोक निर्माण के द्वारा गतिमान है। स्वास्थ्य केन्द्र में कक्ष सेविका एंव स्वच्छक की तैनाती कर दी गयी है, जिनके द्वारा कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर किया जाए प्रेरित : जोशी

## किसान भवन में जैविक उत्पाद परिषद की 26वीं परिषदीय बोर्ड बैठक आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जैविक उत्पाद परिषद के अध्यक्ष गणेश जोशी की अध्यक्षता में किसान भवन देहरादून में राज्य जैविक उत्पाद परिषद की 26वीं परिषदीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में जैविक एवं प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने से संबंधित कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती की परम्परा रही है। किसानों को इस दिशा में प्रोत्साहित किया जाए, ताकि राज्य को प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों के क्षेत्र में राष्ट्रीय



स्तर पर पहचान मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

बैठक का संचालन परिषद के प्रबंध निदेशक ने किया। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष भूपेश उपाध्याय, मनोनीत सदस्य निरंजन डोभाल, गिरीश बलूनी सहित कृषि, उद्यान, रेशम, सगंध पौधा केन्द्र, जड़ी-बूटी केन्द्र, पंतनगर विश्वविद्यालय एवं शासन से नामित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

- उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद द्वारा जैविक खेती के साथ प्राकृतिक खेती पर भी कार्य किये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है।
- उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद का नाम बदलकर उत्तराखण्ड जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद परिषद किए जाने पर सहमति बनी।
- किसानों को उनके जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की उचित मूल्य पर बिक्री सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के चुनिंदा स्थानों पर जैविक/प्राकृतिक मंडियों की स्थापना की जाएगी, जो ई-नाम की तर्ज पर संचालित होंगी।
- प्रक्षेत्रीय गतिविधियों के संचालन हेतु प्रत्येक जनपद में परिषद के कार्मिकों को एक कार्यालय उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी पारित किया।

pnb पंजाब नैशनल बैंक

एस ए एम बी शाखा,
चतुर्थ तल, भीकाजी कामा प्लेस,
नई दिल्ली 110066 ईमेल आईडी: zs8343@pnb.co.in

शुद्धिपत्र

कृपया दिनांक 17.08.2025 को पृष्ठ-12 पर प्रकाशित कब्जा सूचना दिनांक 11.08.2025 का संदर्भ लें, जो खाता मैसर्स श्री जी एग्रो फूड्स के संबंध में है। इस नोटिस में हिन्दी अनुवाद में कुछ त्रुटि पायी गई जिन्हे निम्नवत ठीक प्रकार से पढ़ा जाए।
1. अमेरिका नगर को यू.एस. नगर (उधम सिंह नगर) पढ़ा जाए
2. श्रीगी एग्रो को श्री जी पढ़ा जाए।
3. जिला गंवर को जिल्द गंवर पढ़ा जाए।
अन्य विवरण यथावत रहेंगे।

दिनांक: 27.08.2025, स्थान: सितारगंज
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# जेब काटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## दो गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बाइक व चोरी किए रुपये पर्स बरामद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** तेरह दिन पूर्व हुए एक आयोजन में लोगों की जेब काटने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी किये गये पर्स व अन्य सामान बरामद किया है। तेज बहादुर गुप्ता द्वारा कोतवाली तहरीर देकर कहा गया था कि 14.08.25 को अनन्या रेजीडेन्सी काशीपुर में विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोरों द्वारा उनकी एवं उनके साथियों की जेब काटकर पर्स चोरी किये गये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच करते हुए अनन्या रेजीडेन्सी मे लगे सीसीटीवी कैमरों का गहराई से अवलोकन कर संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर करीब 300 सीसीटीवी कैमरे चैक किये। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर विगत दिवस नौगजा मजार काशीपुर से फरियाद हुसैन पुत्र मोहम्मद इश्तयाक हुसैन निवासी मोहल्ला जुल्हान, वार्ड नं. 07, थाना जसपुर व



अमित सैनी पुत्र महावीर सिंह निवासी मोहल्ला बाड़वान, धामपुर को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक बाइक व चोरी किये गये आधार कार्ड भूरे रंग का पर्स काले रगं का पर्स व 1000/ रुपये नकद बरामद किये गये है। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बृद्धि की गई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि अमित सैनी व फरियाद हुसैन अपने अन्य साथी हचकी, शिवम, समीर, रजी, राजू उर्फ डाक्टर व अरमान के साथ भीड़ में भोजन कक्ष में गये जहां भोजन के लिये प्लेट उठाते समय धक्की मुक्की करते हुये तेजबहादुर व अन्य लोगों की जेब से रुपये पर्स आदि सामान चोरी कर वापस चले गये। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमित सैनी का बड़ा अपरा. धिक इतिहास है। इसके विद्युत थाना धामपुर आठ मुकदमे दर्ज हैं, जबकि फरियाद हुसैन के विरूद्ध जसपुर थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं। बताया गया कि इनका गैंग लीडर शिवम है, जबकि गैंग के अन्य सदस्यों में शिवम, हचकी, राजू उर्फ डाक्टर, समीर, रजी, अरमान शामिल हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कौशल भाकुनी, गिरीश चंद्र, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश बोरा, आरक्षी प्रेम कनवाल (मुख्य भूमिका) आरक्षी गिरीश मठपाल शामिल रहे।

# कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटाबाग।** बुधवार को कोटाबाग ब्लॉक के ग्राम सभा पतलिया में ग्राम प्रधान भावना तिवारी एवं पूर्व प्रधान दीपचंद तिवारी ने द्वारा ग्राम सभा में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम सभा के एक व्यक्ति कमल बो. हरा द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी छवि धूमिल करने एवं अनरगल आरोप लगाने की बात कही। पूर्व प्रधान दीपचंद तिवारी ने मीडिया के माध्यम से कहा कि कमल बोहरा सोशल मीडिया के माध्यम से उनके और उनके परिवार की छवि को धूमिल कर रहे हैं, वह जो आरोप लगा रहे हैं वह उसकी जांच के लिए तैयार है। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से बिना किसी जांच के छवि धूमिल करने पर उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। वहीं वर्तमान ग्राम प्रधान भावना तिवारी ने कमल बोहरा द्वारा मानसिक उत्पीड़न एवं छवि धूमिल करने पर कमल बोहरा के खिलाफ कानूनी शिकायत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर उनके पति या उनके परिवार पर किसी भी तरीके का मानसिक उत्पन्न होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी कमल बो. हरा की होगी। वहीं बैठक में उपस्थित पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंदन लाल साह के बताया कि जिस व्यक्ति कमल बोहरा द्वारा जो शिकायत की गई है वह पूर्व कार्यकाल की है। अगर प्रधान दीपचंद तिवारी द्वारा किसी भी प्रकार का गलत कार्य ग्राम सभा में किया तो उनके कार्यकाल में समस्या क्यों नहीं उठाई गई। पतलिया ग्राम सभा के समस्त क्षेत्रवासियों ने दीप चंद्र तिवारी को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य तरुण कुमार, पूर्व पंचायत सदस्य कुंदन लाल शाह, वार्ड सदस्य कमलेश अघरिया, महेंद्र अधिकारी, पंकज चौकडायत, प्रीतम सिंह, समाज सेवक यशपाल आर्या, गोपाल रौतेला, दान सिहं, आनंद सिंह, महेंद्र पाल, कमल, किशोर, हीरा राम, दीपक कुमार, विनोद शर्मा, श्यामा देवी, हंसी देवी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिरूड़ पंचमी से सांतू-आंठू पर्व का आगाज़

**हल्द्वानी।** कुमाऊं की सांस्कृतिक पहचान बना लोकपर्व सांतू-आंठू इस वर्ष 29 अगस्त गुरुवार बिरूड़ पंचमी से प्रारंभ हो जाएगा। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पंचमी को ऋषि पंचमी अथवा बिरूड़ा पंचमी के रूप में मनाया जाता है। गुरुवार को सुहागिन महिलाएं शुभ मुहूर्त में ताम्र पात्र में पांच प्रकार के अनाज बिरूड़ भिगोकर, दीप प्रज्वलित कर, अपने आराध्य देवताओं की पूजा कर व्रत की तैयारियों की शुरुआत करेंगी। शनिवार 31 अगस्त को इन भिगोए गए बिरूड़ों को किसी जल स्रोत या नौले पर ले जाकर विधिवत धोया जाएगा, जिसके साथ ही पारंपरिक सांतू-आंठू पर्व का विधिवत शुभारंभ हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार 30 अगस्त शुक्रवार को अमुक्तोभरण सप्तमी सांतू मनाई जाएगी। इस दिन महिलाएं अपनी दाहिनी बांह में सप्तग्रंथि डोरक सात गांठ की डोरी बांधती हैं। 31 अगस्त रविवार को दूर्वाष्टमी, नंदाष्टमी और राधाष्टमी आंठू का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं श्रद्धा भाव से गौरा और महेश्वर की पूजा करेंगी। पूजा में पहले से भिगोया गया बिरूड़ प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। पूजा उपरांत, शुभ मुहूर्त में गौरा-महेश्वर की मूर्तियों का विसर्जन भी पारंपरिक विधि से किया जाएगा।

### रामनगर रोड पर गड्ढे भरने का काम शुरू

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली के प्रयासों के चलते बरसात के कारण टूटी रामनगर रोड पर गड्ढों के भरने का कार्य शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि भारी बारिश के चलते रामनगर रोड पर गहरे गहरे गड्ढे हो गए जिस कारण उस पर चलना दुश्वार हो गया है। आए दिन लोगों को काफी परेशानियों को झेलना पड़ता है और दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। इधर से गुजरने वाली जनता और पर्यटकों की परेशानी को देखते हुए माहापौर दीपक बाली ने एनएच के हल्द्वानी कार्यालय को पत्र लिखकर रामनगर रोड पर हुए गड्ढे भरवाने का अनुरोध किया था जिस पर विभाग ने कार्यवाही करते हुए गड्ढो के भरवाने का काम शुरू कर दिया है ताकि जनता को कुछ राहत मिल सके। महापौर दीपक बाली ने कहा कि बरसातों के बाद इस सड़क को दुरुस्त कराया जाएगा ताकि इस रोड से गुजरने वाली क्षेत्र की जनता और आने जाने वाले पर्यटकों को भी कोई दिक्कत ना हो।

### आपदा प्रभावितों तक पहुंचा मुआवजा

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन बागेश्वर द्वारा मानसून अवधि के दौरान आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत राशि पहुंचाई गई। गरुड़ तहसीलदार निशा रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अगस्त 2025 तक गरुड़ क्षेत्रान्तर्गत आपदा प्रभावित 72 परिवारों को कुल 6.91 लाख की आर्थिक सहायता वितरित की जा चुकी है। वहीं राहत कार्यों के अंतर्गत अब तक 20 राशन किट और 12 तिरपाल भी जरूरतमंदों को वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा लगातार आपदा-ग्रस्त गांवों का दौरा किया जा रहा है। खतरे की जद में आए आवासीय भवनों में निवास कर रहे परिवारों को सूचित कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। वहीं 46 विभागीय संपत्तियों को नुकसान पहुँचा है।

### एनएसयूआई प्रदेश सचिव बने नितिन खुल्बे

**हल्द्वानी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और संगठनात्मक योगदान को ध्यान में रखते हुए प्रदेश



अध्यक्ष विकास नेगी व राष्ट्रीय सचिव एवं एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी सौरभ यादव ने नितिन खुल्बे को उत्तराखंड प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। नवनियुक्त सचिव नितिन खुल्बे से यह अपेक्षा की गई है कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं प्रदेश प्रभारी सौरभ यादव की भावनाओं के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को उत्तराखंड में और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाएंगे। नितिन खुल्बे के प्रदेश सचिव बनने पर विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, नंदन चौधरी, मनोज खुल्बे, भुवन बहुगुणा, दीप पाठक, विजय सारस्वत, सुमित्तर भुल्लर, राजेन्द्र खनवाल, भोलादत्त भट्ट, ललित जोशी, राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी ने बधाई दी।

### आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय के नगर क्षेत्र गोलनाकरड़िया में आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दरअसल, लंबे समय से गोलनाकरड़िया, चीनाखान व गणेशीगैर आदि क्षेत्रों में गुलदार की धमक से लोगों में दहशत थी। शाम होते ही गुलदार की चहलकदमी दिखाई देने लगी थी। दहशत में आए लोगों ने वन विभाग से गश्त करने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की थी। कुछ दिन पूर्व ही यहां पिंजरा लगाया गया था। बुधवार सुबह गुलदार पिंजरे में फंस गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, पिंजरे में कैद हुए गुलदार को रेस्क्यू सेंटर पहुंचा दिया गया है। मौके पर अनुभाग अधिकारी अमित भैसोड़ा, वन दरोगा भास्कर नाथ महंत, ऋषभ सेमवाल, नीरज नेगी, मनोज जोशी आदि मौजूद रहे। नगर समेत आस-पास के कई क्षेत्रों में अभी भी गुलदार की दहशत बरकरार है। नगर के खत्याड़ी, दुगालखोला, खोल्टा, चीनाखान, बख समेत नगर से लगे ग्रामीणों इलाकों में गुलदार रिहायशी इलाकों की ओर रुख करता सीसीटीवी में कैद हो रहा है।

# श्री गणेश महोत्सव का रंगारंग आगाज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में गणेश चतुर्थी धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बागनाथ मंदिर परिसर, बिलौनासेरा व गरुड़ में गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। बुधवार को बिलौनासेरा में दस दिनों तक आयोजित होने वाला गणेश महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया है। महिलाओं ने समण गोलू मंदिर से भगवती मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। मुख्य यजमान पूरन सिंह, पंडित भुवन कांडपाल, गोपाल सिंह गढ़िया, विक्की सुयाल, हरीश सुयाल, गोविंद सुयाल, लक्ष्मण सिंह, कैलाश गढ़िया, राजा सुयाल, भूपेंद्र घनौला, हेमचंद जोशी, सुंदर, ललित सिंह, गंगा नेगी, नीरू थापा, रेखा घनौला आदि रहे। वहीं बागनाथ मंदिर में आयोजित गणेश महोत्सव का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल और पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने किया। पूजा अर्चना के बाद गणेश भगवान के दर्शन को भक्त पहुंच रहे हैं। इस दौरान गणेश जोशी, गीता रावल, कवि जोशी, उमेश लाल साह, हरीश वर्मा, संजय वर्मा, पारस वर्मा मनोज वर्मा आदि थे। उधर, गरुड़ में श्रीराम मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के साथ गणेश महोत्सव प्रारंभ हो गया है। यहां ब्लाक प्रमुख किशन बोरा, जिपंस जनार्दन लोहुमी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, सभासद अंकित जोशी, प्रदीप गुरुरानी, मो. निका वर्मा, दयाल गिरी गोस्वामी, व्यापार संघ अध्यक्ष महेश बिष्ट ठाकुर, दीवान नेगी, लक्ष्मी दत्त पांडे, कैलाश चंद्र जोशी, हिमांशु तिवारी आदि उपस्थित थे।

# गन्ने में लगने वाली बीमारियों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** गन्ना विकास विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा रेड रॉट सहित अन्य कीट एवं रोगों की रोकथाम के संबंध में अपर गन्ना एवं चीनी आयुक्त चन्द्र सिंह इमलाल की अध्यक्षता में समस्त सहायक गन्ना आयुक्तगण, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकगण तथा गन्ना वैज्ञानिकों की एक बैठक वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से आहूत की गई। बैठक में अपर आयुक्त द्वारा जोन स्तर पर रेड रॉट सहित गन्ने में लगने वाले अन्य कीट एवं रोगों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। गन्ना वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार एवं सिद्धार्थ कश्यप ने कृषकों को गन्ना फसल में लगने वाले प्रमुख रोग एवं कीटों की पहचान तथा उनकी रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानक. ारी प्रदान की। डा. संजय कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में गन्ना फसल में रेड रॉट रोग का प्रकोप दृष्टिगत हो रहा है, जो गन्ना उत्पादन के लिए अत्यन्त हानिकारक है। जहां भी इस रोग के लक्षण दिखाई दें, वहां प्रभावित पौधों को तुरंत उखाड़कर नष्ट कर दिया जाए। इसके लिए दवा का छिड़काव की भी जानकारी दी। साथ ही कृषकों को यह भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई कि खेतों में जलभराव की स्थिति से बचें, क्योंकि जलभराव की दशा में रेड सेंट का प्रसार और अधिक तेजी से होता है। बैठक में प्रचार एवं जनसम्पर्क अधिकारी नीलेश कुमार तथा वीसी के माध्यम से समस्त सहायक गन्ना आयुक्तगण एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

# विराजमान हुए गणपति महाराज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर में विभिन्न स्थानों पर गणपति प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, स्थापना से पूर्व गणपति प्रतिमाओं को धूमधाम से नगर परिक्रमा भी कराई गयी।

मोहल्ला कटरामालियान वार्ड नंबर 19 में नई सब्जी मंडी के निकट मंडी के सम्राट श्री गणेश जी की प्रतिमा पूरे विधि विधान से मुख्य अजमान पार्षद शिवांश गोले प्रजापति व कैलाश चंद्र प्रजापति एडवोकेट द्वारा स्थापित की गई। गणेश महोत्सव में भगवान गणेश जी के सुंदर-सुंदर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यहां गणपति विसर्जन शनिवार, 6 सितम्बर को गर्जिया मंदिर कोसी पर होगा। इस अवसर पर पूर्व सभासद प्रकाश प्रजा.



पति, अरुण वर्मा, रजत प्रजापति, राजीव प्रजापति एडवोकेट, वंश ठाकुर, ललित प्रजापति, अभिषेक सैनी, ललित कुमार, संजू सैनी, प्रिंस कश्यप, प्रदुम्न कुमार आदि भक्तजन मौजूद रहे। उधर श्री गंगे बाबा मंदिर पर गणपति प्रतिमा की स्थापना पूरे विधिविधान से की गई। यहां रात्रि में प्रतिदिन वृंदावन के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतिमा का विजर्सन 6 सितम्बर को होगा तथा विशाल भण्डारा 9 सिम्बर, मंगलवार को होगा। इनके अलावा भी नगर में अन्य स्थानों पर गणपति प्रतिमाओं की स्थापना पूरे विधिविधान से की गई। चारों तरफ गणपति बप्पा मोरिया की धूम मची है।

# दिल्ली में सुपरहिट गीत 'सुवा प्रतापा' की गूंज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिल्ली में आयोजित तेरहवें यंग उत्तराखंड सिने अवॉर्ड्स (वाईयूसीए) 2025 में हल्द्वानी के चर्चित संगीतकार नितेश बिष्ट को सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक के सम्मान से नवाज़ा गया। उन्हें यह पुरस्कार उनके सुपरहिट गीत सुवा प्रतापा के लिए प्रदान किया गया है, जिसे लोकगायक संदीप सोनू और राधा द्विवेदी ने स्वरबद्ध किया है। यह गीत अब तक 95 लाख से अधिक दर्शकों की पसंद बन चुका है। नितेश बिष्ट के लिए यह



उपलब्धि विशेष है, क्योंकि यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें यूका सम्मान मिला है। वर्ष 2024 में उन्हें गीत उदासा के लिए भी सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का अवॉर्ड प्रदान किया गया था। उत्तराखंड के अल्मोड़ा ज़िले के ठाट (लमगड़ा) गांव से निकलकर नितेश ने मुंबई के फिल्म जगत तक का प्रेरणादायक सफ़र तय किया है और उत्तराखंड संगीत की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर सफलतापूर्वक पहुंचाया है। नितेश ने बॉलीवुड के चर्चित संगीतकार राम संपत के साथ रईस, रमन राघव 2.0, भूतनाथ रिटर्न्स और पुरानी जीन्स जैसी फिल्मों में बतौर साउंड इंजीनियर और म्यूजिक मिक्सिंग एक्सपर्ट काम किया है। इसके साथ ही फिल्म रईस के मशहूर गीत (लैला मैं लैला) में योगदान के लिए उन्हें भारतीय रिकॉर्डिंग कला अकादमी द्वारा ध्वनि इंजीनियरिंग में आशाजनक प्रतिभा अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। नितेश बिष्ट ने नैननाथ रावल, प्रह्लाद मेहरा, पप्पू कार्की, दीवान कनवाल, माया उपाध्याय और मीना राणा जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया है।

# बिजली कटौती पर भड़के लोग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** दन्या समेत जागेश्वर क्षेत्र में बिजली कटौती पर लोगों का



आक्रोश भड़क गया है। बुधवार को नाराज लोगों ने ऊर्जा निगम का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। मामले को लेकर तहसीलदार के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि जागेश्वर समेत दन्या क्षेत्र में लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों समेत व्यापारियों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि कई बार मामले को लेकर ऊर्जा निगम के अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों ने चेतावनी दी कि जल्द व्यवस्था को नहीं सुधारा गया तो समस्त प्रभावित ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदार विभाग की होगी। यहां दयाल पांडे, हिमांशु भट्ट, नाथु भट्ट, दिनेश भट्ट, विजय कुमार, हरिमोहन भट्ट, राजकुमार, गुलशन कुमार, भगवान भट्ट, गिरीश भट्ट, बबलू प्रसाद, राहुल प्रसाद, नारायण दत्त भट्ट मौजूद रहे।

# धामी करेंगे नंदा देवी मेले का शुभारंभ

## सांस्कृतिक नगरी में सात दिवसीय नंदाष्टमी महोत्सव आज से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में प्रसिद्ध सात दिवसीय नंदाष्टमी मेला गुरुवार यानि आज से शुरू होगा। सुबह मंदिर में गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू होंगे। वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मेले का शुभारंभ करेंगे। ऐतिहा. सिक नंदादेवी मंदिर मेला समिति की ओर से मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

मंदिर परिसर में प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्था की गई है। वहीं, मेले को इस बार भव्य रूप देने के लिए जोरशोर से तैयारियां की गई है। आज गुरुवार को मेले के पहले दिन



सुबह 7.30 बजे गणेश पूजन और जागर का शुभारंभ होगा। जिसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। वहीं, चंद वंशज परिवार समेत मेले में भागीदारी के साथ पूजा अर्चना करेंगे। जबकि शाम सात बजे एडम्स इंटर कॉलेज के मैदान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देगें। इधर, ऐतिहासिक नंदा देवी मेले को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मेले में सीएम के कार्यक्रम को देखते हुए बुधवार को डीएम आलोक कुमार पांडेय ने मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए भैरव मंदिर के पास पार्किंग को संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ व नगर आयुक्त रामजी शरण शर्मा, मेयर अजय वर्मा, एसडीएम सदर संजय कुमार, सीओ गोपाल दत्त जोशी, सह नगर आयुक्त लक्ष्मण सिंह भंडारी, अमित साह, धर्मेंद्र बिष्ट, अर्जुन सिंह बिष्ट, अभिषेक जोशी आदि मौजूद रहे।

### नगर की सुरक्षा व्यवस्था होगी चाक-चौबंद

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी की सुरक्षा व्यवस्था अब और मजबूत होगी। जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर 50 नए सीसीटीवी लगाने का कार्य पूरा हो गया है। जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर तीसरी आंख से नजर रखी जाती है। लेकिन कई स्थानों पर यह तीसरी आंख खराब हो चुकी है। कई स्थानों पर काफी पूराने सीसीटीवी लगे हैं। इससे कई बार आपराधिक घटना में आरोपितों को पकड़ने में पुलिस को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। लेकिन इन सभी समस्याओं से निजात मिलेगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुख्यालय में 50 नए सीसीटीवी लगाने का काम पूरा हो गया है। सीसीटीवी लग जाने से घटनाओं की निगरानी करने और अपराधियों की पहचान करने में आसानी होगी।

# प्रधान, सदस्यों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले के तीनों ब्लाक खंडों में बुधवार को खंड विकास अधिक. ारयों द्वारा नव निर्वाचित ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों को पद एवं गोप. नीयता की शपथ दिलाई। विकास खंड बागेश्वर के ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी ने सभी प्रधानों व सदस्यों को शपथ दिलाई। वही कपकोट में खंड विकास अधिकारी ख्याली राम ने पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई। उधर गरूड़ विकास खंड में प्रभारी खंड विकास अधिकारी बी बी जोशी ने प्रधानों व वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई। गरुड़ ब्लाक में शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने सभी नव निर्वाचित प्रधानों व सदस्यों को संबो. धित करते हुए कहा कि सभी नव नियुक्त प्रधान व सदस्य प्रदेश सरकार की कार्य योजनाओं के साथ साथ ग्राम पंचायतों में विकास के अभूतपूर्व कार्य मिल कर किए जाएंगे। मंत्री बिष्ट ने कहा कि गांव की पंचायत ही देश की राजनीति व सरकारों का चयन करती है, इस लिए सभी को एकजुट होकर, गांव क्षेत्र, जिला, प्रदेश व राष्ट्र को आगे बढ़ाने में अपनी योगदान देना है। इस मौके पर नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहनी, जेष्ठ प्रमुख नन्दन थापा, कनिष्ठ प्रमुख भावना खुल्बे, मंगल राणा, वार्ड सदस्यों, खण्ड विकास अधिकारी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रहे। वही कपकोट विकास खंड में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने संबोधित करते हुए कहा कि विधि द्वारा स्थित पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने के बाद हम सभी का दायित्व अपने गांव क्षेत्र, जिला, प्रदेश, व देश का विकास करना होता है। इस लिए सभी नव निर्वाचित पदा. धिकारी केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। नई ऊर्जा के साथ काम करने की बात कही। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह शाही, नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख भावना शाही, हरीश ऐठानी, विनोद ऐठानी, गीता ऐठानी, प्रमोद कुमार, हरीश मेहरा, सहित दर्जनों ग्राम प्रधान व सदस्य मौजूद थे।

# उपेक्षा पर जन आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव में आठ सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन



दसवें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी जिला प्रशासन और वन विभाग ने अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की है, जिससे गांववासियों में गहरा रोष व्याप्त है। जनता ने सरकार की उपेक्षात्मक रवैये के खिलाफ जन संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया है। डा. कैलाश पांडेय ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार गरीबों को उजाड़ने और बुलडोजर चलाने की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बागजाला के लोगों ने अब तक जो एकता और संगठन दिखाया है, उसे और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने मालिकाना हक की इस लड़ाई को दीर्घकालिक संघर्ष बताते हुए कहा कि इसके लिए धैर्य, एकता और संकल्प जरूरी है। धरने में विमला देवी, वेद प्रकाश, हेमा देवी, प्रेम सिंह नयाल, दीवान सिंह बर्गली, परवेज अंसारी, किरन प्रजापति, मीना भट्ट, किशन बघरी, चन्दन सिंह मटियाली, सुलेमान मलिक, मो.यासीन, जहूर अहमद, दौलत सिंह, सोहन लाल, रियासत अली, अंबा दत्त पांडे मौजूद रहे।

# ऐपन कला प्रशिक्षण प्रारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ग्राम पंचायत मानपुर, काशीपुर में जिला उद्योग केंद्र एवं निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में ऐपन कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। पारंपरिक उत्तराखंडी लोककला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू चौधरी, जिला उद्योग केंद्र काशीपुर डिज़ाइन सेंटर प्रभारी कुमकुम, पूर्व महाप्र. बंधक योगेश चंद्र पांडे, संस्था निद. ेशक एसके भटनागर, भाजपा ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष विमला आर्या, परिवर्तन महिला सीएलएफ अध्यक्ष काजल आर्या, ग्राम प्रधान विनीता चौधरी तथा कोषाध्यक्ष माया किरण पांडे विशेष रूप से मौजूद रहे। महिलाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान कुमकुम और योगेश चंद्र पांडे ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की। एसके भटनागर ने बताया कि ऐपन कला उत्तराखंड की एक समृद्ध परंपरा है, और इसका प्रशिक्षण महिलाओं को न केवल स्वरोजगार के अवसर देगा, बल्कि उन्हें मेलों और बाजारों से भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में संस्था के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दुष्यंत सिंह, मास्टर ट्रेनर मंजू राणा, डोली और नीमा ठाकुर की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में कुल 40 स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने ऐपन कला के प्रति रुचि और सीखने का उत्साह दिखाया। सभी अतिथियों ने जिला उद्योग केंद्र और निर्मला संस्था के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता बताई।

# कोटाबाग में प्रधानों की शपथ में दिखी अव्यवस्थाएं



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** बुधवार को कोटाबाग में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुने गए ग्राम प्रधान व मेंबरों की शपथ होनी थी जिसमें अवस्थाओं का बोल बाला दिखाई दिया इस दौरान ग्राम प्रधान वार्ड मेंबर पीने के पानी के लिए भी इधर उधर भटकते दिखाए दिए कोटाबाग ब्लॉक में 55 ग्राम प्रधान व उनके मेंबरों की शपथ होनी थी जिसमें 22 ही ग्राम प्रधान अपने मेंबरों के साथ ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे जिनको कोटाबाग खण्ड विकास अधिकारी स्वेता सैनी ने सभी को शपथ दिलाई इस दौरान शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे प्रधानों को पीने तक का पानी भी नसीब नहीं हुई जिससे प्रधान मेंबर ब्लॉक के द्वारा की गई व्यवस्था से नाखुश दिखाए दिए। इस दौरान आंवला कोट प्रधान नेहा ममता वर्मा, राजेंद्र कार्की, मनोज कुमार, प्रेमा बजवाल, महेश कांडपाल, कुल. वीर सिंह सहित दर्जनों प्रधान व मेंबर मौजूद रहे।

### बचाव के बताए तरीके

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देश पर बुधवार को अल्मोड़ा पुलिस की ओर से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कार्यालय कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न जानकारियां दी। साइबर अपराध से बचाव के तरीके भी बताए।

**सूचना: नाम परिवर्तन**

मैं प्रिया छिम्वाल पुत्री मुकेश छिम्वाल ग्राम पोस्ट-बैलपड़ाव, तहसील-कालाढूंगी, जिला-नैनीताल की स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड संख्या 948059593715 है। मेरा नाम प्रियंका व जन्मतिथि। 17-8-2008 आधार संख्या में अंकित हो गई, जबकि वास्तव में मेरा नाम प्रिया छिम्वाल व जन्मतिथि 17-8-2007 है।

# नैनीताल में नंदा देवी महोत्सव आज से

## 30 से ज्यादा सीसीटीवी की निगरानी में होगा महोत्सव, पुलिस रहेगी चौकस



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल में वीरवार (आज) से शुरु होने जा रहे मां नंदा देवी महोत्सव को लेकर पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेले में नजर रखने व सुरक्षा के लिये पुलिस की ओर से फोर्स की साथ ही 30 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं ताकि अराजक तत्वों व संदिग्धों पर कंट्रोल रूम से ही नजर रखी जा सके। वहीं दुकानों में अग्निशामक यंत्र लनाने के भी निर्देश दिए हैं। मेला क्षेत्र को कैमरों से लैस कर दिया जाएगा। मेले के लिए एंट्री करने वाले गेटों से लेकर हर गली में व मंदिर तक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। स्क्रीन मेला कंट्रोल रूम में लगाई जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम से क्षेत्र में होने वाली गतिविधि पर नजर रखेगी। एसपी अपराध व यातायात डा. जगदीश चन्द्रा ने बताया कि मेले में नजर रखने के लिए 30 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिनसे पूरे मेला क्षेत्र में नजर रखी जा सकेगी। साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मी मेले में घूमकर संदिग्धों व अराजक तत्वों पर नजर रखेंगे। मेले के दौरान दुकानों की सुरक्षा के लिए अग्निशामक यंत्र स्थाापित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसकी जांच के लिए अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया गया है। दमकल की टीम को हाइड्रेंट व उनके उपकरणों को जांच करने के भी निर्देश दे दिए गए हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस व प्रशासन की ओर से पालिका, श्री राम सेवक सभा व ठेकेदारों के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा भी की है। एसपी डा. जगदीश चन्द्रा ने बताया कि मेले के दौरान बाहरी लोग दुकान लगाकर कारोबार करते हैं जिनको सत्यापन कराना जरूरी है। पुलिस के पास जानकारी हो कि कितने लोग बाहर से नैनीताल में मेले के दौरान दुकानें लगाने आये हैं। सत्यापन कराने को लेकर ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है। सत्यापन न मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### दुकान आवंटन को लेकर दुकानदारों-ठेकेदार में नोकझोंक



**नैनीताल।** मां नंदा देवी महोत्सव की तैयारियों के बीच मेला क्षेत्र में दुकानों के आवंटन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि मेले की दुकानों को निर्धारित दर से अधिक पर बेचा जा रहा है। टेंडर नियमों के अनुसार कोई भी दुकान 30 हजार रुपये से अधिक पर आवंटित नहीं की जा सकती लेकिन ठेकेदार द्वारा 45 से 50 हजार रुपये तक दुकानों की बोली लगाई जा रही है। इसको लेकर मेला क्षेत्र में दुकानदारों और ठेकेदार के बीच जमकर नोकझोंक हुई। करीब एक घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही। मामला बढ़ता देख नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत कई सभासद मौके पर पहुंचे और दुकानदारों की शिकायतें सुनीं। पालिकाध्यक्ष ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह मेला समिति और पालिका द्वारा तय किए गए नियमों का पालन करे। विवाद के दौरान दुकानदारों ने कहा कि हर साल नंदा देवी मेला उनके व्यापार का सबसे बड़ा अवसर होता हैए लेकिन इस बार ठेकेदार की मनमानी से उनकी कमाई प्रभावित हो रही है। हम छोटे व्यापारी हैं 50 हजार रुपये में दुकान लेने के बाद मुनाफा कैसे कमा पाएंगे। पालिका को खुद दुकानों का आवंटन करना चाहिए, तभी पारदर्शिता आ पाएगी। अध्यक्ष ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि इस बार किसी भी दुकान को 30 हजार रुपये से अधिक पर आवंटित नहीं किया जाएगा। साथ ही ठेकेदार को चेतावनी दी गई कि यदि उसने नियमों का उल्लंघन किया तो अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा।

# नगर की समस्याओं को लेकर ईई को लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने नगर की ज्वलंत समस्याओं का समाधान नहीं होने पर रोष जताया है। चौधरी के मुताबिक वर्तमान में शहर के विभिन्न स्थानों का सौन्दर्याकरण का कार्य गतिमान है, जिसमें अनेक चौराहों का चौरीकरण, स्थानीय मार्गो का पुर्ननिर्माण, पार्को सुन्दरीकरण का इत्यादि सम्मिलित हैं। इसी क्रम में जनहित संस्था नैनीताल मल्लीताल में पुराना घोड़ा स्टैण्ड से लेकर आर्य समाज मन्दिर के सामने मुख्य मार्ग पर बने पुरानी पैराफिट सिमेन्टेड रेलिंग की जीर्णशीर्ण स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहना है कि उक्त रैलिंग जो कि पूर्व स्थित अशोक सिनेमा हाल के पीछे दीवार के उपर बनी काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में है। इस रैलिंग (पैराफिट) पर समय-समय पर देखा गया है कि कुछ शराबी व्यक्ति भी सोते हुए पाए जाते हैं। इसी पैरामिट के किनारे विभिन्न वाहन भी कुछ समय के लिए खड़े पाए जाते हैं जिससे स्थानीय पैदल चल रहे लोगों को काफी असुविधा होती है और मुख्य मार्ग होने कारण दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। कहा कि अन्य स्थानों की भांति इस पैराफिट रेलिंग का पुर्ननिर्माण व सुरक्षात्मक लोहे की रेलिंग लगाए जाने के कार्य को भी सौंदर्यकरण कार्यक्रम के साथ सम्मिलित करते हुए निर्माण कार्य किया जाए ताकि अशोक टाकीज के पीछे की ओर गहरी दीवार की ओर किसी व्यक्ति के गिरने की दुर्घटना होने की सम्भावना ना रहें, साथ ही मल्लीताल स्थित मुख्य बाजार को जाने वाला मुख्य मार्ग सौंदर्याकरण के साथ सुन्दर भी लग सके। मामले में चौधरी ने लोनिवि के ईई को भी पत्र लिखा है।

# मिशन नव शिखर से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ी कुमायूं पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमायूं परिक्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ आधुनिक और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल की पहल पर मिशन नव शिखर नई ऊँचाइयों की ओर अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभिनव अभियान के तहत परिक्षेत्र के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जिनमें एसएसपी से लेकर पुलिस उपाधीक्षक तक शामिल हैं, सभी अधिकारियों विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अध्ययन, विश्लेषण और समाधान प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी अधिकारियों द्वारा सौंपे गए दायित्वों पर की गई प्रगति



की समीक्षा माह अगस्त के अंत तक की जायेगी। जिसके बाद माह अक्टूबर के अंत तक विस्तृत कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण कुमाऊं परिक्षेत्र के समस्त अधिकारियों के समक्ष किया जायेगा। जिससे नए विचार व सुझाव भी प्राप्त हो सकें। आईजी ने मिशन नवशिवर अभियान के तहत 22 महत्वपूर्ण विषयों की पहचान की गई है, जिनमें यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, फॉरेंसिक क्षमता, साइबर अपराध, नशा तस्करी, सीमावर्ती समस्याएं, वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सीसीटीवी नेटवर्क, आतंकवाद नियंत्रण, आपदा प्रबंधन और नए आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण जैसे विषय शामिल हैं। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया, मिशन नव शिखर का उद्देश्य पुलिसिंग में नवाचार लाना है। हम जनता के विश्वास को और मजबूत करना चाहते हैं, ताकि हर नागरिक सुरक्षित और संरक्षित महसूस करे।

# एलआईसी ने किया पौधारोपण

**नैनीताल।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नैनीताल के कर्मचारियों ने बुधवार नगर की सर्वाधिक ऊंचीचोटी नयना पीक में पौंधरोपण किया। बांज, सुरई, पुतली व पागढ़ समेत कई अन्य प्रजाति के पौंध रोपे। शाखा प्रबंधक जितेन्द्र दसोंनी ने इस मौके पर कहा कि नयना पीक की चोटी की सुरक्षा के लिहाज से हरा भरा बनाना जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर इस क्षेत्र में पौंध रोपण किए गए। पौंध रोपण कार्यक्रम में वन विभाग के बीट अधिकारी संतोष जोशी, विमला राठौर, रविकांत राजू, हेम कांडपाल, विजय पंत, गिरधर ढैला, दीपक पांडे, मनीष कुमार, विनोद पंत, बालम सिंह, शैलेन्द्र जोशी व मोहित शामिल रहे।

# 20 घंटे बाद बरामद हुआ युवक का शव

## मंगलवार को नहर में गिर गया था मुरादाबाद से बहन के घर आया था रवि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते मंगलवार की दोपहर सिंचाई नहर में गिरे युवक की लाश 20 घंटे बाद आज बुधवार की सुबह घटना स्थल से पांच किलोमीटर दूर मुखानी चौराहे के पास बरामद हुई। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर उसका पंचनामा भर मोर्चरी भेज दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से मुरादाबाद के कांठ का रहने वाला रवि कुमार उर्फ मोनू (40) इन्द्रानगर काठगोदाम स्थित अपनी बहन मंजू लता और जीजा प्रदीप के साथ रह रहा था। बताया जा



रहा कि रवि के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका है और मंजू लता उसकी इकलौती बहन है। मंगलवार दोपहर कॉलटैक्स के पास अंदर की ओर नहर में वह खड़ा था। कुछ देर बाद उसके नहर में गिरने की स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर काठगोदाम पुलिस और एनडीआरएफ ने युवक की तलाश



की लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण पुलिस ने रेस्क्यू अभियान रोक दिया। बुधवार की सुबह रेस्क्यू अभियान दोबारा शुरु किया गया। तभी सर्च अभियान के दौरान साढ़े 11 बजे टीम ने मुखानी स्थित शिव मंदिर के पास सिंचाई नहर रवि का शव बरामद कर लिया। इधर मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि आज बुधवार की सुबह नहर में गिरे युवक की लाश टीम ने मुखानी के पास से बरामद कर ली और शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया है।

# श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन पर लगे रोक

## प्रथा का विरोध: पहाड़ी आर्मी ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं को संरक्षित रखने की मांग को लेकर पहाड़ी आर्मी संगठन ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर, श्रीगणेश महोत्सव के अंत में होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड वह भूमि है जहाँ शिव-पार्वती और गणेश जी का स्थायी वास बताया गया है। ऐसी भूमि पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करना स्थानीय संस्कृति, धर्म और आस्था



का अपमान है। उन्होंने कहा कि देवताओं की स्थापना की परंपरा उत्तराखंड की पहचान रही है, विसर्जन नहीं। अध्यक्ष हरीश रावत ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने समय रहते विसर्जन पर रोक नहीं लगाई, तो पहाड़ी समाज स्वयं इस परंपरा को समाप्त करने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। संगठन महामंत्री विनोद शाही और जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल ने कहा कि यह प्रथा उत्तराखंड की पारंपरिक आस्था पर सीधा हमला है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष भुवन पांडे, राजेंद्र कांडपाल, मदन फर्त्याल, दिनेश जोशी, कमलेश जेठी, दीपा पांडे, कविता जीना, कंचन रौतेला, अंजू पांडे, बबीता जोशी, साक्षी, गीता देवी, पवन शर्मा, नारायण सिंह बर्गली, मनोज रावत, कपिल शाह, हरेंद्र सिंह राणा, विजय भंडारी, पवन ज्याला आदि मौजूद रहे।

# रीप से सीमा आर्या बनीं आत्मनिर्भर

**हल्द्वानी।** हल्दूचौड़ निवासी सीमा आर्या आज आत्मनिर्भरता की प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण उद्यम त्वरण कार्यक्रम (रीप) परियोजना के तहत उन्हें 75,000 की सहायता राशि प्राप्त हुई, जिसमें 22,500 की सब्सिडी भी शामिल थी। सीमा ने इस सहयोग राशि से साइकिल रिपेयरिंग और टायर वर्कशॉप की शुरुआत की। व्यवसाय के लिए उन्होंने आवश्यक उपकरण जैसे कंप्रेसर और टायर भी खरीदे। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने व्यापार को आगे बढ़ाया और अब प्रतिमाह 20,000 से 22,000 तक की आय अर्जित कर रही हैं। सीमा की सफलता यहीं नहीं रुकी, उन्होंने अपने व्यवसाय के माध्यम से दो अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। वह कहती हैं कि यह सब राज्य सरकार की योजनाओं और रीप परियोजना की वजह से ही संभव हो पाया।

# बढ़ते बिजली बिलों से जनता परेशान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर जनता की नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग कार्यालय पहुंचा और मुख्य अभियंता राजेंद्र गुंज्याल से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि इससे पूर्व भी 20 अगस्त को विभाग को एक ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन तय समयसीमा के 20 दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि अब जनता का धैर्य जवाब दे रहा है और विभाग को त्वरित समाधान सुनिश्चित करना होगा। इस दौरान मुख्य अभियंता राजेंद्र गुंज्याल ने कहा कि विभाग जल्द ही एक



कैम्प का आयोजन करेगा, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निपटाया जाएगा। कुछ उपभोक्ताओं की समस्याएं मौके पर ही हल की गई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी उपभोक्ताओं को सही बिल प्राप्त हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं और 10 दिनों के भीतर सभी समस्याओं का निस्तारण कर लिया जायेगा। इस मौके पर पार्षद मनोज जोशी, निवर्तमान पार्षद मनोज मठपाल, मनीष साहू, पन्ना लाल, कंचन जोशी, श्री चौहान आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा के साथ श्री गणेश महोत्सव शुरू

## प्राचीन शिविर मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का संगम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्राचीन श्रीशिव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव इस वर्ष भी धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगल पड़ाव स्थित शिव मंदिर से गणेश प्रतिमा की भव्य शोभायात्र बैंड-बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु नाचते-गाते और जयघोष करते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा के उपरांत भगवान गणेश की प्रतिमा को लक्ष्मी शिशु मंदिर स्कूल में स्थापित किया गया, जहां पंडित विवेक शर्मा ने वैदिक विधि-विधान के साथ पूजन कराया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान हरिमोहन अरोड़ा एवं उनकी पत्नी रहे। इस दौरान अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक पंकज ने समस्त व्यवस्था को सफलतापूर्वक संचालित किया। शाम को आयोजित धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भक्ति और लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष आकर्षण रही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, जिसमें 74 बच्चों ने भाग लिया और देवताओं, देशभक्तों व सांस्कृतिक प्रतीकों की पोशाकों में मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाई। सेवालय आश्रम के मूख बधिर बच्चों द्वारा दी गई विशेष प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने खड़े होकर तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। महोत्सव के दौरान रेनू अधिकारी, प्रदीप बिष्ट, सुभाष मोंगा, गुलशन सड़ना, सुभाष गुप्ता, गंगा जायसवाल, लाला जायसवाल, प्रदीप कक्कड़, रूपेन्द्र नागर, हेमंत साहू, पद्म पाल, त्रिलोक सिंह, शिव कपूर, अमित, अश्वनी, दिनेश अग्रवाल, अशोक सिंधी, राजू जायसवाल, पूरन सागर, अनिल अग्रवाल, दीपांशु शर्मा,





विपिन साहू, धर्मेंद्र साहू और रामरूप गुप्ता समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### गणेश चतुर्थी पर वार्ष्णेय परिवार में विराजे गणपति बप्पा

**हल्द्वानी।** विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव बुधवार को पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहरभर में गणेश चतुर्थी की धूम रही। पंडालों से लेकर घरों तक गणपति बाप्पा मोरया के जयघोष गूंजते रहे। जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान से स्थापित की गईं। अगले पांच से सात दिनों तक शहर भक्ति और उत्सव के रंग में डूबा रहेगा। इसी क्रम में हल्द्वानी की सावित्री कालोनी स्थित प्रतिष्ठित वार्ष्णेय परिवार में भी गणेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। परिवार में पहली बार गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। विशेष रूप से आमंत्रित विद्वान पंडित द्वारा विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा और पूजा-पाठ कराया गया। पूजन कार्यक्रम में विनोद वार्ष्णेय, दिलीप वार्ष्णेय, रामप्रकाश वार्ष्णेय, अंश वार्ष्णेय, वंशिका वार्ष्णेय, अंशिका वार्ष्णेय समेत संपूर्ण वार्ष्णेय समाज परिवार उपस्थित रहा। घर का माहौल भक्तिमय और आनंद से परिपूर्ण रहा। गणेशजी की स्थापना के साथ पूरे परिवार ने सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। शहर के अन्य हिस्सों में भी कई सार्वजनिक और पारिवारिक आयोजनों की धूम रही, जिससे पूरा हल्द्वानी गणेशमय हो गया है।

# मंडलायुक्त जांच अधिकारी नामित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जनपद नैनीताल में हाल ही में हुए क्षेत्र पंचायत प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनावों के दौरान बेतालघाट और तल्लीताल क्षेत्रें में सामने आई कानून व्यवस्था की घटनाओं की अब मजिस्ट्रियल जांच होगी। उत्तराखण्ड शासन के गृह अनुभाग द्वारा जारी आदेश में कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत को जांच अधिकारी नामित किया गया है। बेतालघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुजान-बेतालघाट-गर्जिया मोटर मार्ग पर हुई गोलीबारी की घटना तथा तल्लीताल थाना क्षेत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन के दिन कानून व्यवस्था प्रभावित होने की घटनाओं की जांच अब आयुक्त स्तर पर की जाएगी।

# सजगता ही संवेदनशील बनाती है: प्रो. लोहनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के समान अवसर प्रकोष्ठ की और से थर्ड जेंडर नए विमर्श की खोज विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि किसी भी समाज के बेहतर निर्माण के लिए समावेशी दृष्टि की जरूरत होती है। उनमें सबके लिए पर्याप्त जगह और स्वीकार्यता होनी चाहिए। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हाशिए के समाज और थर्ड जेंडर समाज के प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें सभी आवश्यक सुविधा देने के लिए कृत संकल्प है। यूओयू में थर्ड जेंडर के लिए विश्वविद्यालय के सभी कोर्स में शुल्क माफी का प्रावधान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि शोषण के बहुत तरीके हैं और शोषित हो जाने के भी, ऐसे में हमारी सजगता



ही हमें संवेदनशील बनाती है। तमाम बाइनरी की स्वीकार्यता ही पहचान और सामाजिक जागरूकता को निर्मित करती है। हमें पूर्वाग्रह से ग्रसित नहीं होना चाहिए और समय-समय पर अपना आत्मावलोकन भी करते रहना चाहिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंजाब विश्वविद्यालय की पहली महिला ट्रांसजेंडर छात्र एवं सक्षम प्रकृति वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्षा धानंजय चौहान ने अपने हृदय विदारक अनुभवों और संघर्षों को रेखांकित कर ट्रांस जेंडर समाज की समस्याएं और उनके प्रति हमारे सामान्य सामाजिक व्यवहार की समस्याओं को रेखांकित किया। उन्होंने ट्रांसजेंडर अनुभव, संघर्ष और आशाएं विषय पर अपनी बात रखते हुए सबसे पहले तृतीय लिंगी समाज का इतिहास बताया और कहा कि हम भी इसी समाज की निर्मिति हैं। हमारा अच्छा बुरा होना भी इसी समाज पर निर्भर है। हम स्वाभाविकता के पक्षधर है। हमारा अस्तित्व ही संधि काल पर टिका हुआ है। परिचर्चा सत्र का परिचय देते हुए हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. राजेंद्र कैड़ा ने कहा कि थर्ड जेंडर पर बात अथवा विमर्श करने से अधिक उनके प्रति अपनी संवेदना को विकसित करने की अधिक जरूरत है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश विश्वविद्यालय के अकादमिक निदेशक प्रो. पीडी पंत ने किया। कार्यक्रम का संचालन डा. कुमार मंगलम ने किया। इस दौरान डा. सीता, डा. ममता कुमारी, डा. भूपेन सिंह, डा. जितेश कुमार, सुनीता भास्कर आदि मौजूद रहे।

# जर्जर सड़कों पर कैसे निकलेगा जुलूस-ए-मुहम्मदी

## चिंता: समस्या के समाधान के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आगामी 5 सितंबर को शहर में पूरे अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला जाएगा। हल्द्वानी के आज़ाद नगर, बनभूलपुरा क्षेत्र में इसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इलाके की खस्ताहाल सड़कों ने आयोजकों और स्थानीय नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) की ओर से सीवर लाइन का कार्य करवाए जाने के बाद क्षेत्र की अधिकांश सड़कें खुदी पड़ी हैं और मरम्मत अब तक नहीं की गई है। इन सड़कों की बदहाल स्थिति के चलते न केवल आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि जुलूस-ए-मुहम्मदी की गरिमा और सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो सकता है। इसी को लेकर



बनभूलपुरा क्षेत्र के जागरूक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जुलूस से पूर्व आज़ाद नगर सहित समस्त जुलूस मार्ग की मरम्मत, सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि सीवर कार्य के बाद सड़कें बेहद जर्जर हो चुकी हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि मरम्मत कार्य समय पर संभव न हो, तो जुलूस मार्ग का सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प तैयार किया जाए। जुलूस-ए-मुहम्मदी का निर्धारित मार्ग मुजाहिद चौक से प्रारंभ होकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, नई बस्ती, इंदिरा नगर (पूर्वी व पश्चिमी सड़क, ताज मस्जिद, लाइन नंबर 15, लाइन नंबर 12, थाना बनभूलपुरा, चोरगिलया रोड, ताज चौराहा, लाइन नंबर 1, ईदगाह रोड, पोस्ट ऑफिस बंगला, मीरा मार्ग, जामा मस्जिद बाजार, रेलवे बाजार, ख्वाजा मस्जिद, किदवई नगर, चोरगलिया रोड, लाइन नंबर 17 निर्धारित है। अंत में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पर जुलूस का समापन होगा। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में ज़मीर अहमद, शराफत खान, सय्यद रेहान मियां, मो. हसनैन खतीबी, फरीद अहमद, शानू मज़हर, तौफीक अहमद, आबिद हुसैन, मो. अहसान शानू आदि थे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 468 ग्राम अवैध अफीम के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रुद्रपुर थाना पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने 468 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व क्षेत्रधिकारी रुद्रपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर की अगुवाई में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान मंगलवार देर शाम रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्रन्तर्गत चौकी बगवाड़ा पुलिस व एएनटीएफ टीम ने रिंग रोड, बिलासपुर की ओर जाने वाले निर्माणाधीन पुल के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को रोका। पूछताछ के दौरान युवक घबराने लगा।

तलाशी लेने पर उसने पैंट की जेब से एक पन्नी निकालकर स्वयं स्वीकार किया कि उसके पास अफीम है। टीम ने कब्जे से कुल 468 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। आरोपी की पहचान खेमपाल पुत्र हरिशंकर निवासी नवादिया थाना बरेली, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, एएननटीएफ के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र रिंगवाल, कांस्टेबल दिलीप कुमार, हेड कॉन्स्टेबल भुवन पाण्डेय, कांस्टेबल विनोद खत्री आदि मौजूद थे।

# मांगों को लेकर सीईओ कार्यालय में गरजे गुरुजन

■ चौंतीस सूत्रीय मांगों का एक पत्र भी सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अपने चौंतीस सूत्रीय मांगों के लेकर राजकीय शिक्षक संघ के अवाहन पर जनपद के सभी साथ ब्लॉकों के शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश लेकर आज बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन के साथ धरना दिया।



वक्ताओं ने प्रधानाचार्य विभागीय सीधी भर्ती को निरस्त करने, सभी स्तर पर लगभग आठ-नौ वर्षो से रूकी हुई पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने, प्रशासनिक सवर्ग में कोटा निर्धारित करने, अनुरोध के स्थानान्तरण वर्ष भर जारी रखने, प्रोन्नत एवं चयन वेतन मान हेतु पूर्व सेवा को जोड़ने, एलटी से प्रवक्ता पद पर पदोन्नति में होने वाले आर्थिक नुकसान दूर करने आदि की मांगें प्रमुखता से उठाई। धरने में प्रदेश उपाध्यक्ष राज कुमार चौधरी, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष नीरज चौहान, मंत्री अनन्त चौहान आदि ने संबोधित किया। इस दौरान कुन्ती यादव, जानकी अधिकारी, ममता शर्मा, कृष्ण मोहन, विकास पाण्डेय, भरत सिंह, अनूप सिंह, पवन दूबे, नरेन्द्र दिगारी, रमेश सिंह, छत्रपाल सिंह, कौशल चौधरी, पंकज अग्रवाल, राकेश यादव, जमुना पटवाल, विरेन्द्र चौहान, शर्मेंद्र कुमार सिंह, योगेन्द्र चौधरी, कमल किशोर सक्सेना, इश्तेयाक अंसारी,हरिशंकर याज्ञिक, गिरीश राय, मनोज गुणवन्त, वंशीधर पाडेय, मनोज राय, बिमला चौहान, अशोक बर्मा, राजेन्द्र सिंह बर्गली, ममता जोशी पाठक, हरिओम,सुनील टम्टा सहित कई पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### बहादराबाद में होनी वाली किसान महापंचायत रद्दः बाजवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि 28 अगस्त को बहादराबाद हरिद्वार में भारतीय किसान यूनियन की प्रस्तावित किसान महापंचायत रद्द कर दी गई है।

भारतीय किसान यूनियन के शीर्ष नेता चौधरी राकेश टिकैत के हवाले से जानकारी देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि गत दिनों स्मार्ट मीटरों के विरोध सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर देहरादून कूच करते समय बहादराबाद टोल प्लाजा पर हुए लाठी चार्ज के संबंध में किसानों और धामी सरकार के बीच हुई सकारात्मक वार्ता के बाद धामी सरकार द्वारा किसानों की लगभग सभी मांगे मान ली गई हैं और सकारात्मक रूख को अपनाया है।

**धामी सरकार ने किसानों की मांगे मानी**

संबंधित पुलिस अधिकारी का स्थानांतरण कर दिया गया है, जिसे देखते हुए बहादराबाद में प्रस्तावित किसान महापंचायत को रद्द किया गया है।

### कंजाबाग नहर के पास युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कंजाबाग नहर के पास मंगलवार को अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन देर रात तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी। एसआई किशोर पंत ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया था शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले है। मृतक के पास से मिले मोबाइल से संपर्क करने और छानबीन के आधार पर मृतक की पहचान चंदन सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी सुजिया महो. लिया उम्र 29 साल के रूप में हुई। चंदन झनकट के एक प्रतिष्ठान में कार्य करता था । एसआई किशोर पंत ने बताया कि शव पांच से छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। उप जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर के सीपंत ने बताया कि मृतक का बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है जो जांच के लिए भेजा जा रहा है।

### महाविद्यालय की छात्रा नेहा दिवाकर ने पावर लिफ्टिंग में जीते एक स्वर्ण और दो रजत पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग फेडरेशन और कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में रुड़की में आयोजित हुई प्रतियोगिता में बाजपुर महाविद्यालय की छात्रा नेहा दिवाकर ने 150 किलो ग्राम पावर लिफ्टिंग कर एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक जीते हैं। बुधवार को नेहा दिवाकर के इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. मनुहार आर्य ने नेहा के साथ ही महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विकास रंजन को भी सम्मानित किया। उन्होंने महाविद्यालय में जब से क्रीड़ा प्रभार का प्रभारी डॉ. विकास रंजन बनाए गए हैं तब से क्रीड़ा के क्षेत्र में महाविद्यालय का उत्तरोत्तर विकास हुआ है छात्र-छात्राओं में कई उपलब्धियां प्राप्त की हैं। जबकि डॉ. विकास ने बताया कि रुड़की में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में नेहा ने क्रमशः बेंच प्रेस में प्रथम स्थान, डेट लिफ्टिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर, एक स्वर्ण और दो रजत पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी डॉ. आदर्श कुमार चौधरी, डॉ. जया काण्डपाल, डॉ. पंकज कुमार, मोहन सिंह बिष्ट, संजीव सिंह एवं सत्येंद्र यादव मौजूद रहे।

### रामनगर सरकारी अस्पताल में हुआ हर्निया का सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीपीपी मोड से हटने के बाद पहले बार रामनगर सरकारी अस्पताल में नाभी के बराबर में हर्निया का सफल ऑपरेशन किया गया है।



इससे पहले स्टॉफ व डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को रेफर किया जाता था।

सीनियर एनस्थेटिस्ट डा. संदीप पांगती ने बताया कि कई सालों तक रामनगर अस्पताल पीपीपी मोड पर चलता आ रहा था। दो माह पहले सरकार ने खुद चलाने का निर्णय लिया। बताया कि पूर्ण स्टाफ व डॉक्टर नहीं होने से एक भी ऑपरेशन नहीं हुए। मरीज आते थे, लेकिन ऑपरेशन नहीं होते थे। उन्होंने बताया कि ग्राम सुन्दरखाल निवासी 21 वर्षीय महिला हेमा का हर्निया का ऑपरेशन किया गया। बताया कि महिला के हर्निया नाभी के पास हो गया था। पहला बच्चा महिला का ऑपरेशन से हुआ था। दूसरा बच्चा होने में दिक्कतें आ सकती थी। बताया कि उनके नेतृत्व में सर्जन डॉ. आकांक्षा बनकोटी, डॉ. रंजना डोबरियाल, स्टाफ नंदी आर्या, मोनू आर्या व ओटी असिस्टेंट हेमचंद्र खुल्बे ने जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्ण किया। उन्होंने अन्य मरीजों से भी ऑपरेशन की जरूरत पड़ने पर सरकारी अस्पताल की सेवाएं लेने की अपील की है। बताया कि आयुष्मान में निशुल्क विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन होंगे।

### नवनिर्वाचित प्रधानों और वार्ड मेंबरों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ब्लॉक सभागार रामनगर में नवनिर्वाचित प्रधानों और वार्ड मेंबरों की शपथ के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें खंड विकास अधिकारी गिरीश पांडे द्वारा नवनिर्वाचित 23 प्रधानों और 180 वार्ड मेंबरों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई खंड विकास अधिकारी ने सभी प्रधानों को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि सभी नवनिर्वाचित प्रधानों से उम्मीद करते हैं कि वह अपने कार्यकाल के दौरान अपने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए कार्य करें और यदि उनकी कहीं भी आवश्यकता है वह हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।इस दौरान सहायक खंड विकास अधिकारी कुंवर सिंह,सहायक विकास अधिकारी आलोक,ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान नवीन सती,प्रधान कंचन रावत,भावना देवी,इंदु लटवाल,सुरेन्द्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।



### राज्य निर्माण सेनानियों ने सीएम धामी से मुलाकात कर सौंपे ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शहीद स्मारक एवं दीनदयाल उपाध्याय पार्क आयोजन एवं अनुरक्षण समिति के अध्यक्ष दान सिंह रावत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के स्थान पर राज्य निर्माण सेनानी शब्द, पेंशन की दर में वृद्धि, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को राज्य के अतिथि गृहों में सरकारी शुल्क में रहने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगामी एक सितंबर को मुख्यमंत्री को खटीमा गोलीकांड की वरसी पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में आने का अनुरोध किया। वहीं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत और पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अमित पांडे ने बताया कि एक सितंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आने के लिए अपनी सहमति दे दी है।

# महाविद्यालय खटीमा में प्रथम वर्ष में सीटें बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रथम वर्ष में सीटें बढ़ाए जाने की मांग की। छात्रों ने कहा कि स्नातक प्रथम वर्ष में बीए, बीएससी, बीकॉम और परा स्नातक प्रथम वर्ष में एमएससी,एमए,एमकॉम मे सीट बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। छात्रों ने अपनी मांग को लेकर महाविद्यालय गेट के बाहर धना दिया। बुधवार को तहसील संयोजक वंशिका शुक्ला के नेतृत्व में एबीवीपी ने सीट बढ़ाए जाने की मांग को लेकर दिए ज्ञापन में कहा कि खटीमा शहर के अलावा इससे लगे दर्जनों दूर दराज के ग्राम और नेपाल सीमा से सटे ग्राम के विद्यार्थी यहां प्रवेश लेने आते है, लेकिन पर्याप्त सीट नहीं होने की वजह से प्रवेश से वंचित होते है। इसलिए छात्र हित में सीट बढ़ाई जानी चाहिए। अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नवनीत राणा, रोहित चंद, जतिन पांडे, शुभम भट्ट,कालेज मंत्री नितिन रस्तोगी, मयंक चुफाल, रोहित जोशी, नवल ऐठाणी, अमन चंद, पूजा बम, सुहानी राणा, सानू राणा, बॉबी कन्याल ,हिमालय राणा, सोना मेहरा, आशीष राणा, विजय कुमार,कुनाल मेहता, सचिन सामंत, उपसचिव मोहित पोखरिया, अर्पित कालोनी आदि मौजूद थे।

# घेराबंदी कर संदिग्ध बाइक सवार दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गाबा चौक पर पुलिस चेकिंग देख एक युवक ने बाइक की रफ्तार तेज कर भागने की कोशिश की, लेकिन चौकी प्रभारी ने पीछा कर उसे आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सामने घेराबंदी कर दबोच लिया। युवक ने बाइक की आगे और पीछे की नंबर प्लेट पर टेप चिपकाकर नंबर के दो अक्षर छुपा रखे थे। पुलिस ने बाइक को सीज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम चौकी प्रभारी आदर्श कॉलोनी होशियार सिंह टीम के साथ गाबा चौक पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी बीच काशीपुर रोड की ओर से आ रहा एक बाइक सवार पुलिस को देखकर घबराया और तेज रफ्तार से निकलने लगा। शक होने पर चौकी प्रभारी ने उसका पीछा किया और कॉलेज के सामने पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर भीड़ जुट गई और व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा भी वहां पहुंच गए। जांच में पता चला कि युवक ने बाइक की आगे और पीछे की नंबर प्लेट पर टेप चिपकाकर नंबर के दो अक्षर छुपा रखे थे। पुलिस ने बाइक को सीज कर लिया। बता दें कि एसएसपी के निर्देश पर जनपद में संदिग्ध वाहनों के खिलाफ अभियान चल रहा है।

इसी कड़ी में चौकी प्रभारी ने सोमवार को भी ब्लॉक रोड पर एक बाइक पर सवार चार युवकों की बाइक को सीज कर 33 हजार रुपये का चालान काटा था।

# एपेक्स में गणेश चतुर्थी पूजन समारोह का हुआ भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में गणेश चतुर्थी पूजन समारोह बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों, संस्थान प्रमुखों, संकाय सदस्यों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना के साथ हुआ। इसके बाद गणेश वंदना एवं आरती संपन्न की गई। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक, डायरेक्टर (एआईटी), डायरेक्टर (फार्मेसी), प्रिंसिपल (मैनेजमेंट) सहित सभी संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और छात्रों द्वारा किए गए विशेष कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्ति एवं उल्लास से भर दिया। प्रबंधक निदेशक ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया।समारोह का समापन गणेश विसर्जन के साथ हुआ। सभी ने मिलकर भगवान गणेश को विदाई दी और "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभी ने भगवान गणेश से समृद्धि, सुख और सफलता की कामना की। इसके बाद में प्रसाद वितरण किया गया, जिससे पूरा आयोजन आनंदमय और यादगार बन गया।

# अपेक्स में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

## बीटेक, एमबीए एवं पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसीई हॉल में बीटेक, एमबीए एवं पॉलिटेक्निक के नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान के वातावरण एवं नियमों से परिचित कराना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसमें एमडी, डायरेक्टर (एआईटी), डायरेक्टर सर (फार्मेसी) एवं प्रिंसिपल सर (मैनेजमेंट) उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने और संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान की विभिन्न शाखाओं, शिक्षकों एवं सुविधाओं का परिचय भी दिया गया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरणादायक सत्रों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें प्रबंधन, शिक्षक एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता डाक्टरों को करेंगे सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सर गंगाराम हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम को सम्मानित करेंगे। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कौशिक की पुत्रवधू के सफल ऑपरेशन कर जीवन दान देने पर आभार प्रकट किया।



वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कौशिक की पुत्रवधु पारुल शर्मा की छोटी आंत में टाइफाइड बुखार के चलते छेद हो गया था। जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही थी। उपचार में स्थानीय डॉक्टरों के सफल न होने पर उन्होंने सर गंगा राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार कर जीवनदान दिया। डा. सुरेश कुमार सिंघवी (सह-निदेशक, लिवर ट्रांसप्लांट और गैस्ट्रो सर्जरी) के नेतृत्व में डा. अनिल मेहता, डा. लाइजा, डा. प्रेम कुमार और दिव्या की टीम ने मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया। डा. सुरेश कुमार सिंधवी ने बताया कि शुरूआती अवस्था में मरीज को टाइफॉयड बुखार था। जिसका सही इलाज स्थानीय अस्पताल में नहीं हो पाया। इस कारण टाइफॉयड ने आंत में छेद (इंटेस्टाइनल परफोरेशन) कर दिया। पहली सर्जरी मेरठ में हुई। जहां डॉक्टरों ने बड़ा ऑपरेशन करके आंत पर टांके लगाए, लेकिन यह उपचार असफल हो गया। मरीज की हालत बिगड़ गई। मरीज को दिल्ली के गंगाराम अस्पताल रेफर किया गया। गंगाराम अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने पहले चरण में इलियोस्टॉमी की। इलियोस्टॉमी में आंत का एक हिस्सा पेट की सतह पर जोड़ दिया जाता है, ताकि गंदगी (स्टूल/वेस्ट) सीधे बाहर निकल सके और आंत को आराम मिल सके। यह प्रक्रिया पेरिटोनाइटिस और सेप्सिस जैसे गंभीर इन्फेक्शन को नियंत्रित करने के लिए की गई थी।

इस सर्जरी के बाद मरीज की हालत धीरे-धीरे स्थिर होने लगी। लगभग दो महीने तक मरीज इसी स्थिति में रहा, और जब शरीर पूरी तरह तैयार हो गया, तब डॉक्टरों ने इलियोस्टॉमी रिवर्सल सर्जरी की, जिसमें आंत को फिर से जोड़कर सामान्य प्रक्रिया बहाल की गई। पूरी प्रक्रिया के दौरान डॉक्टरों की टीम ने बहुत मेहनत, सही निर्णय और देखभाल के साथ मरीज का इलाज किया और अंततः उसे सामान्य जीवन की ओर लौटाया। मंगलवार को समदर्शी, रेड क्रॉस सोसाइटी, विश्व हिंदू परिषद प्रेस परिषद उत्तराखंड आदि सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त सभा कर डॉक्टरों की टीम का आभार प्रकट किया तथा प्रतिनिधि मंडल भेजकर डॉक्टरों की टीम को सम्मानित करने का निर्णय लिया।

# प्रधान ने पंचायत सदस्यों और वार्ड मेंबरों के साथ शपथ ली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम प्रधान पुछड़ी हज्जन नरगिस ने विकास खण्ड कार्यालय रामनगर में शपथ ग्रहण की। पुछड़ी गांव प्रधान ने पंचायत सदस्यों और वार्ड मेंबरों के साथ शपथ ली। उन्होंने ग्राम शक्तिनगर पुछड़ी की जनता का आभार व्यक्त किया है। प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने कहा कि सभी ने मिलकर हज्जन नरगिस को ग्राम प्रधान बनाया है। सभी का आभार जताया है।

इस दौरान प्रधान हज्जन नरगिस,प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,रिजवान अली,शेला,शाहीन,गुड़िया,मोहम्मद इमरान,आनंद,प्रीति आदि लोग मौजूद रहे।

# संवेदनशील होकर कार्य करें निकाय अधिकारीः मकवाना

■ उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने बुधवार को नगर निगम सभागार में नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की।



बैठक के दौरान स्वच्छता कर्मचारियों की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पुनर्वास से संबंधित कई अहम निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने निकाय अधिकारियों से संवेदनशील होकर कार्य करें व पर्यावरण मित्रों को सरकार की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने एक माह के भीतर इपीएफ व इएसआई काटने के निर्देश निकाय अधिकारियों को दिये साथ ही मलिन बस्तियों में प्रत्येक 06 माह में स्वास्थ्य शिविर लगाये। उन्होने बैठक में निर्देश दिए कि सीवर व सैफ्टी टैंक का कार्य करने वाले कर्मियों का अनिवार्य पंजीकरण किया जाए ताकि उन्हें पुनर्वास योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होने जो ठेकेदार आउटसोर्स स्वच्छकारों को मानक से कम वेतन दे रहे है उनको ब्लेक लिस्ट करने के निर्देश निकाय अधिकारियों को दिये।

श्री मकवाना ने कहा कि नगर निकाय अधिकारी मृतक आश्रितों की नियुक्ति में संवेदनशीलता और विवेक का प्रयोग करें तथा वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को समायोजित किया जाए। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संचालित कल्याणकारी एवं पुनर्वास योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बहुद्देशीय शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा शिविरों में गोल्डन कार्ड, आयुषमान कार्ड भी बनाये जाये। श्री मकवाना ने रूद्रपुर नगर में महर्षि वाल्मीकि चौक निर्माण कराने का आग्रह मेयर से किया साथ ही सभी निकाय अधिकारियों से पर्यावरण मित्रों का नियमित स्वास्थ्य जॉच भी कराने के निर्देश दिये। उन्होने स्वच्छ भारत अभियान में उत्तराखण्ड में नगर निगम रूद्रपुर को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दी। इस अवसर महापौर विकाश शर्मा ने कहा नगर निगम को स्वच्छ बनाये रखने में सभी पर्यावरण मित्रों का सहयोग मिल रहा है। उन्होने निकाय अधिकारी व पर्यावरण मित्र साथ मिलकर समन्वय बनाते हुए रूद्रपुर महानगर को और स्वच्छ, सुन्दर बनाने की अपील की। उन्होने कहा पर्यावरण मित्रों व स्वच्छकार समितियों के स्वास्थ्य करा ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे है व मानकों के अनुसार वेतन, उपकरण आदि भी दिये जा रहे है।

नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने कहा कि नगर निगम रुद्रपुर प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने अपने पर्यावरण मित्रों का पांच लाख का अपने स्तर से बीमा कराया है। उन्होने कहा कि गत छह वर्षो से लम्बित आठ मृत पर्यावरण मित्रों के आश्रितों को नियुक्ति दे दी गयी है। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, रणदीप सिंह, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पीयूष रंजन, एलडीएम चिराग पटेल, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध सहित नगर निगम एवं सभी ईओ अन्य विभागों के अधिकारी सहित यशपाल राजहंस, यशपाल राजन, मुकेश रजौरी आदि मौजूद थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-869/ नामान्तरण सूचना/2025-26 | दिनांक-27/08/2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर पंजिका में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संशोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री कपिल कुमार पुठिया पुत्र श्री कृष्ण कुमार पुठिया | वार्ड नं० 7 में भवन संख्या 57 व 58 | श्री संजय कुमार, कपिल कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार पुठिया | भवन संख्या 57 में श्री संजय कुमार कपिल कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार पुठिया का नाम पृथक-पृथक व भवन संख्या 58 में श्री संजय कुमार कपिल कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार पुठिया का नाम पृथक-पृथक अंकित किया जाना है। | आवेदन मय पारिवारिक बटवारानामा, रागिनी पुठिया पत्नी श्री संजय कुमार का अनापत्ति शपथ पत्र, शिवानी पुठिया पत्नी श्री कपिल कुमार पुठिया का अनापत्ति शपथ पत्र, अधिवक्ता की विधिक राय |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर पंजिका में पूर्व में अंकित व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालन नं0 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी हिन्दी व संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में रहा प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारत विकास परिषद की शाखा स्तरीय हिंदी व संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।




भारत विकास परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। देशभक्ति से ओतप्रोत व राष्ट्र के असल नायकों को समर्पित हिन्दी व संस्कृत गायन की इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में अपने गौरवशाली अतीत एवं उन्नतिशील वर्तमान से परिचय कराना है। इससे पूर्व भी विद्यालय द्वारा उपरोक्त प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भारत विकास परिषद के समस्त पदाधिकारियों ने विद्यालय को शुभकामनाएं देते हुए आगामी चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आशीर्वाद प्रदान किया, साथ ही विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विजेता प्रतिभागियों में विद्यालय के छात्र जतिन कठायत, हर्षित सिरोला, कपिल सामंत, आर्यन मनोला, विनय जोशी, प्रियांशी बिष्ट, संजना सिंह, साक्षी भट्ट, सुजल चंद व यथार्थ चंद रहे विद्यार्थियों ने अपनी गायन शैली से उपस्थित समस्त अतिथियों व निर्णायक मंडलों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों व संगीत प्रशिक्षक नरसिंह कुंवर, ऊधम सिंह, रेनू उपाध्याय व सीमा विश्वकर्मा को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संगीत, दुनिया की वह कला है जो व्यक्ति से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से जुड़ी हुई है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रेमा भट्ट, मनीष चंद, विक्टर आईवन, सुरेश ओली, हरीश भट्ट, दिगम्बर भट्ट, अशोक जोशी, भरत बिष्ट, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, ऊषा चौसाली, ऊषा भट्ट, लिंसी त्यागी व समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# नशीली दवाओं के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी को भारी सफलता मिली है। सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नशा मुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओ के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि मनोहर लाल कमांडेंट 57 वीं वाहिनी सीमा बल के निर्देशन में देर रात्रि सीमा चौकी बनबसा की जांच टीम द्वारा चेक पोस्ट पर नियमित जांच की जा रही थी। उसी दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में देखा गया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान उसके पास से हो नशीले इंजेक्शन बुप्रोनोरफिलीन 32, प्रोमेथाजीन 32, डायजेपाम 01 नशीले इंजेक्शन सहित अन्य नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयों का खेप बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान मनोज शाहू (आयु 39 वर्ष), पुत्र भीम शाहू, निवासी कंचनपुर, जिला महेन्द्रनगर, नेपाल के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह उक्त मादक पदार्थों की भारत से नेपाल तस्करी कर रहा था। इस कार्रवाई से एसएसबी ने सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध आवाजाही पर तगड़ा प्रहार किया है। यह उपलब्धि एसएसबी के कार्मिकों की सजगता, कर्तव्यनिष्ठा और नशामुक्त समाज के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। बरामद नशीली सामग्री



को आगे की विधिक कार्यवाही हेतु थाना बनबसा, जिला चम्पावत को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त अभियान का नेतृत्व दिनेश कुमार यादव, सहायक कमांडेंट ने किया, जिसमें उप-निरीक्षक कोमल सिंह, आरक्षी फूल हसन तथा आरक्षी प्रवीण कुमार सम्मिलित रहे। सशस्त्र सीमा बल तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी इसी प्रकार की सतर्कता एवं कड़ी निगरानी बनाए रखेगा। ताकि सीमा क्षेत्र को नशे एवं अवैध गतिविधियों से मुक्त किया जा सके।

## एक नजर

# एक तरफ आंदोलन और दूसरी ओर प्रवक्ता चंद सिंह पुजारी कर रहे हैं विद्यालय का पाठन कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** राजकीय शिक्षक संघ प्रधानाचार्य सीधी भारती के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया, तो वहीं कुछ शिक्षक प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के समर्थक हैं और साथ ही इन लोगों ने चौक डाउन में भी। संघ का साथ न देकर विद्यालय में अध्यापक कार्य किया गया। वहीं मुख्यालय के राजकीय इंटर कॉलेज चंपावत में प्रवक्ता चंद सिंह पुजारी ने निरंतर प्रधानाचार्य सीधी भर्ती को लेकर अपनी बात रखी। सीधी भर्ती से प्रधानाचार्य नियुक्त होने के लाभ भी बताए। जी हां आपको बता दें कि राजकीय इंटर कॉलेज चंपावत के 21 शिक्षक धरना प्रदर्शन में थे और अकेले चंद्र सिंह पुजारी द्वारा गेस्ट टीचर और बीएड शिक्षकों की सहायता से विद्यालय का पाठन कार्य किया गया।

# प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों ने ली शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के निर्देशानुसार पंचायती राज व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जनपद की समस्त 303 ग्राम पंचायतों में निर्वाचित ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम संबंधित विकासखण्ड मुख्यालयों में विधिवत आयोजित किए गए। इस अवसर पर संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण की प्रक्रिया का संचालन किया गया। सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपने दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। निर्वाचित प्रतिनिधियों ने लोकतांत्रिक परंपरा के अंतर्गत शपथ ग्रहण कर ग्राम विकास की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विकास योजनाओं को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक पहल शुरू की जाएगी। जिला पंचायती राज अधिकारी हरीश आर्या ने बताया कि 28 अगस्त 2025 को इन 303 ग्राम पंचायतों में प्रथम बैठक आयोजित की जाएगी और कर्मचारियों की तैनाती करते हुए बैठक का रोस्टर भी जारी कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री धामी आज जिले में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी के आज 28 अगस्त को प्रस्तावित पिथौरागढ़ भ्रमण (मोस्टमानू मन्दिर प्रतिभाग) के दृष्टिगत जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कलक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने देवतचौड़ा गांव का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। हाल ही में लगातार वर्षा के कारण पहाड़ियों से चट्टानें खिसकने के खतरे के चलते प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। अस्थायी रूप से प्रेशियस अकादमी भवन एवं बैंकेट हाल में ठहराव की व्यवस्था की गई है, जहां उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। साथ ही छानापाण्डेय के तमखानी मैदान में निर्मित हो रहे हेलीपैड का भी स्थलीय निरीक्षण कर लोनिवि के अभियंता एवं उपजिलाधिकारी सदर मंजीत सिंह को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर एडीएम योगेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर मंजीत सिंह, उपजिलाधिकारी डीडीहाट खुशबु पाण्डे, पुलिस उपाधीक्षक गोविंद बल्लभ जोशी, तहसीलदार विजय गोस्वामी, डीडीहाट तहसीलदार पिंकी आर्या, लोनिवि सहायक अभियंता दिनेश जोशी समेत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# छह दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सर्राफा एसोसिएशन एवं गणेश मित्र मंडल महाराष्ट्र द्वारा गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से प्रारम्भ किया। खड़ंजा मार्केट से गणपति बप्पा मोरया के नारों के साथ ढोल, नगाड़ों, आतिशबाजी के साथ श्री गणेश की मूर्ति को शोभा यात्रा के साथ रामलीला ग्राउंड में स्थापित किया गया।

बुधवार को आयोजित शोभायात्रा के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा रामलीला मैदान में स्थापित की गई। नीरज रस्तोगी ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव 27 अगस्त से लेकर 1 अगस्त तक रहेगा,। प्रतिदिन सुबह एवं शाम साढ़े आठ बजे आरती होगी, प्रतिदिन रात्रि साढ़े आठ बजे से भजन संध्या का आयोजन रहेगा।

31 अगस्त को मूर्ति विसर्जन तथा भव्य शोभा यात्रा के साथ बनबसा बैराज में किया जाएगा। एक अगस्त को सनातन धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, संजय रस्तोगी, सुधीर वर्मा, मनोज वाधवा, अमित वर्मा, राजपाल रस्तोगी, अमरदीप रस्तोगी, अनुराग वर्मा, मुकेश वर्मा, विनय भट्ट, अरविंद, विजेंद्र रस्तोगी आदि रहे।

# मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने ली कुक्कुट पालकों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. योगेश शर्मा की अध्यक्षता में व्यापार संघ तथा कुक्कुट पालकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी पिथौरागढ़ द्वारा कुक्कुट पक्षियों, अंडों एवं कुक्कुट मांस के अन्य जनपदों एवं नेपाल से आयात पर लगाई गई रोक का कड़ाई से पालन करने का निवेदन किया गया। साथ ही कुक्कुट फार्म एवं दुकानों पर स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु भी निर्देश दिए गए। विभाग द्वारा आईटीबीपी को जिंदा भेड़-बकरी एवं जिंदा मुर्गों की आपूर्ति की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई तथा इस योजना से जुड़ने हेतु कुक्कुट पालकों से अनुरोध किया गया।

बैठक में व्यापार संघ अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जिलाधिकारी के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा एवं जनपद के बाहर से कुक्कुट पक्षी व अंडों का आयात नहीं किया जाएगा।

# नगर पालिका परिषद में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी

## प्रेस वार्ता कर चेयरमैन ने सभासदों के लगाए आरोपों को नकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर में समय-समय पर एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। अब तो नगर पालिका परिषद टनकपुर को सोशल मीडिया में भी स्थानीय लोग नरक पालिका की संज्ञा देने लगे हैं। पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान सभासदों द्वारा लगाए गए आरोपों को एक सिरे से नकार दिया।

आखिर मामला किया है हम आपको बताते हैं। एक दिन पूर्व पालिका के सभासद वकील अंसारी चर्चित शर्मा समेत पाचं सभासदों ने अधिशासी अधिकारी के माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर को ज्ञापन भेजा था। जिसमे पांचो सभासदों ने इस्तीफा देने के साथ ही पालिका परिषद टनकपुर पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन मंगलवार को एक नया मामला फिर सामने आ



गया। पालिका अध्यक्ष ने सभासदों द्वारा लगाए गए आरोपों को बे बुनियाद बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी की विधानसभा में समय-समय पर विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं।

क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य से बौखला कर कुछ एक सभाषदों पर बेमतलब की राजनीति करने का भी पालिका अध्यक्ष ने आरोप लगाया है। अध्यक्ष विपिन कुमार ने कहा कि सभासदों के प्रस्ताव संबंधित मामलो में सभी की सहमति से उन्हें आगे बढ़ाया जा रहा है। नए सफाई ठेके के लिए निविदा आमंत्रित किए जाने के लिए आरएफपी तैयार हो चुकी है। कहा कि विकास कार्य सभी के सहमति से कराए जाएंगे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार में क्षेत्र में अनेको विकास कार्य हो रहे हैं। लेकिन कुछ एक विपक्षी सभासदों को विकास कार्य नहीं दिखाई दे रहा है।

इनके द्वारा समय-समय पर बेवजह की बातें बनाई जा रही हैं अध्यक्ष विपिन कुमार के पूर्व कार्यकाल में पहले भी बेतहाशा विकास हुआ है, लेकिन कुछ एक सदस्य बेवजह उटपटांग बातें बनाकर उनकी छवि को धूमिल करने का भी काम कर रहे हैं, जो की सही नहीं है। बैठक में सभासद हसीब अहमद, शैलेंद्र सिंह, सविता बिष्ट, वर्षा शर्मा, दिनेश सक्सेना मौजूद रहे।

अध्यक्ष विपिन कुमार ने अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा किया है। साथ ही यह भी कहा कि अधिशासी अधिकारी उनके आदेशों का पालन नहीं करते हैं जिसकी सूचना उन्होंने उच्च अधिकारियों को भेज दी है। आपको बता दें नगर पालिका परिषद टनकपुर में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की जंग को लेकर स्थानीय लोग भी खासे परेशान से हैं। अब देखना यह होगा कि पालिका परिषद टनकपुर में एक दूसरे पर लगाए जा रहे आरोप प्रत्यारोप का दौर कब खत्म होगा। यह बड़ा सवाल है।

# जीबी पंत वेलफेयर फाउंडेशन ने बालिका को प्रदान की स्कूल ड्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जी.बी. पंत वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से समाज में अग्रणी भूमिका निभाते हुए विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। बुधवार को फाउंडेशन की ओर से महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाते हुए एक निर्धन बालिका को स्कूल ड्रेस प्रदान कर विशेष रूप से एक नई पहल की गई है।



प्राप्त समाचार के अनुसार बताया गया कि वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से लाला राम रतन लाल भगवत शरण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टनकपुर की बालिका प्रिया कुमारी को स्कूल ड्रेस प्रदान कर आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्यो को जारी रखा जाएगा।

इस सहयोग के लिए बालिका के परिजनो ने फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत, संरक्षक भुवन चंद्र पाण्डेय, संजय गर्ग, सचिव कोषाध्यक्ष बसंत पुनेठा, हंसा जोशी, उपाध्यक्ष कल्पना चंद, महेश पाठक, प्रीतम सिंह, नवीन भट्ट, गीता सती, पद्मिनी दयाल, भागीरथी पंत, सूरज भारद्वाज, बबीता पुनेठा आदि थे।

# राष्ट्रीय समूह-गान प्रतियोगिता का आयोजन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** भारत विकास परिषद् शाखा टनकपुर के सौजन्य से शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह-गान प्रतियोगिता का आयोजन आज 28 अगस्त गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे से मिलन वाटिका टनकपुर में किया जाएगा।

इस आशय की जानकारी कार्यक्रम संयोजक अंकुर टंडन ने दी है। श्री टंडन ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर नगर क्षेत्र में उनके आवास में बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रतियोगिता के आयोजन लिए विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि समूहगान प्रतियोगिता में टनकपुर और बनबसा के 11 विद्यालयों के लगभग 125



छात्र छात्राएं भाग लेंगे। कहा कि समूह गान प्रतियोगिता में आठ छात्र-छात्राओं की टोली को एक हिंदी एवं एक संस्कृत का गीत गायेंगे। जो विद्यालय प्रथम स्थान प्राप्त करेगा वह प्रांतीय स्तर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा। इस मौके पर अध्यक्ष भुवन चंद जोशी, सचिन सत्य प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अतुल शारदा, राजीव सबरवाल, संजय गर्ग, नवल किशोर तिवारी, विनय अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, कैलाश गहतोड़ी, राजीव अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# बीडीओ ने दिलाई ब्लॉक सभागार में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ब्लॉक सभागार में नवनिर्वाचित 48 ग्राम प्रधानों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित 48 ग्राम प्रधानों को ब्लॉक सभागार में पद और गोप. नीयता की सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। कुल 59 ग्राम पंचायत में से संगठित हो चुकी नवनिर्वाचित 48 ग्राम प्रधानों को बीडीओ शेखर जोशी द्वारा शपथ दिलाई गई।

शपथ के उपरान्त उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री के बधाई एवं सन्देश पत्र को भी उपलब्ध कराते हुए इस पर चर्चा की गई। बीडीओ शेखर जोशी द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों और उत्तरदायित्वों का निष्ठा ईमानदारी एवं पारीदर्शिता के साथ निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

बीडीओ द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आह्वान किया गया कि समस्त नवनिर्वाचित 48 ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और कर्मचारी अधिकारी आपस में समन्वय से कार्य करते हुए ग्राम पंचायतों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर रखेंगे। एडीओ सतीश सैनी द्वारा भी पंचायतीराज से संबंधित जानकारी कार्यक्रम में साझा की गई। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान इटव्वा, बेरिया दौलत, शिवपुरी, केशोवाला, दियोहरि मुंडिया कला, गांव बाजपुर आदि के द्वारा भी ग्राम पंचायतों के विकास के बाबत अपने विचार रखे गए। शपथ कार्यक्रम में डीपीओ मनरेगा सुमित चौहान, जेई पंचायत तेजपाल, ग्रामोत्थान रीप परियोजना से लेखराज सिंह, मौ. इस्लाम, मौ. रफी, दीपक आदि उपस्थित रहे। न्याय पंचायत मुख्यालयों पर नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत सरकड़ी में अपर सहायक अभियंता जितेन्द्र सिंह, चकरपुर में सहायक खण्ड विकास अधिकारी सुरेश पंत, सरकड़ा में सहायक समाज कल्याण अधिकारी नगमा परवीन एवं बरहैनी में अपर सहायक अभियंता जीवन जोशी द्वारा ग्राम पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान नेहा परवीन, राजविंदर कौर, भारती सैनी, विराट देवगन, शरनजीत कौर, रघुवीर सिंह रिक्की, अराज सिंह सिद्धू, अंजलि रानी, रूप सिंह, सोनू आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों ने ली शपथ, पहली बैठक आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक सभागार में बुधवार को शासन द्वारा निर्धारित तिथि पर नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल ने विकासखंड के 43 संगठित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए संद. ेश को पढ़कर उपस्थित समस्त नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को सुनाया। वहीं 16 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान दो तिहाई पंचायत



सदस्यों की कमी के वजह से शपथ कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाए। वहीं शपथ के बाद सभी नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को 28 अगस्त को पहली बैठक करने के लिए निर्देशित किया गया जहां से पंचायत का कार्यकाल शुरू हो जाएगा। लेकिन केवल 43 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को ही उनका अधिकार मिल जाएगा और 16 ग्राम प्रधानों को उनका अधिकार नहीं मिल पाएगा। इस अवसर पर उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उधम सिंह नगर जनपद के नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने समस्त नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने समस्त प्रतिनिधियों को शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और योजनाओं का लाभ उठाकर अपने गांव का चहुंमुखी विकास करने हेतु प्रेरित और उत्साहित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, ज्येष्ठ प्रमुख व कनिष्ठ प्रमुख को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल ने बताया कि 43 संगठित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को शपथ दिलाई गई। शेष 16 ग्राम पंचायत के प्रधानों को कोरम पूरा होने के बाद शपथ दिलाया जाएगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र राणा, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख गौरव नेगी, जस्ट ब्लॉक प्रमुख भागीरथी राणा, एबीडीओ संजय कुमार गांधी, रमनदीप कौर, गिरीश चंद्र गड़कोटी, ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्या, माया जोशी, अनिल कुमार, महेंद्र पाल, प्रेम सिंह, राजेश सिंह, सुभावती, बबीता देवी, अमर सिंह राणा सहित तमाम ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शमां चिकन रेस्टोरेंट में मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर में स्थित शमां चिकन रेस्टोरेंट में छापा मार करवाई कर होटल को सील करने की कार्रवाई की परंतु व्यापार मंडल के दबाव में चेतावनी नोटिस देकर इति श्री कर दी। उत्तराखंड के बॉर्डर से लगे उत्तर प्रदेश के नगरों में बर्ड फ्लू की जानकारी मिलने के बाद उप जिला अधिकारी गौरव पांडे के आदेश पर क्षेत्र में चिकन मीट एवं अंडा बिक्री पर पूरी तरह अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई है। क्षेत्र में चिकन एवं अंडे की बिक्री पूरी तरह बंद है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड में आने वाले चूजों एवं अंडों पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इस सब के बावजूद रोडवेज के सामने शमां के नाम से चल रहे होटल पर चिकन बिरयानी, चिकन कबाब आदि सामग्री धड़ल्ले से बिकने की सूचना पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शमां होटल पर छापामार कार्रवाई करते हुए होटल को सील करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी। सूचना पाकर व्यापार मंडल महामंत्री नितिन फुटेला ने मौके पर पहुंचकर होटल सील होने की कार्रवाई पर रोक लगाने तथा केवल चेतावनी नोटिस दिए जाने का आग्रह किया। जिस पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल सील करने की कार्रवाई स्थगित करते हुए होटल स्वामी को चेतावनी नोटिस थमाते हुए होटल तत्काल बंद करने के आदेश दे दिए। व्यापार मंडल महामंत्री नितिन फुटेला ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य एवं टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी होटल व्यापारियों से अनुरोध किया है कि चिकन, अंडे की बिक्री अगले आदेश तक ना करें।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंह नगर परिसर में वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक दाखीला लावारिस 14 वाहन व वर्ष 2008 से वर्ष 2024 तक मोटर वाहन अधिनियम से सम्बन्धित 62 मो0 सा0 व एक कार कुल 63 वाहन) तथा वर्ष 2001 से वर्ष 2008 तक 41/102 द०प्र०सं० से सम्बन्धित कुल 21मो0 सा0 एक कार (22) में कुल 99 वाहन की नीलामी प्रक्रिया हेतु दिनांक-8/09/2025 की तिथि नियत की गयी है। उक्त तिथि को प्रातः 11.00 बजे नीलामी बोली लगाई जानी है नीलामी बोली में शामिल होने हेतु धरोहर राशि जमा कर बोली कर्ताओ को आमंत्रित किया जाना है।

**थानाध्यक्ष**
**थाना नानकमत्ता**
**जनपद-ऊधमसिंह नगर**

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गुरमीत सिंह पुत्र जगदेव सिंह निवासी ग्राम सिद्धा नवदिया को बात ना मानने एवं मनमानी करने के कारण अपनी चल अंचल संपत्ति से हमेशा हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है, जो भविष्य में अपने द्वारा किए गए कृत स्वयं जिम्मेदार होगा।

**जगदेव सिंह पुत्र स्व. श्री प्यारा सिंह निवासी-ग्राम सिद्धा नवदिया, थाना नानकमत्ता, उधम सिंह नगर।**

# जसपुर क्षेत्र के गन्ना खेतों में लाल सड़न रोग की आहट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के गन्ना किसानों के खेतों में विगत वर्ष की भांति (रेड रोज) लाल सड़न रोग की आहट से नादेही चीनी मिल प्रशासन /अधिकारियों ने आपातकालीन बैठक कर उक्त रोग को बढ़ने से रोकने के लिए अधीनस्थ स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उक्त रोग की जल्द रोकथाम हेतु कृषि वैज्ञानिकों से जांच कर रोकथाम की दवा के लिए दिशा निर्देश मांगें गये है।

इस बाबत कल कृषि वैज्ञानिकों की एक टीम ने गन्ना विभाग के अधिकारीयों /कर्मचारीयों के साथ जाकर कई गांव के खेतों में जाकर रेड रोज की खतरे की आशंका में खड़े गन्नै के नमूने एकत्र कर जांच हेतु ले गए जांच के पश्चात क्षेत्र में कुछ गन्नों में लाल सड़न रोग की पुष्टि हुई है जिसके लिए कृषि वैज्ञानिकों ने आवश्यक दवाएं व दिशा निर्देश गन्ना विभाग को दिए हैं।

खेतों में जाकर किए गए जांच में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक संजय कुमार, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, तेजपाल सिंह, प्रभारी गन्ना अधिकारी डा. राजीव कुमार, सीडीआई जगतवीर सिंह, एस सी डी आई दीपिका सेनवाल, गन्ना पर्यवेक्षक पवन सिंह, मुराद अली, नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार अन्य गन्ना पर्यवेक्षक व कृषक मौजूद रहे।

# चुनाव आयोग शक्तिहीन नहीं हो सकता

## हाईकोर्ट ने पूछा– बिना अनुमति मतदान से गैरहाजिर रहे पांच सदस्यों पर क्या कार्रवाई की ?

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से पूछा कि उन्होंने उन पांच लोगों के खिलाफ क्या एक्शन लिया जिन्होंने अपना मत नहीं डालने के लिए कोई अनुमति नहीं ली थी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने चुनाव आयोग को सोमवार यानी 1 सितंबर को अपना रोल शपथ पत्र के रूप में साफ करने को कहा है। बता दें बुधवार को मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने नैनीताल के जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव मामले में सुनवाई की। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए मंगलवार को उत्तर प्रदेश जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचन और विवाद निवारण नियमावली 1984 की हैंडबुक लाने को कहा था। सुनवाई के दौरान बुधवार को चुनाव आयोग के अधिवक्ता संजय भट्ट ने कहा कि आबजर्वर की तरफ से दो रिपोर्ट दी गई हैं। आबजर्वर ने कहा कि सौ मीटर के दायरे में कोई गड़बड़ी या हिंसा नहीं हुई है। आबजर्वर ने रिपोर्ट डीजीपी तथा जिलाधिकारी और एसएसपी को भेजी। डीएम और एआरओ की चुनाव आयोग को भेजी रिपोर्ट पेश की गई। बताया कि आयोग के सामने



रखी रिपोर्ट में कुछ विवादित नहीं होने के बाद नैनीताल के डीईओ व डीएम को इसे अपने स्तर पर निस्तारित करने को कहा गया। आब्जर्वर ने 15 अगस्त की तड़के सवेरे 5 बजे रिपोर्ट फाइल की। एसएसपी ने डीएम को 15 अगस्त को विस्तृत रिपोर्ट भेजी। संजय ने कहा कि हमारे पास अगर अधिकार होगा तो हम जरूर उन 5 सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। अभी 5 लोगों को नोटिस भेजने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। डीएम ने पुष्पा नेगी की शिकायत पर एसएसपी की रिपोर्ट मिलने के बाद डिटेल रिपोर्ट बनाकर चुनाव आयोग को भेजी। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र पाटनी ने न्यायालय से कहा कि नियम कहता है कि मतदान केंद्र से एक किलोमीटर की दूरी तक कड़ाई से नियम लागू होने चाहिए। अपहरण के आरोप वाली 5 से 6 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुष्पा नेगी ने चुनाव आयोग से प्रार्थना करते हुए कहा था कि इस चुनाव को खत्म कर पुनः मतदान कराया जाए। नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद वशिष्ठ ने न्यायालय के समक्ष मुख्य घटना की ट्रांस्लेटेड कॉपी पढ़कर घटनाक्रम के बारे में बताया। उन्होंने इसमें 5 सदस्यों के अनुपस्थित होने से लेकर तमाम शिकायतें और न्यायालय द्वारा उठाए कदम बताए। बताया कि आब्जर्वर ने कहा कि सौ मीटर के दायरे में सब खाली था जबकि 100 मीटर के दायरे में सबकुछ सैनेटाइज किया गया था। उन्होंने खंडपीठ को ये भी बताया कि विपक्ष के पास 15 लोगों के प्रमाणपत्र थे जो ये बताते हैं कि वो सदस्य उनके साथ ही थे। इस पर मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र ने कहा कि डीएम और एसएसपी की कार्यशैली के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है? चुनाव आयोग से कहा कि नियमानुसार आधा किलोमीटर के दायरे में भीड़ आदि नहीं रहेगी लेकिन आप ये 100 मीटर का नियम कहां से लाए हैं? आपके आबजर्वर फेल हो गए हैं। आबजर्वर ने 14 की शाम रिपोर्ट कयों नहीं पेश की। खंडपीठ ने कहा कि एसएसपी ने कहा है कि वह 5 सदस्य बिना अनुमति के बाहर गए, उनके खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई ? चुनाव आयोग शक्तिहीन है। उन सदस्यों को सूचित करना चाहिए था वो एप्लिकेशन कहां है एआरओ ने साफ लिखा है कि आरओ को पुनः मतदान का अधिकार नहीं है उन्हें तो केवल पुनः गणना का अधिकार है। डीएम पंचतंत्र की स्टोरी भेज रही थी तथा एसएसपी तो फेल हो गए हैं। हमारी चिंता ये है कि चुनाव आयोग कया कर रहा है उनकी किसी रिपोर्ट में अपहरण या किसी अपराध की सूचना नहीं है। मतदान के रोज अपहरण के आरोपों के बाद एफआईआर दर्ज नहीं हुई जिसके बाद हमें एसएसपी को तलब करना पड़ा। खंडपीठ ने कहा कि हमने अभी तक ये नहीं पूछा है कि किसने किसको वोट दिया है लेकिन हमने पूछा है कि किसी को मत देने या नहीं देने के लिए बाध्य तो नहीं किया गया है। डीईओ/डीएम वंदना सिंह सुनवाई के दौरान वर्चुअली उपस्थित हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत ने कहा कि न्यायालय ने ये कहा की चुनाव तय होते ही सारे अधिकार चुनाव आयोग के हो जाते हैं। बहस में पता चला कि रिपोर्ट होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं कि गई। न्यायालय ने चुनाव आयोग से पूछा कि अपने मतदान के रोज हुए अपराध के विषय मे कहाँ लिखा, अधिकारियों को क्या निर्देश दिए और कया एकशन लिया गया, कहा कि उन पांच लोगों के खिलाफ क्या एक्शन लिया गया जिन्होंने अपना मत नहीं डालने के लिए कोई अनुमति नहीं ली थी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि सोमवार को चुनाव आयोग अपना अपना रोल साफ करते हुए शपथपत्र पेश करें।

## प्राधिकरण के आदेश पर रोक

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल ने रामनगर क्षेत्र के पुछड़ी गांव में 1986 के बाद बसे लगभग 250 मकानों और दुकानों को ध्वस्तीकरण करने के जिला विकास प्राधिकरण के आदेश पर तात्कालिक रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने यह आदेश सुनाते हुए कहा कि प्राधिकरण बिना सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन किए किसी भी कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ा सकता। सुनवाई के दौरान पुछड़ी गांव के हजारों निवासियों को बड़ी राहत मिली। अदालत में जिला विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि वह सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना नहीं करेगा और भविष्य की कार्यवाही के लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा।

## गढ़वाल मंडल विकास निगम की याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने गढ़वाल मंडल विकास निगम प्रबंधन की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए श्रम न्यायालय देहरादून के आदेश को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि निगम प्रबंधन द्वारा एक कर्मचारी की सेवा समाप्त करना अवैध व गैरकानूनी था और वह पुनर्बहाली के साथ पूरे बकाया वेतन का हकदार है। मामले के अनुसार श्रम न्यायालय ने 25 अटूबर 2023 को अपने आदेश में कर्मचारी की सेवा समाप्ति को अवैध बताते हुए उसे 17 दिसंबर 2018 से सेवा में बहाल करने और सभी बकाया वेतन देने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए गढ़वाल मंडल विकास निगम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उक्त कर्मचारी मई 1995 से निगम में दैनिक वेतन पर चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत था। 3 दिसंबर 2018 को उसका स्थानांतरण हुआ और उसने 5 दिसंबर 2018 को नई जगह पर ज्वाइन कियाए लेकिन 17 दिसंबर 2018 को उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। निगम का आरोप था कि कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरत रहा था जबकि कर्मचारी ने यह दिखाया कि उसने लगातार 18 वर्ष से अधिक अवधि तक सेवा की और प्रति वर्ष 280 दिन से अधिक कार्य किया।

### कृषि अधिकारी की याचिका भी खारिज

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने हरिद्वार के कृषि अधिकारी बृजभूषण की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि महज बरी हो जाना यह सिद्ध नहीं करता कि जांच में किसी प्रकार की दुर्भावना थी। यदि याचिकाकर्ता को लगता है कि उनके खिलाफ दुर्भावना से मुकदमा चलाया गया तो इसके लिए उन्हें हर्जाने हेतु दुर्भावना अभियोजन का वाद दायर करना चाहिए न कि रिट याचिका दाखिल करनी चाहिए। याचिकाकर्ता ब्रिजभूषण 2011 में कृषि अधिकारी ग्रेड -2 के पद पर हरिद्वार में तैनात थे। उसी वर्ष उनके खिलाफ धारा 409 और 420 आईपीसी धोखाधड़ी के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। ट्रायल के बाद 2017 में उन्हें बरी कर दिया गया और 2019 में राज्य सरकार की अपील भी खारिज हो गई। उनका आरोप था कि विभागीय जांच अधिकारी ने झूठी रिपोर्ट देकर उन्हें निलंबित कराया और झूठा मुकदमा दर्ज कराया।

### बैंकों तथा टेलीकॉम कम्पनियों को पक्षकार बनाएं

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े हरिद्वार निवासी सुरेंद्र कुमार की याचिका को जनहित याचिका के रूप में दर्ज करते हुए आरबीआई सहित अन्य बैंकों व टेलीकॉम कंपनियों को पक्षकार बनाने व एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं। इस याचिका की सुनवाई अब 4 सितंबर को होगी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।

## एक नजर

### कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी

**नैनीताल।** कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट द्वारा महिला कृषकों के लिये कृषि कार्यों में श्रम एवं समय बचाने के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले कृषि यत्रों की जानकारी दी गयी। इस मौके पर डा. सुधा जुकारिया द्वारा डंग कलैटर, सीडलिंग ट्रान्सप्लांटर, मेज सेलर एवं स्प्रिंग ब्रेस हँन्डल के प्रयोग के बारे में उपकरणों के साथ विधि प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ ग्राम चोपड़ा से आई हुई किशोरी बालिकाओं का भार एवं लंबाई का मापन किया गया तथा आंकड़ों के द्वारा बॉडी मास इण्डेस की गणना के आधार पर उनकी कुपोषण की स्थिति के बारे में जानकारी दी गयी। डा. शशि तिवारी द्वारा कृषक महिलाओं को पोषण वाटिका में किये जाने वाले सम सामयिक कृषि कार्य एवं वर्षा ऋतु में पोंधों की देखभाल करने की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम मल्ला चोपड़ा, गाँजा, देवलढूँगा की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संचालन में केन्द्र के दीप कुमार, विमल कुमार शर्मा, कमला सत्यपाल, महिपाल चन्द्र लोहनी, गोविन्दी देवी एवं सुमित कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

### विस्थापितों के लिए होगा पुनः सर्वेक्षण

**धारी।** हरीनगर क्षेत्र के आपदा प्रभावित 39 परिवारों के पुनर्वास को लेकर अब पुनः भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया जाएगा। वर्ष 2010 की रिपोर्ट में क्षेत्र को असुरक्षित घोषित किया गया था, लेकिन अब तक पुनर्वास नहीं हो सका है। समिति संरक्षक मुकेश चन्द्र बौद्ध ने बताया कि 17 मार्च 2025 को अधिकारियों और वैज्ञानिकों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया था, लेकिन स्पष्ट भूगर्भीय रिपोर्ट नहीं मिलने से ग्रामवासी असमंजस में हैं। 30 मई को यह मुद्दा जिला अधिकारी के सामने भी उठाया गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए समिति ने 27 अगस्त को उप जिलाधिकारी धारी को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद भू-तत्व एवं खनिज निदेशालय, हल्द्वानी को पुनः सर्वेक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष से की भेंट

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय एलुमनी सेल के अध्यक्ष डा. बहादुर सिंह कालाकोटी तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल से मुलाकात की तथा उन्हें पुष्प गुच्छ भेट कर बधाई दी तथा उममीद की कि नैनीताल में विकास की गति मिलेगी। कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी से भी मुलाकात की तथा उन्हें कुमाऊं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तैयार कैंडल भेंट की। कूटा अध्यक्ष ने कुलपति से संविदा प्राध्यापकों का वेतन यूजीसी नियमानुसार करने पर कुलपति से महत्वपूर्ण चर्चा की। निदेशक डा. पीडी पंत से भी मुलाकात की, इस दौरान प्रो. तिवारी के साथ डा. कृष्णा टम्टा भी उनके साथ रहे।

### नशे के 112 कैप्सूल के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने नशे के अवैध 112 कैप्सूल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त नसीम अहमद पुत्र महमूद हुसैन निवासी मोहम्मदी वाली गली इंदिरानगर बनभूलपुरा को उसके घर के पास मोहम्मदी मस्जिद वाली गली इंदिरानगर से 15 पत्तों में 112 नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना बनभूलपुरा में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### 16वाँ गणेश महोत्सव शुरू

**कालाढूंगी।** श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित 16वाँ गणेश महोत्सव बुधवार से शुरू हो गया। प्राचीन बोरेश्वर मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ कालाढूंगी शिव मंदिर में गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। समिति के अध्यक्ष ललित कांडपाल ने बताया कि हर रोज रात्रि के समय गणेश वंदना, भजन संध्या और भव्य झांकियां पेश की जाएंगी। 2सितंबर को गणेश की मूर्ति का बौर नदी में विसर्जन होगा। महासचिव दीपक बनौला, विपुल अग्रवाल, पुष्कर खनायत, जगत जीना, हरीश मारवाड़ी, हरिओम तिवारी आदि ने सहयोग दिया।

### कांडा व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने जितेश वर्मा

**बागेश्वर।** कांडा व्यापार मंडल का बुधवार को चुनाव हुआ। क्षेत्र के व्यापारियों ने अपने पने मताधिकार का प्रयोग कर पदाधिकारियों का चयन किया। अध्यक्ष पद में जितेश बर्मा विजय रहे। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को 21 मतों से हराया। पुलिस सुरक्षा के बीच मतदान प्रातः दस बजे से शुरू हुआ।

दोपहर में परिणाम घोषित किए गए। व्यापार मंडल चुनाव में व्यापारियों के प्रदेश संगठन व जिला संगठन के अधिकारियों की पूरी निगरानी रही। कांडा में व्यापार मंडल के लिए जीतेंद्र वर्मा को 59, धीरज गढ़िया को 38, नवीन धपोला को 22, मत पड़े। जिसमें जितेंद्र वर्मा विजय रहे। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी वीरेंद्र नगरकोटी मतदान अधिकारी दरपान सिंह धपोला, आलम मेहरा सेक्टर मजिस्ट्रेट हीरा सिंह कर्म्याल तेज सिंह नगरकोटी सुरेन्द्र मांजिला के मार्ग दर्शन में चुनाव सम्पन्न हुए। इसी क्रम में प्रदेश संगठन से हरीश सोनी जिलाध्यक्ष ब्बलू नेगी, महामंत्री अनिल कार्की, जिला संगठन मंत्री दीपक, जोशी मौजूद थे। व्यापारियों में प्रमोद भट्ट, गुड्डू पाडेय, अभय शाह, निर्मल शाह, दीप वर्मा, सोनी माजिला, प्रकाश पंत, रोहित गढ़िया सहित अन्य मौजूद थे।

## परिजनों की तहरीर पर मुकदमा

**अल्मोड़ा।** नगर में तेज रफ्तार बाइक सवार परेशानी का सबब बने हुए है। तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूल से लौट रहे मासूम को टक्कर मार दी। जिसमें मासूम बुरी तरह घायल हो गया। जिला मुख्यालय निवासी दर्शन ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। बताया कि उनका नौ वर्षीय पुत्र स्कूल से लौट रहा था। इस बीच तेज रफ्तार बाइक सवार ने बच्चे को टक्कर मार दी। टक्कर में बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। उन्होंने पुलिस में तहरीर सौंपी बाइक सवार चालक मनीष कुमार और पीछे बैठे वाहन स्वामी लोकेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तहरीर के आधार पर मनीष कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डा. नागेन्द्र शर्मा बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिमनास्टिक एसोसिएशन ऑफ उत्तरांचल की एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग में जिमनास्टिक एसोसिएशन ऑफ उत्तरांचल के जर्नल चुनाव किए गए, जिसमें उत्तराखंड के समस्त जिमनास्टिक एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग में जिमनास्टिक एसोसिएशन ऑफ उत्तरांचल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष व उपसचिव एवं अन्य सदस्यों का चयन हुआ। डीके नैनवाल रिटायर्ड जज जिला सत्र न्यायालय रिटर्निंग ऑफिसर तथा एडवोकेट जीवन रॉय आबजर्वर के पर्यवेक्षण में वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ जिसमें जिमनास्टिक एसोसिएशन आफ उत्तरांचल के अध्यक्ष डा. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश बोरा, महासचिव प्रमोद चौधरी, कोषाध्यक्ष जगबीर



सिंह तथा उप सचिव त्रिलोक सिंह जीना तथा दो नामित सदस्यों में वरुण निर्वाण तथा पूजा आनंद भट्ट को पद हेतु चुना गया। इस अवसर पर संगठन के महासचिव प्रमोद चौधरी द्वारा जिमनास्टिक एसोसिएशन ऑफ उत्तरांचल के विगत सराहनीय कार्यो से अवगत कराया कि जिमनास्टिक एसोसिएशन ऑफ उत्तरांचल आगे भी निरंतर खेलों के माध्यम से नए आयाम को छूएगा। जिमनास्टिक संगठन के उत्तरांचल के अध्यक्ष डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए विभिन्न जनपदों में जिमनास्टिक के उपकरणों तथा खेलो का विस्तार किया जाएगा जिससे प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु तैयार किया जा रहा है जिससे प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्तराखंड प्रदेश का नाम रोशन कर सके। सोनिया होटल रुद्रपुर में हुई मिटिंग में गिरीश चंद्र जोशी, जेंस माइकल, जितेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, नरेंद्र बाफिला, शरद जोशी, गुलशन कुमार आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## एसबीआई ने भेंट किए रेनकोट



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय स्टेट बैंक नैनीताल ने बुधवार को सीएसआई फंड से नगरपालिका परिषद को रेनकोट मुहैया करवाए। बता दें कि नगरपालिका परिषद प्रशासन द्वारा बैंक प्रबंधन से नाव चालकों और सफाई कर्मियों को देने के लिए रेनकोट की मांग की गई थी। जिसके तहत बुधवार को बैंक द्वारा नगरपालिका को रेनकोट मुहैया करवाए। पालिका की ओर से नाव चालकों और सफाई कर्मियों को यह रेनकोट दिए जाएंगे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा समेत अमन महाजन सहित बैंक के मल्लीताल शाखा प्रबंधक प्रवीण अरोड़ा के साथ ही दिव्या त्रिपाठी, अभिषेक अधिकारी व नाव चालक मौजूद रहे।

## लापरवाह डॉक्टरों की खैर नहीं

### हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जगदीप सिंह की अनुपस्थित पर बैठी जांच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मण्डलायुक्त दीपक रावत के संज्ञान में आया कि डा. जगदीप सिंह (हड्डी रोग विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गरमपानी) में नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं। और डा. जगदीप 10 दिन में एक बार अस्पताल में आते हैं तथा 10 दिन की उपस्थिति पंजिका में एक साथ हस्ताक्षर करते हैं। मण्डलायुक्त कुमाऊं द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्व लेते हुए उप जिलाधिकारी श्री कैंची धाम से प्रकरण की जांच करायी गयी। उक्त संबंध में उप जिलाधिकारी कैंचीधाम द्वारा कुमाऊं आयुक्त को अवगत कराया गया कि डा. जगदीप उपरोक्त के द्वारा रजिस्टर में हस्ताक्षर किये गये हैं किन्तु एक सप्ताह से वह अस्पताल में नहीं आ रहे हैं। इस संबंध में मण्डलायुक्त दीपक रावत द्वारा अस्पताल में लगे सीसीटीवी की फुटेज का परीक्षण किये जाने पर डा. जगदीप सीसीटीवी में कहीं नहीं दिखे। इस संबन्ध में सीएमओ नैनीताल डा. हरीश चंद्र पंत से पूछे जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल को इसकी कोई जानकारी नहीं होना प्रकाश में आया। उक्त प्रकरण की सूचना सीएमएस डा. सतीश सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गरमपानी द्वारा सीएमओ नैनीताल को नहीं दी गयी। बुधवार को उक्त प्रकरण प्रकाश में आने पर सीएमएस उपरोक्त के द्वारा सूचना सीएमओ नैनीताल को दी गयी। दूसरी ओर मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल को प्रकरण की जानकारी न होने व डा. जगदीप सिंह की अनुपस्थिति के संबंध में तथा सीएमएस के द्वारा उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना न दिये जाने के संबंध में मण्डलायुक्त दीपक रावत द्वारा निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य कुमाऊं मण्डल नैनीताल को प्रकरण की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा जांच में दोषी पाये जाने पर दोषियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

## प्रधानों ने शपथ ली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** ग्राम पंचायत देवनगर से ग्राम प्रधान बसंती तिवारी ने 470 मत पाकर ब्लॉक में सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ग्राम प्रधान पद की लगातार दूसरी बार शपथ ली। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस बार के कार्यकाल में पुराने रह गए कार्यों को पूरा करवाना है। कुछ नई सड़कों के लिए काम किया जाएगा। हर घर जल नल पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा जिन ने मुझे चुनाव मै साथ दिया उन सबका धन्यवाद, उन के साथ हर सुख दुख मै अपनी उपस्थिति दूंगी। गांव के विकास के लिए जो उचित होगा वो किया जाएगा। साथ ही गांव के सारे अधूरे कार्य पूरे किये जाएंगे। व ग्राम सभा के विकास कार्य जारी रहेंगे। हर गरीब व्यक्ति को सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजनाओ का लाभ दिया जाएगा। ब्लॉक सभागार में छह प्रधानों ने शपथ ली।

## खाई में गिरी बाइक, दो युवक जख्मी

### दिनेश और फैज़ान ने की घायलों की मदद, पुलिस ने रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के हल्द्वानी रोड में बल्दियाखान के समीप बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में बाइक सवार दो युवक खाई में जा गिरे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ व पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने दोनों को रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला। दोनों को बीडी पांडे अस्पताल पहुँचाकर उपचार दिया गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात करीब 11 बजे 112 पर पुलिस को सूचना मिली कि हल्द्वानी रोड में बल्दियाखान के समीप एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हुई



है। जिसमें सवार लोग संभवतः खाई में गिर गए हैं। सूचना के बाद एसडीआरएफ, तल्लीताल पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टोर्च की मदद से सर्च अभियान चलाकर टीम ने खाई में घायल अवस्था में दो लोग पड़े मिले। करीब दो घंटे कड़ी मशक्कत से रेस्क्यू कर दोनों को खाई से बाहर निकाला गया। जिनकी पहचान भोटिया पड़ाव हल्द्वानी निवासी विशाल सिंह और मुखानी हल्द्वानी निवासी शिवराज सिंह के रूप में हुई। घायलों ने बताया कि नैनीताल को आते हुए बाइक रपटने के बाद वह दोनों छिटककर खाई में गिर गए थे। वहीं, इसी बीच हल्द्वानी से नैनीताल लौट रहे श्री राम सेवक सभा के सेवक दिनेश भट्ट तथा मो. फैज़ान, जो कि महोत्सव की तैयारियों का सामान लेकर आए रहे थे, ने दुर्घटनास्थल पर रुककर रेस्क्यू न हो जाने तक घायलों की मदद के लिए तत्परता से जुटे रहे। तल्लीताल एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को 108 की मदद से बीडी पांडे अस्पताल भिजवा कर उपचार दिलवाया गया।

## सांसद प्रतिनिधि बने भगवान तिवारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** रतनपुर बेलपड़ाव निवासी भगवान तिवारी को नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने कालाढूंगी विधानसभा का अपना प्रतिनिधि नियुक्ति पत्र भेजकर अवगत कराया कि अब कालाढूंगी विधानसभा सभा में जितनी भी ग्रामसभा व नगर निकाय है उनमें होने वाले हर कार्यक्रम में उनकी अनुपस्थित में प्रतिभाग कर जनता की समस्याएं सुनेंगे उनको समाधान के लिए उन्हें भेजेंगे जिससे जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके उनके मनोनयन पर उनको शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। भगवान तिवारी ने कहा उन पर जिस विश्वास को जताते हुए सासंद अजय भट्ट द्वारा अपना प्रतिनिधि बनाया है इसके लिए वह सासंद जी का आभार व्यक्त करते है



साथ ही उनको विश्वास दिलाते है कि वह सासंद जी व केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर कोटाबाग मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, हेम तिवारी, नवीन तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, मदन तिवारी आदि ने मिष्ठान वितरण कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कानून व्यवस्था की मजबूत के लिए दोषियों को समय पर सजा दिलाना जरूरी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने बुधवार को सत्र और अपर सत्र न्यायालयों में विचाराधीन वादों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने शासकीय अधिवक्ता को निर्देशित किया कि जिन कारणों से वाद न्यायालयों में लंबित है, इसका स्पष्ट उल्लेख करें और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। ताकि लंबित आपराधिक वादों का जल्द से जल्द निस्तारण हो सके।

न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता और न्यायालयों में की जा रही पैरवी की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वे हर मामले में न्यायालय को समय से साक्ष्य प्रस्तुत करें। गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। आपराधिक मामलों पर विशेष ध्यान दें और पूरे साक्ष्य, गवाहों और जिम्मेदारी के साथ मामलों की पैरवी की जाए।



**लंबित आपराधिक वादों के त्वरित निस्तारण को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक**

जिन आपराधिक मामलों में अभी तक चार्जशीट दाखिल नही की गई, उस पर त्वरित कार्रवाई करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दोषियों को समय पर सजा दिलाना जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन/लंबित वादों की प्रगति को लेकर प्रत्येक माह समीक्षा बैठक की जाएगी।संयुक्त निदेशक विधि एवं जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि जनपद देहरादून के बड्स न्यायालय के अंतर्गत जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के संबंध में 05, गैंगस्टर न्यायालय के अंतर्गत 7, सत्र न्यायालय के अंतर्गत 28, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के अंतर्गत 38, एफटीएससी के 41, एनडीपीसी एक्ट के 19, पॉक्सो के 81, अपर सत्र न्यायालय विकासनगर के 18, ऋषिकेश के 11 मामले विचाराधीन है। इन मामलों में सुनवाई विचाराधीन/गतिमान है।बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशा) जय भारत सिंह, एसडीएम अपूर्वा सिंह, संयुक्त निदेशक विधि गिरीश चंद्र पंचोली, जिला शासकीय अधिवक्ता जीपी रतूडी आदि उपस्थित थे।

## मेडल जीतकर बढ़ाया गौरव



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विद्या भारती द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नगला नानकमत्ता में हुई जिसमें नैनीताल के सरस्वती शिशु मंदिर वीर भट्टी दुर्गापुर से 14 भय्याओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत बैडमिंटन सिंगल में रित्विक बिष्ट ने प्रथम स्थान और डबल शिशु वर्ग में आयुष धौनी, लक्ष्य आर्य व शुभम आर्य ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा बैडमिंटन डबल्स बाल वर्ग के भास्कर थापा, यश कुमार, मोहित थापा व मोहम्मद मुस्तफा ने संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में बैडमिंटन सिंगल में जिगर डालाकोटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार 8 भय्याओं ने गोल्ड मेडल व एक भैया ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा भैया कृष्णा जोशी, दिव्यांशु आर्य, अभय पतलियाएनमन साह ने रेस में तथा नमन कुरिया ने गोला फेंक तथा लंबी कूद में प्रतिभाग किया। मेधावी बच्चों की इस अहम कामयाबी पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह मेवाड़ी व समस्त आचार्य परिवार ने खुशी जतायी है। दूसरी ओर विद्यालय के व्यवस्थापक डा. सूर्य प्रकाश ने विजेता भैयाओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# गिल-रोहित वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

**● बल्लेबाजों की रैंकिंग में हेड एक स्थान उपर चढ़कर 11वें पर, मार्श चार पायदान पहुंचकर 44वें स्थान पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग की नवीनतम जारी सूची में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल की है जबकि शुभमन गिल और रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मैके में श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार जीत के बाद आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम को नवीनतम रैंकिंग में बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों के इस मुकाबले में 431/2 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें उनके तीन बल्लेबाजों ट्रैविस हेड (142), मिच मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। परिणामस्वरूप, तीनों ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की, जिसमें हेड एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान ऊपर चढ़कर 78वें स्थान पर पहुंच गए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 87 रनों की पारी की बदौलत यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 23 स्थानों के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय जोड़ी शुभमन गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित शर्मा (756) वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर स्थिति और भी कड़ी है, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश दीक्षाना 671 रेटिंग अंकों के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर हैं। महाराज ने सीरीज के आखिरी मैच में 57 रन देकर 1 विकेट चटकाने के बाद अपनी रैंकिंग खो दी है। उनकी रेटिंग दीक्षाना के बराबर हो गई है, जबकि श्रीलंकाई स्पिनर पूरे हफ्ते मैदान पर नहीं उतरे। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे बड़ा उछाल लुंगी एनगिडी के जरिए आया। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में सीरीज में सबसे ज्यादा सात विकेट लेने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सीन एबॉट (नौ स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर) और नाथन एलिस (21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर) ने भी प्रोटियाज के साथ सीरीज के दौरान कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद वनडे गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है।

# अहमदाबाद बनेगा 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का दावेदार

**● कैबिनेट ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने की मंजूरी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए बोली प्रस्तुत करने के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। साथ ही मेजबानी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी दे दी। (एचसीए) से संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों से आवश्यक गारंटी और बोली स्वीकार होने की स्थिति में गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता की मंजूरी भी ली जाएगी। 72 देशों के एथलीट राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे। इसमें बड़ी संख्या में एथलीट, कोच, तकनीकी अधिकारी, पर्यटक, मीडियाकर्मी आदि शामिल होंगे जो खेलों के दौरान भारत आएंगे, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा और राजस्व प्राप्त होगा। अहमदाबाद एक आदर्श मेजबान शहर है जो विश्व स्तरीय स्टेडियम, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं और एक उत्साही खेल संस्कृति प्रदान करता है। दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल की सफलतापूर्वक मेजबानी करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है। खेलों के अलावा, भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और लाखों युवा एथलीटों को प्रेरित करने जैसे स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। इसके अलावा, खेल विज्ञान, कार्यक्रम संचालन और प्रबंधन, रसद और परिवहन समन्वयक, प्रसारण और मीडिया, आईटी और संचार, जनसंपर्क और संचार तथा अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में पेशेवरों को अवसर मिलेंगे। इस तरह के विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आयोजन से राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना प्रबल होगी। यह एक साझा राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगा और हमारे राष्ट्र का मनोबल बढ़ाएगा। यह एथलीटों की नई पीढ़ी को खेलों को एक करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा और सभी स्तरों पर खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।

# कैरेबियन लीग में एक बाल पर बने 22 रन

**● नो, वाइड, फिर लगातार 2 नो बाल पर 2 सिक्स अगली बाल पर भी सिक्स**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में एक बाल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वारियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वारियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने।

ओशाने थामस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बाल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बाल डाली।

इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थामस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया।

इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं। शेफर्ड ने 34 गेंदों में नाबाद 73 रन की पारी खेली। हालांकि, इस मैच को सेंट लूसिया किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया। टी-20 क्रिकेट में दो दफा एक बाल पर 13 रन बन चुके हैं। केरल प्रीमियर लीग- सैमसन ने लगातार 2 छक्के लगाए एक दिन पहले मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को केरल क्रिकेट लीग में एक बाल पर 13 रन बने थे।

# ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो दूसरे दौर में

**● भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया**



**पेरिस, वार्ता।** भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के 35 मिनट के मुकाबले में आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान को 21-11, 21-16 से हराया।

इस जीत के साथ, वे राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए, जहां उनका अगला मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की जोड़ी से होगा। इससे पहले दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और 2023 के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। प्रणय ने राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में फिनलैंड के जोआकिम ओल्डॉर्फ को 47 मिनट में 21-18, 21-15 से हराया। अब उनका सामना राउंड ऑफ 32 में डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन से होगा। सिंधु ने अपने अभियान की शुरुआत मात्र 39 मिनट में 23-21, 21-6 से जीत के साथ की। शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, स्कोर 21-21 से बराबर रहा, लेकिन सिंधु ने दो अंकों की बढ़त के साथ गेम अपने नाम कर लिया। 2019 की महिला एकल चैंपियन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 अंकों के अंतर से मैच अपने नाम कर लिया। सिंधु का अगला मुकाबला राउंड ऑफ 32 में मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना से होगा। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे ने अपने पहले राउंड ऑफ 64 मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

# अफगानिस्तान ने जॉन मूनी को फील्डिंग कोच बनाया

**● जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम वापसी कर रहे है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को, एसीबी ने घोषणा की कि मूनी को उनकी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है।

मूनी, जिन्होंने 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था, को शेन मैकडरमॉट के जाने के बाद यह पद खाली होने पर नियुक्त किया गया था। मैकडरमॉट वर्तमान में पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं। मूनी ने 91 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 2007, 2011 और 2015 के तीन आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप शामिल हैं।

नके पास इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2 और 1 कोलचग सर्टिफिकेट हैं। अफगानिस्तान के साथ काम करने के अलावा, मूनी ने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ और इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के साथ भी काम किया है।

एसीबी ने ऑस्ट्रेलिया के निर्मलन थानाबालासिंगम को अपना नया फिजियोथेरेपिस्ट भी नियुक्त किया है।

**खेल विशेष**

## विश्व चीन की महिलाओं का जलवा, मेजबान फ्रांस ने दर्शकों को रोमांचित किया

**पेरिस, वार्ता।** बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे मैच के दिन मंगलवार को एडिडास एरिना में चीन की महिलाओं ने अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि फ्रांस ने अपने घरेलू दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों से रोमांचित किया। महिला एकल में, चीन की गहराई पूरी तरह से देखने को मिली। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी ने हंगरी की एग्नेस कोरोसी को केवल 26 मिनट में 21-5, 21-4 से हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू ने भी ऐसा ही किया, उन्होंने चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को सीधे गेमों में आसानी से हरा दिया, जबकि गाओ फांगजी ने मलेशिया की गोह जिन वेई को इसी अंतर से हराया।

## घरेलू हीरो शुभंकर शर्मा डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों के साथ शामिल होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शुभंकर शर्मा 40 लाख डॉलर की डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में वैश्विक सितारों रोरी मैक्लॉय और टॉमी फ्लीटवुड के साथ घरेलू टीम की अगुवाई करेंगे। यह चैंपियनशिप 16-19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होगी। शर्मा, जिन्होंने हाल ही में 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करके अपने करियर का एक शानदार प्रदर्शन किया, दिसंबर 2017 में सिर्फ 21 साल की उम्र में जोबर्ग ओपन का खिताब जीतकर डीपी वर्ल्ड टूर जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने दो महीने बाद मेबैंक चैंपियनशिप जीतने के लिए 62 का शानदार फाइनल राउंड बनाकर दूसरी ट्रॉफी जीती।

# राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत ने तीन रजत पदक जीते

**● बिंद्यारानी, मुथुपंडी और स्नेहा उपविजेता रही जबकि कोयल बार ने सुर्खिया बंटोरी**

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन तीन रजत पदक जीते। बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन उपविजेता रहीं, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। ओलंपिक्स डॉट कॉम द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारत की बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन ने कल अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक जीते, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। बंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 58 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 206 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। बयान में कहा गया है, ष्उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा भार उठाया और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा भार उठाकर 122 किग्रा का अंतिम प्रयास विफल कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा, 112 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। बिंद्यारानी देवी ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। वह पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन हैं, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण और 2021 में रजत पदक जीता था। पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में, मुथुपंडी राजा 296 किग्रा (128 किग्रा 168 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, जो मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन से बस थोड़ा पीछे थे, जिन्होंने 297 किग्रा (125 किग्रा 172 किग्रा) भार उठाया था। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा (127 किग्रा, 165 किग्रा) के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, 17 वर्षीय कोयल बार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह दिन कोयल बार के नाम भी रहा, जिन्होंने महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कुल 192 किग्रा (85 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर प्रभावित किया और कुल और क्लीन एंड जर्क में नए युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीनियर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में, नाइजीरिया की ओमोलोला ओनोमे दीदीह ने 197 किग्रा (90 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की स्नेहा सोरेन ने 185 किग्रा (81 किग्रा, 104 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता।

## पंजाब एफसी के छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में भारतीय टीम में शामिल किया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** राउंडग्लास और पंजाब एफसी के जमीनी स्तर से लेकर भारतीय फुटबॉल के उच्चतम स्तर तक के रास्ते बनाने के दृष्टिकोण को एक और शानदार समर्थन मिला है, क्योंकि इसके छह खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्गों में राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। यह चयन न केवल क्लब के लिए, बल्कि युवा विकास और समग्र विकास के उस दर्शन के लिए भी गौरव की बात है जिसने हाल के वर्षों में राउंडग्लास को परिभाषित किया है। इसमें निखिल प्रभु और मुहम्मद उवैस अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए भारतीय सीनियर टीम में चुना गया है। निखिल के लिए, यह चयन गुजरात से शीर्ष स्तर तक की वर्षों की निरंतर प्रगति का पुरस्कार है।

# सिनर, स्वियाटेक, कोको और नाओमी ओसाका ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**● पुरुष वर्ग में शीर्ष वरियता प्राप्त सिनर ने चेक गणराज्य के विटकोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में हरा दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** 2025 यूएस ओपन एकल स्पर्धाओं का पहला दौर मंगलवार को संपन्न हुआ, जिसमें गत विजेता जैनिक सिनर के साथ-साथ शीर्ष दावेदार इगा स्वियाटेक, कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने भी शानदार जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा को मात्र 98 मिनट में 6-1, 6-1, 6-2 से हरा दिया। सिनर ने कहा कि यहां वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बहुत ही खास टूर्नामेंट है। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चिली के एलेजांद्रो ताबिलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में, चैंपियन खिलाड़ियों ने पूरी ताकत से प्रदर्शन किया। स्वियाटेक ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए एकल के पहले मैच में अपनी लगातार 65वीं जीत दर्ज की - जो ओपन युग में एक नया रिकॉर्ड है। दो बार की यूएस ओपन चैंपियन ओसाका को 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में वरीयता दी गई थी, और उन्होंने बेल्जियम की ग्रीट मिनेन पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। गॉफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। 2023 यूएस ओपन चैंपियन ने लगभग तीन घंटे तक संघर्ष किया और अंततः अजला टोमलजानोविक को 6-4, 6-7(2), 7-5 से हराया। गॉफ, जो अपनी सर्विस की समस्या को दूर करने की को. शिश कर रही हैं, ने 10 डबल फॉल्ट किए, लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों में संयम बनाए रखा। उन्होंने कहा कि आज का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं था, लेकिन अंतिम गेम में जब जरूरी था, तब उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। चीनी स्टार वांग शिन्यू ने अमे. रिकी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन डोलेहाइड के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 2-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की और दूसरे दौर में प्रवेश किया। धीमी शुरुआत के बावजूद, वांग ने अपनी रणनीति में बदलाव किया और सरल तथा अधिक निर्णायक खेल से सफलता पाई। वांग ने कहा कि यह एक बहुत ही कठिन मुकाबला था। पहले सेट में मेरा पहला सर्व प्रतिशत कम था। उसके बाद, मैंने धीरे-धीरे खुद को ढाला और अपनी सोच को स्पष्ट किया।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जर्मनी के विश्व नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने देर से शुरुआत से उबरते हुए संयमित प्रदर्शन करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 6-2, 7-6(4), 6-4 से हराकर 2025 यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 28 वर्षीय ज्वेरेव को अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के लिए लगभग ढाई घंटे लगे, जो टूर्नामेंट के पहले रविवार के मैच का हिस्सा था।

2020 यूएस ओपन के फाइनलिस्ट ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी और पहले सेट में दबदबा बनाया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें ताबिलो की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, उन्होंने 5-6 के स्कोर पर एक सेट पॉइंट बचाया और फिर टाईब्रेक में नियंत्रण हासिल कर लिया। उन्होंने तीसरे सेट के निर्णायक दसवें गेम में फिर से सर्विस तोड़ी और मुकाबला जीत लिया। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो कई बार यह बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन आप जानते हैं, मैं आगे बढ़ चुका हूँ, मैंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अभी बहुत कुछ बनाना बाकी है, बहुत कुछ सुधारना बाकी है। इस नतीजे ने ज्वेरेव को नौवीं बार यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचा दिया, जिससे फ्लशिंग मीडोज में शुरुआती दौर के मैचों में उनका रिकॉर्ड 9-1 हो गया। इस जीत ने उन्हें जुलाई में लवबलडन में पहले दौर में मिली हार से उबरने में भी मदद की, जिससे मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंचने सहित उनके उत्तरी अमे. रिकी हार्ड-कोर्ट प्रदर्शन में और सुधार हुआ।

# आर अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास

**अनुभवी स्पिन गेंदबाज अश्विन ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया है। इस अनुभवी स्पिन गेंदबाज ने एक्स पर अपने फैसले की घोषणा की और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का संकेत दिया। अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया, ष्कहते हैं कि हर अंत की एक नई शुरुआत होती है।

एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल के एक अन्वेषक के रूप में मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा 9.75 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद अश्विन की इस साल शानदार वापसी हुई। लेकिन उनका सीजन निराशाजनक रहा, उन्होंने केवल नौ मैच खेले और सात विकेट लिए। इस महीने की शुरुआत में, क्रिकबज ने बताया था कि अश्विन और सीएसके अलग होने वाले हैं। 38 वर्षीय ऑफ स्पिनर, जिन्होंने 2009 में सीएसके के साथ लीग में पदार्पण किया था, ने कई फ्रेंचाइजी के लिए 221 मैचों में 187 विकेट लिए। वह आईपीएल में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्होंने 18 में से 16 सीजन में हिस्सा लिया। अश्विन 2010 और 2011 में सीएसके की खिताबी जीत का अहम हिस्सा थे, उन्होंने क्रमशः 13 और 20 विकेट लिए थे। 2010 में, अश्विन सीएसके की चैंपियंस लीग टी-20 जीत में प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे थे। अगले साल के आईपीएल फाइनल में, उन्होंने पहला ओवर फेंका और सीएसके के 205/5 के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के क्रिस गेल को शून्य पर आउट कर दिया। उन्होंने 2014 में सीएसके के साथ दूसरी चैंपियंस लीग टी-20 ट्रॉफी जीती। अपनी घरेलू फ्रेंच. इजी में लंबे सफल कार्यकाल के बाद, अश्विन ने अब बंद हो चुकी राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, पंजाब किंग्स (जिसके वे कप्तान थे), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेला। 2009 में अपने पदार्पण से लेकर 2015 सीजन तक, अश्विन ने सीएसके के लिए खेला और कुल 90 विकेट लिए। 2016 में, जब सीएसके पर प्रतिबंध लगा, तो उन्होंने आरपीएस के लिए खेला, वह भी एमएस धोनी की कप्तानी में। इसके बाद चोट के कारण वह 2017 सीजन में नहीं खेल पाए। 2018 में, पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर उन्हें 7.60 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया और उन्हें कप्तानी सौंप दी। इन दोनों सीजन में 25 विकेट लेने के बावजूद, पंजाब की किस्मत नहीं बदली और वे दोनों ही मौकों पर शीर्ष चार से बाहर रहे। 2020 सीजन से पहले, उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में ट्रेड कर दिया गया, जहां उन्होंने दो साल तक खेला। 2022 की मेगा नीलामी में, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 5 करोड़ रुपये में खरीदा, जहां उन्होंने युजवेंद्र चहल के साथ मिलकर एक घातक स्पिन आक्रमण तैयार किया। आरआर में पहले दो सीजन में उन्होंने 12 और 14 विकेट लिए, लेकिन 2024 में उनके प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई (8.49 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट)। फिर आरआर ने उन्हें रिलीज कर दिया और सीएसके ने उन्हें बड़ी रकम में खरीद लिया। बीसीसीआई भारतीय अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट के किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को अन्य टी-20 लीगों में खेलने की इजाजत नहीं देता है।

### रूड़की के कुछ इलाकों में बारिश के छह दिन बाद भी जन जीवन बदहाल

# गंगोत्री कुंज कालोनी में आज भी बने हैं गंगा जैसे हालात

## पनियाला रोड स्थित इलाके में नगर निगम के अलावा झबरेड़ा व कलियर विधानसभा के विधायकों का भी है क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इस सीजन की सबसे भारी बारिश को हुए भले ही छह दिन का वक्त गुजर गया। लेकिन रूडकी के कुछ इलाकों में आज भी पानी की वजह से जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यवस्त है। लोग जहां पानी की वजह से अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं तो बच्चे भी स्कूल जाने के लिए कंधों पर बिठाकर बाहर छोडकर आना पड रहा है। वहीं घरों का सामान भी खराब हो गया है।

पनियाला रोड स्थित गंगोत्री कुंज कालोनी में आज भी पानी भरने से हालात बद से बदतर है। बारिश को हुए छह दिन गुजर गये हैं लेकिन इस क्षेत्र व कालोनी के लोगों की न तो नगर निगम ने ही सुध ली है ओर न ही इस क्षेत्र में आने वाले झबरेडा व कलियर विध ानसभा के विधायकों ने ही यहां के लोगों की खैर-खबर ली है। गंगोत्री कुंज कालोनी की रहने वाली एक शिक्षिका ममता जोशी ने बताया कि गली में आज भी दो फिट पानी भरा है। उनके घर में भी गंदा पानी निचले पोरशन में भरा है। सामान भी ऊपर रखना पड रहा है। किचन भी पानी में डूबा है। हालात इतने खराब हैं कि अगर नीचे आना है तो फिर एक फिट गंदे पानी में ही नीचे आना पडेगा ओर यदि गली में जाना है तो फिर एक तरह से गंगा में को ही तैरकर पार करना होगा। शिक्षिका ममता जोशी ने बताया कि पूरी गली में पानी भीरा हुआ है। रहने वाले लोग बेहद परेशान हैं। छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। और अगर स्कूल भेजना है तो पेरेंटस को अपने कंधों पर बिठाकर सडक पर जाना होगा।



❖गली के लोग ऊपरी मंजिल पर रहने को मजबूर, नीचे भरा है बदबूदार पानी

❖बच्चों को स्कूल जाने में भी करना पड़ रहा है बड़ी परेशानी का सामना, तो लोग अपने घरों में रहने को ही हुए मजबूर

कुल मिलाकर न तो नगर निगम ने ही यहां से पानी की निकासी को लेकर गंभीरता से कोई ठोस कदम उठाया है और न ही इस क्षेत्र के दो दो विधानसभा क्षेत्र की सीमा पडने वाली विधायकों ने भी यहां की सुध नहीं ली है। जबकि क्षेत्र के लोग लगातार नगर निगम के अधि कारियों से जहां निकासी के लिए गुहार लगा रहे हैं वहीं झबरेडा व पिरान कलियर के विधायक को भी वह फोन के जरिये अपनी पीड़ा बता रहे हैं लेकिन बिचारे गंगोत्री कुंज कालोनी के लोग पिछले एक सप्ताह से बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर हैं। आज भी घरों में पानी भरा है तो गंगोत्री कुंज कालोनी में भी एक तरह से गंगा ही बह रही है।



# एक नशा तस्कर गिरफ्तार, लाखों की स्मैक बरामद

## मामा के बेटों के साथ कर रहा था नशे का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसएसपी के नेतृत्व में नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार करते हुए लाखों की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर दबोचा है। आरोपी के पास से 105 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपी अपने मामा के लड़कों परवेज व सावेज के साथ मिलकर कर रहा नशे का कारोबार कर रहा था। परवेज व सावेज सहारनपुर से एडीपीएस की धारा में फरार चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को सफल बनाने के लिए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में काम कर रही हरिद्वार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग नशा तस्कर साहिब उर्फ साकिब पुत्र अली शेर को 105.74 ग्राम स्मैक के साथ भगवानपुर मंगलौर हाईवे से शाहपुर जाने वाले चक रोड चौराहे के पास से दबोचा गया। आरोपी सहारनपुर निवासी अपने मामा के लड़कों परवेज व सावेज के साथ मिलकर नशे का कारोबार कर रहा था परवेज व सावेज सहारनपुर से छक्के मामले में वांछित चल रहे हैं जो गिरफ्तारी से बचने के लिए रसूलपुर में रह रहे थे। जिनकी तलाश जारी है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजीव उनियाल, हैड कांस्टेबल इसरार, कांस्टेबल रणवीर मनमोहन और राहुल शामिल रहे।




# हलवापूरी का भोग लगाकर की गई सुख शांति की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम लाठरदेवा हुण में स्थित प्राचीन भगवान श्री गणेश मंदिर में भगवान गणेश को भगवान के भक्तों द्वारा लड्डू तथा देसी घी से बने हलवा पुरी का भोग लगाकर सुख शांति की कामना की गई।

बुधवार आधी रात्रि से ही भगवान गणेश के भक्तों द्वारा भगवान गणेश के दर्शन कर भोग लगाने वालों की लंबी लाइन लग गई ।पूरे दिन भगवान गणेश के दर्शन कर भोग लगाने वाले भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। ग्राम लाठरदेवा हुण स्थित प्राचीन भगवान श्री गणेश मंदिर में भादो मास की गणेश चतुर्थी को पूर्व की भांति इस बार भी मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। प्राचीन काल से यहां पर आसपास गांव से हजारों की संख्या में भगवान गणेश भक्त भगवान गणेश को देसी घी से बने हलवा पूरी तथा लड्डू का भोग लगाकर सुख शांति की कामना करते चले आ रहे हैं ।इस बार भी बुधवार को हजारों लोगों द्वारा भगवान गणेश को भोग लगाकर सुख शांति की कामना की गई। गांव के लोगों संजय कुमार सत्यपाल सिंह अनूप सिंह अंकित कुमार अंशुल चौधरी आदि का कहना है कि मान्यता है कि प्राचीन काल में एक व्यापारी भादो मास की चतुर्थी को यहां से अपना माल बैलगाड़ियों में लेकर दिल्ली से हरिद्वार जा रहा था। उस समय यहां घना जंगल हुआ करता था ।व्यापारी को यहां पर रात हो गई उसने भगवान गणेश से मांग की की वह यहां से सही सलामत हरिद्वार पहुंच गया तो यहां पर वह भगवान गणेश के मंदिर का निर्माण करायेगा।बाद मे इस व्यापारी द्वारा यहां पर भगवान गणेश के मंदिर का निर्माण करवाया गया था। तथा मंदिर के पास ही पानी पीने के लिए कुए का भी निर्माण उसी के द्वारा कराया गया था। तब समय सेही यहां पर भगवान गणेश के मेले का आयोजन होता चला रहा है ।मेले में सैकड़ो की संख्या में मिष्ठान चाट खिलौने आदि की दुकान लगाई गई थी। मेले में कई बड़े-बड़े झूले भी लगे हुए थे। मेले में महिला पुरुष तथा बच्चों की काफी भीड़ रही। मेले में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की विशेष व्यवस्था रही।

# गोरखा समाज ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गोरखा समाज कल्याण समिति द्वारा हरतालिका तीज पर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पारंपरिक परिधान व आभूषणों से सजी महिलाओं ने एक-दूसरे को हरतालिका तीज की शुभकामनाएं दीं और लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

आदर्श नगर स्थित श्री गार्डन में कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव पार्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर समिति के अध्यक्ष व अन्य अतिथियों ने किया। समिति के अध्यक्ष जसवंत सिंह थापा ने सभी को हरियाली तीज की बध ाई देते हुए कहा कि हरतालिका तीज का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। इसी दिन माता पार्वती ने कठोर तपस्या और अटल संकल्प के बाद भगवान शिव को अपने पति रूप में प्राप्त किया था। इसी कारण इस व्रत को सौभाग्य, दांपत्य सुख एवं अखंड सुहाग की प्राप्ति के लिए विशेष महत्व दिया गया है। विवाहित महिलाएं अपने पति के दीर्घायु व सुख-समृद्धि के लिए तथा अविवाहित कन्याएं उत्तम वर की प्राप्ति की कामना से निर्जल व्रत रखती हैं। दिनभर बिना अन्न-जल ग्रहण किए भगवान शिव-पार्वती की आराधना कर कथा-पूजन करती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गोरखा समाज के सदस्य, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। महिलाओं के समूह ने गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से इस पावन पर्व की महत्ता को और भी आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उज्जवल थापा भानबीर गुरुंग, प्रेम सिंह छेत्री, कमल थापा, कल्याण क्षत्री, अनिल गुरुंग, दिलीप प्रधान, डीबी मल्ल, उदय पुन, केबी थापा, दुर्गा थापा, धर्म झा, सुनीता थापा, सीमा थापा, राधिका, विजेता, पूनम गुरुंग, तुलसी आदि उपस्थित रहें।

# दो जिंदा गोवंश सहित दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा मंगलवार रात्रि मुखबिर की सूचना पर ग्राम लाठर देवा शेख के पास से दो लोगों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे दोनों दो गोवंश बैलों को गोकशी के लिए ले जा रहे थे। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि मंगलवार रात्रि पुलिस ग्राम नगला कूबड़ा के पास गश्त कर रही थी। उसी समय एक मुखबिर ने बताया कि दो व्यक्ति दो गोवंश बैलों को गोकशी के लिए लाठरदेवा शेख की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा बताये गये लोगों का पीछा किया गया तथा ग्राम लाठर देवा शेख के पास से दो गोवंश को ले जा रहे लोगों को रोक लिया। पुलिस को देखकर दोनों व्यक्ति भागने लगे लेकिन पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम आदिल पुत्र मुस्तकीम तथा शहनीर पुत्र नसीर अहमद निवासी ग्राम पनियाला थाना गंग नहर रुड़की बताया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह पकड़े गए दोनों बैलों को गोकशी करने के लिए खरीद कर लाए थे। तथा दोनों बैलो को अपने गांव पनियाला ले जा रहे थे। उक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं।

# किसानों के ट्यूबवेल से मोटर चोरी करने वाले दो चोर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर किसाने की ट्वेल्थ से मोटर चोरी कर तांबे का तार निकालने वाले दो सातीर चोरों को गिरफ्तार किया है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया रात्रि में खेतों में लगे ट्यूबेल मोटर से तांबे की तार को बड़े ढंग से काटकर चोरी की घटना को देते थे अंजाम 3 जुलाई 2025 को श्याम पुत्र नरेश कुमार निवासी मोहम्मदपुर बुजुर्ग व 26 अगस्त 2025, कोप्रेरित अग्रवाल पुत्र घनश्याम निवासी खरंजा कुतुबपुर के द्वाराथाने पर तहरीर दी गई थी जिसमें संबंधित मुकदमा अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ पंजीकृत किया गया था मोटर चोरियों की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटनाओं के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खगालते हुए मुखबीर की सूचना पर 27 अगस्त 2025 को दो अभियुक्तागणों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 10 किलोग्राम अवैध तांबे की तार बरामद हुई जो उन्होंने किसानों के ट्यूबैल से मोटर चोरी कर निकाली थी पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम फरमान पुत्र मेहरबान निवासी आदर्श कॉलोनी बाजार लक्सर दूसरे ने शारिक पुत्र महबूब वार्ड नंबर 5 लक्सरी कोतवाली बताए उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह कांस्टेबल अरुण चौहान मोहित खंतवार शामिल रहे पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए दोनों अभियुक्ता को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# बेटे को साथ रखने की जिद पर अड़ी उसकी मां व दादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पति की मौत के बाद उसके चार वर्षीय बेटे को अपने साथ रखने के लिए सास-बहू के बीच कहासुनी हो गई। इसके कारण बच्चे को लेकर दोनों सास बहु सुल्तानपुर पुलिस चौकी पहुंची और दोनों बच्चे को अपने साथ रखने की जिद पर अड़ गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों को समझाबुझाकर घर भेज दिया है। सुल्तानपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अकबरपुर ऊद गांव निवासी एक व्यक्ति की दो महीने पहले मृत्यु हो गई थी। बताया जा रहा है कि मृत व्यक्ति के यहां एक लड़का और एक लड़की है। लड़के की उम्र 4 वर्ष है। बताया जा रहा है कि व्यक्ति की मृत्यु के कुछ दिन बाद उसकी पत्नी अपनी बेटी को साथ लेकर मायके चली गई थी। उसका 4 वर्षीय बेटा अपनी दादी के पास ही रहा। बताया जा रहा है कि रविवार को महिला अपने ससुराल अकबरपुर ऊद गांव पहुंची। इस दौरान महिला अपने चार वर्षीय बेटे को अपने साथ मायके ले जाने की जिद करने लगी। इस बात को लेकर सास और बहू के बीच जमकर कहासुनी हुई। बच्चे की मां का कहना है कि पति की मौत के बाद उस बेटे का ही सहारा है। उसी के साथ उम्र गुजार दूंगी जबकि बच्चों की दादी का कहना है कि परिवार का यही वारिस है। दादी उसे अपने साथ रखना चाहती है। दोनों बच्चे को अपने साथ रखने की जिद पर अड़ी रहीं।

# ऑपरेशन कॉलनेमि में फर्जी बाबा गिरफ्तार

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा पुलिस द्वारा ऑपरेशन कालनेमि के दौरान बुधवार को फर्जी चोला धारी तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि कस्बे से बुधवार को फर्जी साधु वेश धारी संदिग्ध तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद वैधानिक कार्रवाई की गई है। पूछताछ में फर्जी बाबाओ ओमपाल सिंह निवासी लछेडा थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर दूसरा मलकीत पुत्र बंजारा निवासी ग्राम डकोला हरियाणा तथा बिल्लू पुत्र बलजीत निवासी रादौर जिला यमुनानगर हरियाणा बताया गया।

# मार्ग निर्माण पर ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार

**मंगलौर।** विधानसभा क्षेत्र के भगवानपुर चंदनपुर से हाईवे जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य विध ायक के द्वारा शुरू करवाया गया है। इस मार्ग के निर्माण की मांग लम्बे समय से क्षेत्र के ग्रामीण कर रहे थे। लोगों ने इस मार्ग के बनने के बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी।

जानकारी के अनुसार मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर चंदनपुर से हाईवे जाने वाले खड़ंजा मार्ग पिछले दिनों भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके चलते स्थानीय लोगों को आने जाने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।ग्रामीणों ने मंगलौर विध ायक काजी निजामुद्दीन से गुहार लगाई। विधायक काजी निजामुद्दीन के प्रयासों से अब लोकनिर्माण विभाग ने रास्ते को सुधारने का कार्य शुरू करा दिया है। लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीण मुसर्रत अली ने कहा कि इस रास्ते के टूट जाने से कई दिनों तक कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब विधायक निजामुद्दीन द्वारा इसका कार्य शुरू करवाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बनने के बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# लंढौरा कस्बे को मॉडल टाउन की तर्ज पर बनाया जाएगा : डा. नसीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष डा० नसीम अहमद ने कस्बे के विकास के लिए जनसहयोग की बात करते हुए कहा कि कस्बे को मॉडल टाउन बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे इसके लिए वह प्रयासरत है।

बुधवार को को नगर पंचायत कार्यालय में कस्बे के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष डा० नसीम अहमद ने कहा कि कस्बे में जर्जर सड़कों का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। बरसात के दौरान नगर के कुछ मौहल्लों में होने वाले जलभराव को लेकर नाला गैंग व सफाई कर्मचारियों नाले व नालियों की सफाई को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। गरीबों और श्रमिकों को पेंशन साथ-साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कस्बे के विकास के लिए जनसहयोग को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि सड़कें बिजली स्कूल और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंढौरा कस्बा हरिद्वार जनपद का सबसे पिछड़ा हुआ कस्बा है। यहां नगर पंचायत गठन से लेकर आज तक उतना विकास नहीं हुआ जितना होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि लंढौरा को मॉडल टाउन बनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वह बिना भेदभाव हर वर्ग हर समाज का ईमानदारी से विकास कराने का प्रयास करेंगे।



### सालाना उर्स मेले के मद्देनजर दरगाह क्षेत्र में

# बीडीएस की टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के सालाना उर्स मेले के मद्देनजर दरगाह क्षेत्र में बीडीएस की टीम ने दरगाह क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने दरगाह कार्यालय रैंन बसेरा,बाजरों सहित अन्य स्थानों पर चेकिंग की अभियान चलाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक का सालाना उर्स/मेला में शामिल होने के लिए देश विदेश से जायरीन कलियर पहुंचते हैं। जायरीनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बीडीएस की टीम के एएसआई दीपक भट्ट ने पुलिस टीम के साथ दरगाह परिसर ,साबरी मेहमान खाना दरगाह कार्यालय रेंन बसेरा, बाजरों सहित अन्य स्थानों पर चेकिंग की अभियान चलाया।

एएसआई दीपक भट्ट ने बताया की उर्स/मेले की सुरक्षा के मद्देनजर दरगाह क्षेत्र और आसपास में बीडीएस की टीम के साथ चेकिंग की है। टीम आगे भी चेकिंग करेगी। इस मौके पर बीडीएस टीम में दीपक भट्ट ,मनोज कुमार , सुखारीलाल,सर्वेश कुमार जितेंद्र कुमार आदि शामिल रहें।



### लक्सर पुलिस ने स्कूलों में जाकर

# बच्चों को नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने स्कूलों में जाकर नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बच्चों को जागरूक किया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया मुख्यमंत्री उत्तराखंड के नशा मुक्त देवभूमि अभियान को साकार करने के लिए जनपद को नशा मुक्त करने व नशा स्मैक चरस गांजा आदि शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई व स्कूलों में जाकर बच्चों को बताया गया कि जिस घर में भी नशा घुस जाता है वह घर बर्बाद हो जाता है इसीलिए सबको चाहिए कि अपने घर से नशे को बाहर रखें 26 अगस्त 2025 को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज रायसी में छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस पाठशाला आयोजित कर नशे से दूर रहने एवं नशे से होने वाली घातक बीमारियों के संबंध में जागरूक किया गया वहां पर पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत उप निरीक्षक प्रियंका नेगी हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार कांस्टेबल अनिल वर्मा शामिल है।



# नाकाम रही बातचीत

आखिरकार वही हो गया, जिसकी आशंका काफी समय से की जा रही थी। अब भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया। टैरिफ लागू होने से यह साफ हो गया कि पर्दे के पीछे जो टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही थी, वह परवान नहीं चढ़ सकी। टैरिफ को लेकर अब नफे-नुकसान की बातें भी होने लगी हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट की मानें, तो इस नए टैरिफ से भारत का लगभग 5.4 लाख करोड़ का आयात प्रभावित होगा। ऐसा माना जा रहा है कि इस नए टैरिफ से इंजी. नियरिंग, गुड्स, छोटे और मध्यम उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

यहां भारत को घाटा होगा, वहीं चीन, वियतनाम और मैक्सिको जैसे देशों को लाभ पहुंचेगा, क्योंकि उनके सामान वहां सस्ते दाम पर बेचे जाएंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में स्वीकार्यता कम होगी। बड़ी संख्या में नौकरियां भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही हैं। ट्रम्प अभी रुक नहीं रहे हैं, वह भारत को बराबर धमका रहे हैं और कह रहे हैं कि 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। जाहिर है अगर ऐसा होता है, तो इससे भारतीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा। हालांकि अच्छी बात यह है कि भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने लगभग 50 देशों के लिए नई निर्यात रणनीति बनाई है। अब भारत चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीकी बाजारों पर फोकस करेगा। साफ है कि अमे. रिका के बाजार का विकल्प तलाश करने के लिए अब भारत को अन्य देशों के बाजार में अपनी पैठ बनानी होगी। निश्चित रूप से यह काम इतना आसान भी नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं है। असल सवाल यह नहीं है कि भारत को इस नए टैरिफ से कितना लाभ या हानि होगी, असल सवाल यह है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत के साथ बेगाने जैसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं। अभी कल तक जो अमेरिका अपने आपको भारत का रणनीतिकार बताता था और ट्रम्प स्वयं पीएम मोदी को अपना घनिष्ठ मित्र बताते रहे हैं, तो भारत के साथ इस तरह की बेरुखी किसी के समझ में नहीं आ रही है। चीन, पाकिस्तान, मलेशिया, इंडोनेशिया, मैक्सिको जैसे देशों पर भारत से बहुत कम टैरिफ लगाया गया है। जाहिर है भारत में भी भारत की विदेश नीति को लेकर एक बहस छिड़ गई है, कांग्रेस तो पूरी तरह हमलावर हो रही है कह रही है कि ट्रेड पर कोई सम्मानजनक डील न होना इस बात का सबूत है कि भारत की विदेश नीति व कूटनीति पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यह हमने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के समय भी देखा था, जब हमारे साथ कोई भी देश नहीं खड़ा था। इतना ही नहीं ट्रम्प ने फिर से अपनी इस पुरानी बात को दोहराया है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में उन्होंने मध्यस्थता की, यह भी कहते हैं कि व्यापार की धमकी को देकर ही दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम कराया। यह अलग बात है कि भारत ऐसा नहीं मानता, लेकिन लगता है कि ट्रम्प पर इसका प्रभाव नहीं पड़ रहा है, जहां भी अवसर मिलता है वह इस बात को दोहराते हैं।

## जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा



देशभर में वोट की चोरी हो रही है, इसी के खिलाफ हमने यह यात्रा शुरू की है, इसकी सफलता देखकर मैं काफी उत्साहित हूं, आने वाले दिनों में हमारी सरकार बनेगी और जनता का समर्थन देश में नई क्रांति लाएगा, यह लड़ाई सां. प्रदायिक ताकतों और वोट की चोरी करने वालों से है, जिसमें सभी दल एकजुट होकर साथ दे रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर के समय युद्ध विराम को लेकर पीएम मोदी ने अमेरिका के दबाव में घुटने टेक दिए थे, जब युद्ध चल रहा था, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को फोन किया और कहा कि 24 घंटे के भीतर युद्ध बंद कर दो, इसके बाद मोदी ने महज पांच घंटे के भीतर ही युद्ध बंद कर दिया, यह बात उन्होंने नहीं, बल्कि खुद ट्रम्प ने सार्वजनिक रूप से कही थी। –राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# जंगल नहीं, बच्चों की सांसें काट रहे हैं हम

## वृक्षों के कटान में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर

### आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं



पवन सिंह



आदमी को जब-जब ताकत मिली है तब-तब उसने अपनी शक्तियों का प्रयोग नृशंसता के साथ किया है। इतिहास गवाह है कि ऐसे व्यक्तियों ने वर्तमान ही नहीं भविष्य भी नष्ट-भ्रष्ट कर डाला है। भारतीय संदर्भ में मैं यह कह सकता हूं कि अब हमारी बारी है। नेता-मलाईदार पद के लिए सर्प की तरह लपलपाती जुबान वाले अफसरों-आदमखोर उद्योगपतियों और धर्म के अंधियारे में डूबी आवाम ने मिलकर पर्यावरण पर जिस तरह का वहशियाना हमला किया है, ऐसा इस प्रकृतिवादी देश में कभी नहीं हुआ।

एक पेड़ मां के नाम जैसे नारे देकर पूरे के पूरे जंगल साफ करने की भयावह कवायद इस देश में देखी जा सकती है। बड़े-बड़े फर्जी और दिखावटी नारों की आड़ में हम सब वह कर रहे हैं, जो विश्व के किसी भी देश में देखने को नहीं मिलेगा। भारत में हम जंगल के जंगल साफ कर रहे हैं और गमलों में बोनसाई उगा रहे हैं। आप सबकी आंखों में धूल झोंक सकते हैं, लेकिन प्रकृति की आंखों में नहीं। इसीलिए नेचर भी आपसे लड़ने के लिए फेंटा कस कर मैदान-ए-जंग में उतर चुकी है। हमारे देश की हालत यह है कि यहां अब बे-सिर-पैर के विषयों पर ही चर्चा होती है, जबकि शिक्षा, पर्यावरण, चिकित्सा, विज्ञान पर बात करना या तो अपराध की श्रेणी में आता है या मूर्खता की।

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 की रिपोर्ट आई है। हर दो सालों पर यह रिपोर्ट आती है। वन क्षेत्रों को लेकर बहुत ही चमकदार रिपोर्ट बनाई गई है। बकौल रिपोर्ट, बीते दो वर्षों में देश के वन और वृक्ष आवरण क्षेत्रों में 1,445 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई, जो अब देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। हालांकि, दो साल में एक बार प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट का विश्लेषण देश में वनों की स्थिति को लेकर एक चिंता पैदा करने वाली असलियत उजागर करता है।

रिपोर्ट आई और चली गई। इस रिपोर्ट पर हिंदू-मुस्लिम मीडिया ने कोई चर्चा नहीं की। विश्लेषण नहीं किया। रिपोर्ट में छिपा सबसे बड़ा सच तो यह है कि वर्ष, 2023 में वन आवरण में वृद्धि मात्र 0.02 प्रतिशत है, जो कि 2021 की तुलना में न के बराबर है। रिपोर्ट राजा के डर के कारण, हौले-हौले से, धीरे-धीरे से, डरते-सहमते बहुत कुछ कह जाती है। रिपोर्ट में दर्ज राज्यवार आंकड़ों का विश्लेषण करिए तो पता चला है कि देश में वन क्षेत्र में जबरदस्त गिरावट आई है। उदाहरणार्थ-असम के रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (आरएफए), जिसमें सरकारी रिकॉर्ड में मौजूद वन शामिल हैं, उनमें 86.66 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। यह डरावनी स्थिति है। रिपोर्ट बताती है कि सघन वन (एमडीएफ) 8,333 वर्ग किलोमीटर से घटकर मात्र 4,468 वर्ग किलोमीटर रहे गए हैं। यानी कि आधे रह गए हैं। वहीं, अति सघन वन क्षेत्र में थोड़ी वृद्धि हुई है। यह 2,789 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2,833 वर्ग किलोमीटर हो गए हैं। त्रिपुरा में, आरएफए के अंतर्गत मौजूदा वन क्षेत्र घटकर 116 वर्ग किलोमीटर रह गया है।

यही हाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, तेलंगाना और लद्दाख का भी है, जहां वन क्षेत्रों का दायरा घटा है। रिपोर्ट बताती है कि आरएफए के अंदर कुल 46,707 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र कैनोपी में गिरावट का सामना कर रहे हैं। यानी कि कभी अत्यधिक घने, मध्यम घने और खुले वन क्षेत्र से बदलकर गैर-वन क्षेत्रों में परिवर्तित हो गए हैं। बकौल रिपोर्ट, कैनोपी के घनत्व को सबसे ज्यादा नुकसान 0 से 10 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में हुआ, जो 31,709 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसके बाद, 10 से 50 हेक्टेयर वाले क्षेत्रों में 9,531 वर्ग किलोमीटर में वितान आवरण को नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 50 हेक्टेयर से अधिक वाले क्षेत्रों में वितान को होने वाला नुकसान 5,466 वर्ग किलोमीटर में फैला था।

50 हेक्टेयर से बड़े क्षेत्र के मामले में वितान आवरण को सबसे अधिक क्षति मिजोरम में हुई है, जहां 892।81 वर्ग किलोमीटर में इसमें गिरावट आई है। इसके बाद बाद राजस्थान में 558 वर्ग किलोमीटर और तेलंगाना में 557 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वितान आवरण को गिरावट का दंश झेलना पड़ा है। रिपोर्ट में 92,989 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की भी पहचान की गई है, जो विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत गिरावट से जूझ रहे हैं। इसमें 44,891 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का भी उल्लेख किया गया है जो मध्यम सघन वन (एमडीएफ), खुले जंगलों और झाड़ियों से गैर-वन क्षेत्रों में बदल सकते हैं। यह सब बहुत ही भयावह और डरावना है।


गुजरात में मैंग्रोव को सबसे बड़ा नुकसान हुआ, जहां 2021 की तुलना में 2023 में राज्य ने 36.39 वर्ग किलोमीटर में फैले मैंग्रोव खो दिए हैं। कच्छ में रिकॉर्ड के मुताबिक सबसे ज्यादा 61.14 वर्ग किलोमीटर कवर कम हुआ है। यह सब लिखते और पढ़ते हुए मैं बेहद डरा हुआ हूं कि हमारे बाद की पीढ़ियों का होगा क्या? क्या उनकी औसत आयु प्रदूषण और पर्यावरण जनित भयावह स्थितियों के कारण कुछ ही साल रह जाएगी? न शुद्ध हवा, न पानी, न भोजन। इसके बाद आदमखोर, उद्योगपति- सत्ताधीश और लालची अफसर और घंटा टनटनाती मूर्ख आवाम क्या करेगी? खैर, अकेले गुजरात ने ही मैंग्रोव नहीं खोते हैं बल्कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भी विगत दो वर्षों की तुलना में 4.65 वर्ग किलोमीटर मैंग्रोव क्षेत्र को दिया है। हम वन विनाश के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर आ चुके हैं। हमने विगत पांच वर्षों में 668,400 हेक्टेयर में फैले जंगल काट डाले हैं। सरकार ने संसद में जानकारी दी कि दिसंबर 2024 तक हसदेव वन में 94,460 पेड़ काटे गए हैं और भविष्य में और काटे जाएंगे, क्योंकि सरकार ने कोयला खनन के लिए कुल 2,73,757 और पेड़ों को काटने की मंजूरी दी है। यह कटान अडानी सर को कोयला देगी।

जुलाई 2025 में, केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया कि अडानी समूह की परसा ईस्ट केंटे बेसिन PEKB कोयला खदान के लिए 3.68 लाख से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। इससे पहले, मुंबई के आ.रे.जंगल में मेट्रो शेड के लिए लगभग 2,600 पेड़ों को काटा गया था, शुरुआती दौर में 2,000 से अधिक पेड़ काटने की मंजूरी मिली थी, जिसे स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने चुनौती दी थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने आगे कोई पेड़ न काटने का आदेश दिया, लेकिन इसके बावजूद कटाई की गई। राजस्थान के चार जिलों में इतनी पेड़ों की कटाई हुई है कि जीवन-चक्र ही बर्बाद हो गया है। राजस्थान में 26.40 लाख पेड़ कट चुके हैं। आने वाले साल में 38.54 लाख पेड़ और काटे जाएंगे। इस कटान से बड़ी संख्या में तितली, पक्षी और अन्य वह कीट-पतंगें खत्म हो गए हैं जिनका संबंध प्रकृति जीवन चक्र से था। इसका सीधा असर पेड़-पौधों व कृषि उत्पादन पर पड़ा है। इसी हाल, पश्चिमी घाट वन क्षेत्र का है। यहां भी वन क्षेत्रों में कमी आई है। वन राज्य रिपोर्ट 2023 के अनुसार, पिछले दशक में पश्चिमी घाट में लगभग 58.22 वर्ग किमी वन क्षेत्र का नुकसान हुआ है, जहां मध्यम और खुले घने जंगल में कमी आई है। जिन गंभीर विषयों पर भारतीय मीडिया को मुखर होना चाहिए था, वहां वह मौत सी खामोशी ओढ़ कर, अन्य विषयों पर रक्कासा बना हुआ है। यह समय वैचारिक, वैज्ञानिक और चारित्रिक व व्यावहारिक पतन का स्वर्णिम समय है। यकीन मानिए एक दिन नेचर, जमीन-हवा और जल का सारा हिसाब-किताब आप और आपकी पीढ़ियों को दफन करके ले लेगी। मानव प्रजाति का विनाश तेजी से करीब आ रहा है और इस विनाश को स्वयं मानव ने न्यौता दिया है। अभी तो भूस्खलन, बाढ़, सूखा और भयावह गर्म दिनों का ट्रेलर रिलीज हुआ है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। यह पूरी फिल्म, हमारी पीढ़ियां मौत की हिचकियां लेते हुए देखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को जगा सकते हैं

**दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर कोशिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है?**



चूहों पर हुए एक अध्ययन के अनुसार कोविड-19 और फ्लू जैसे संक्रमण सुप्त कैंसर कोशिकाओं को सक्रिय कर सकते हैं। नेचर में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, ऐसे संक्रमण कुछ मरीजों में कैंसर से मौत का खतरा लगभग दुगना कर सकते हैं। दरअसल, कैंसर के इलाज में मुख्य ट्यूमर हटा देने के बाद भी कुछ कैंसर कोशिकाएं अस्थिमज्जा या फेफड़ों जैसी जगहों में छिपी रह सकती हैं। इन्हें सुप्त कैंसर को. शिकाएं कहते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रहती हैं लेकिन मौका मिलने पर मेटास्टेसिस यानी कैंसर फैलने की वजह बन सकती हैं, लेकिन इनके जागने का कारण क्या है? पूर्व अध्ययनों में पाया गया था कि धूम्रपान, उम्र बढ़ना या कुछ बीमारियों से होने वाला जीर्ण शोथ इसका कारण हो सकते हैं। लेकिन कोलोराडो युनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के जेम्स डीग्रेगरी और उनकी टीम को लगा कि शायद सांस के संक्रमण से होने वाले गंभीर शोथ का भी इसमें हाथ हो सकता है।

इसे परखने के लिए उन्होंने चूहों को इस तरह तैयार किया कि उनमें स्तन कैंसर टड्‌मर बनें और फेफड़ों में सुप्त कैंसर कोशिकाएं मौजूद रहें। फिर इन चूहों को या SARS-CoV-2 (कोविड-19 वायरस) या इन्फ्लुएंजा (फ्लू) वायरस से संक्रमित किया। नतीजे चौंकाने वाले थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि संक्रमण के कुछ ही दिनों में सोई हुई कैंसर कोशिकाएं तेजी से बढ़ने लगीं और फेफड़ों में मेटास्टेटिक घाव बनने लगे। इसका कारण सिर्फ वायरस नहीं, बल्कि इंटरल्यूकिन-6 IL-6 नाम का एक प्रतिरक्षा अणु था, जो संक्रमण से लड़ने में अहम भूमिका निभाता है। जब वैज्ञानिकों ने ऐसे चूहों पर प्रयोग किया जिनमें IL-6 नहीं था, तो कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि काफी धीमी रही। इससे साबित हुआ कि IL-6 इस प्रक्रिया का मुख्य कारक है। एक और चौंकाने वाली बात यह निकली कि हेल्पर T कोशिकाएं, जो आम तौर पर बीमारियों से बचाव करती हैं, वे इन कैंसर कोशिक. ाओं को प्रतिरक्षा प्रणाली के हमले से बचा रही थीं। इन निष्कर्षों के बाद वैज्ञानिकों ने यूके बायोबैंक का डैटा देखा और पाया कि जिन लोगों को कोविड-19 हुआ था, उनमें कैंसर से मरने का खतरा उन लोगों की तुलना में लगभग दुगना था जिन्हें कोविड नहीं हुआ। इसके अलावा यह खतरा संक्रमण के बाद शुरुआती कुछ महीनों में सबसे ज्यादा था। वैसे तो यह निष्कर्ष शुरुआती हैं और अभी और अधिक अनुसंधान की जरूरत है, लेकिन चीजें और स्पष्ट होने तक संक्रमण से एहतियात बरतना ही बेहतर होगा। -स्रोत फीचर्स

# पशु प्रेमियों के देश में वृद्धजनों की दुर्दशा

निर्मल रानी





इन दिनों भारत में सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आवारा कुत्तों को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। वैसे तो आवारा कुत्तों के पक्ष में और इसके खिलाफ भारतीय समाज पहले से ही विभाजित है परन्तु इस विषय को लेकर ताजातरीन बहस की शुरुआत उस समय हुई जब सर्वोच्च न्यायलय ने गत 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर अर्थात दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली नगर निगम व अन्य नगर निकायों को निर्देश दिया था कि वे 8 सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को पकड़ें और उन्हें स्थाई रूप से शेल्टर होम्स या पाउंड्स में रखें।

अपने इस आदेश में सर्वोच्च न्यायलय ने कुत्तों को वापस सड़कों पर छोड़ने पर भी रोक लगाई थी। चूंकि कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही थी खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमलों की शिकायतें बढ़ती जा रही थीं और इस संबंध में केवल दिल्ली में ही हजारों मामले दर्ज हो चुके थे और रेबीज से होने वाली मौतें में भी वृद्धि होती जा रही थी इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए यह आदेश दिए गए थे। अपने आदेश में न्यायलय ने कहा था आर्टिकल 21 के तहत जीवन का अधिकार व नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसी के साथ अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम्स बनाए जाएं व कुत्तों को पकड़ने के लिए संसाधन भी जुटाए जाएं। यहां तक कि इस अदालती निर्देश में बाधा डालने वाले पशु प्रेमियों व गैर सरकारी संगठनों को दण्डित करने का भी निर्देश दिया गया था परन्तु इस जनहितकारी अदालती आदेश के बाद तो देश के श्कुत्ता प्रेमियोंश में कोहराम मच गया। मानव सुरक्षा को दरकिनार कर कुत्ता प्रेमियों द्वारा तर्क दिया जाने लगा कि शेल्टर होम्स में कुत्ते असुरक्षित रहेंगे, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते लाखों कुत्तों को शेल्टर में रखना अव्यावहारिक है। इससे लाखों कुत्तों को कैद करने और संभावित रूप से मारने का खतरा बढ़ेगा। इसे एनिमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) रूल्स, 2023 का उल्लंघन बताया जाने लगा। पशु प्रेमियों द्वारा इस अदालती आदेश को बहुत कठोर बताया जाने लगा। जगह जगह धरने प्रदर्शन शुरू हो गए। कुत्ता प्रेमी अदालती आदेश की अवहेलना करने पर आमादा दिखाई देने लगे।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर 22 अगस्त 2025 को एक संशोधित आदेश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 11 अगस्त 2025 के मूल आदेश में बदलाव करते हुए नए निर्देश जारी किए। इन संशोधित निर्देशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि कुत्तों को पकड़ना जारी रखें, लेकिन उन्हें स्टरलाइज नसबंदी, डीवार्म कीड़े निकालना तथा वैक्सीनेट टीका लगाना करें। गैर-आक्रामक नॉन-एग्रेसिव और गैर-संक्रमित रेबीज मुक्त कुत्तों को उसी इलाके में वापस छोड़ें। केवल रेबीज संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही अलग शेल्टर में रखें। जबकि सड़कों पर खाना खिलाना प्रतिबंधित करार दिया गया। अदालत ने प्रत्येक वार्ड में समर्पित फीडिंग स्पॉट बनाने व नोटिस बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया। यह भी निर्देशित किया गया कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उन्हें सड़क पर नहीं छोड़ सकते। इन निर्देशों में बाधा डालने वाले कथित पशु प्रेमियों पर व्यक्तिगत तौर पर 25,000 तथा गैर सरकारी संगठनों पर 2,00,000 रूपये जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। जुर्माने से वसूली गई यह धनराशि शेल्टर होम बनाने में इस्तेमाल होगी। यह संशो. धित आदेश पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और ABC रूल्स, 2023 पर आधारित है, जो पशुओं को मारने के बजाय स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन पर जोर देता हैं, परन्तु समाज के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि नागरिक सुरक्षा और पशु कल्याण के मध्य संतुलन कैसे बिठाया जाए। पशु प्रेमी होने में कोई बुराई नहीं, परन्तु क्या पशु प्रेम विशेषकर कुत्ता प्रेम को मानव प्रेम पर तरजीह दी जा सकती है? देश में रोजाना कुत्ते के काटने से सैकड़ों लोग बुरी तरह घायल होते हैं। अनेक की मौत हो जाती है। इनहीं कुत्तों की वजह से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं। स्कूल जाते बच्चों पर व असहाय बुजुर्गों पर आवारा कुत्ते घातक हमले कर देते हैं। उस समय इन कुत्तों से प्यार करने वाला कोई भी पशु प्रेमी सामने नहीं आता। उल्टे कई बार तो पीड़ित राहग. ीरों पर ही यह दोष मढ़ दिया जाता है कि वह उधर से गुजरा ही क्यों या फिर पहले उसने कुत्ते को छेड़ा होगा आदि आदि। हद तो यह है कि कई बार यही कुत्ते अपने श्कुत्ता प्रेमी श को ही काट लेते हैं। निश्चित रूप से कुत्तों को दोष इसलिए नहीं दिया जा सकता कि उनकी प्रवृति ही हिंसक है। इसलिए कुत्तों के काटने भोंकने या उनके पीछे दौड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि कुत्तों की वफादारी से भी इंकार नहीं किया जा सकता। कुत्तों को तो मनुष्य से भी अधिक वफादार माना जाता है। परन्तु उनकी हिंसक प्रवृत्ति को नकारना और कुत्ता प्रेम की शर्त पर मानव सुरक्षा से समझौता करना भी तर्कसंगत नहीं। इसी संदर्भ में एक बात और भी ध्यान देने योग्य है कि जिस तरह सर्वोच्च न्यायलय के गत 11 अगस्त के आदेश के बाद देश के कुत्ता प्रेमी सड़कों पर उतर आए और अपने पशु प्रेमी होने का प्रदर्शन करने लगे यहां तक कि कई कुत्ता प्रेमी तो अदालती आदेश को लेकर रोते पीटते भी दिखाई दिए वास्तव में यदि इसी स्तर पर समग्र भारतीय समाज में मानव प्रेम की भावना होती तो शायद आज देश में कहीं भी वृद्धाश्रम की जरुरत न होती। वृंदावन में लाखों विधवाएं अपने भाग्य पर आंसू न बहा रही होतीं। अयोध्या,मथुरा व काशी जैसे अनेक धर्म स्थान बुजुर्ग व असहाय भिखारियों से भरे न होते। देश के स्टेशन व फुट पाथ पर बड़ी संख्या में निराश्रित लोग नजर न आते। यानी पशु प्रेमियों के इस देश में कम से कम वृद्ध जनों की ऐसी दुर्दशा देखने को तो न मिलती?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी तेल खरीदने की सजा, अब जिनपिंग से हाथ मिलाएंगे मोदी

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ को लेकर वर्ल्ड मीडिया ने जताई प्रतिक्रिया

**लंदन।** अमेरिका का भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ आज यानी 27 अगस्त से लागू हो गया है। इससे पहले ट्रम्प ने जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, अब भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत और चीन के बीच 5 साल पहले हुई हिंसक झड़प के बाद रिश्तों में तनाव आ गया था, लेकिन अब ट्रम्प के आर्थिक दबाव के बाद उनके बीच नजदीकी बढ़ने लगी है। पीएम मोदी इस हफ्ते 2018 के बाद पहली बार चीन का दौरा करेंगे।

वे शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। जियो पालिटिकल उथल-पुथल के इस दौर में दोनों नेता पुरानी तल्खियों को पीछे छोड़ते हुए आर्थिक मुद्दों पर फोकस करेंगे और आपसी सहयोग के लिए हाथ मिलाएंगे। यह देखना बाकी है कि यह यात्रा ग्लोबल रिलेशन को कैसे प्रभावित करेगी। क्या इससे अमेरिका को चिंता होनी चाहिए? अखबार ने एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है कि अगर अमेरिका, भारत को खो देता है, तो यह उसके लिए 'सबसे बुरा परिणाम' साबित होगा। न्यूयार्क टाइम्स ने कहा कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का बोझ, रूसी तेल खरीदने की सजा। ट्रम्प ने भारत के सभी सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है। 25 प्रतिशत टैरिफ रूसी तेल खरीदने के कारण लगा है। इससे भारत के उन निर्यातकों को भारी नुकसान होगा, जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। साथ ही यह कदम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते आर्थिक रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में से दो-तिहाई का कारोबार भारत में है। यह टैरिफ भारत



के शेयर बाजार में अरबों डॉलर के विदेशी निवेश को भी अस्थिर कर सकता है, जो दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगने से अमेरिकी आयातकों की चीन की फैक्ट्रियों पर निर्भरता कम करने की रणनीति कमजोर पड़ सकती है। भारत, जो इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में अमेरिका का मजबूत साझेदार है, अब दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ देने वाले देशों में शामिल हो गया है। यह भारत के लिए बड़ा झटका है। इससे भारत के निर्यात और आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ सकता है।

### 1 द गार्डियन:

ट्रम्प के टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचने और ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यवधान पड़ने का खतरा है। अमेरिका के इस कदम से भारतीय निर्यातक विदेशों से आने वाले सामानों पर सबसे ज्यादा अमेरिकी शुल्कों का सामना कर रहे हैं।

### 2 एसोसिएटेड प्रेस:

भारत को अपने सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका से तगड़ा झटका लगा है। इससे भारत के 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ेगा। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि इससे अमेरिका को निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं और आर्थिक विकास धीमा पड़ सकता है।

### 3 फाइनेंशियल टाइम्स:

भारत पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट लागू हो गया है। ट्रम्प के इस फैसले से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। भारतीय विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प का यह कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का दबाव बनाने के लिए भी है। हालांकि, भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 10वां टेस्ट कामयाब

■ **पहली बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग**

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट बुधवार (27 अगस्त) को किया गया, जो कामयाब रहा। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए।

स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई गई। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया गया। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए किया गया।

# डिजिटल टैक्स लगाने वालों पर गिरेगी गाज

## अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स खत्म नहीं किया, तो उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रम्प ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिकत टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं।

ट्रम्प ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिकत टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा। ट्रम्प इससे पहले भी डिजिटल टैक्स पर कनाडा और फ्रांस जैसे देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन यूरोपीय संघ या उसके सदस्य देशों के उन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जो



**राष्ट्रपति ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने जताई चिंता, दुर्लभ मस्तिष्क विकार होने के स्पष्ट संकेत**

ब्लाक के ऐतिहासिक डिजिटल सर्विसेज एक्ट को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह एक्ट अमेरिकी टेक कंपनियों पर अतिरिकत नियामक बोझ डालता है।

यूरोप में कई देशों ने डिजिटल सेवा प्रदाताओं के राजस्व पर टैक्स लगाया है, जो मुख्यत: अमेरिकी दिग्गजों जैसे गूगल, फेसबुक, एपल और अमेजन को प्रभावित करता है। भारत ने ट्रम्प के टैरिफ से बचने की कोशिश के चलते एक अप्रैल, 2025 से ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 फीसद इक्विलाइजेशन लेवी को खत्म करने की घोषणा की है, जिसे डिजिटल टैक्स के रूप में जाना जाता है। डिजिटल टैक्स हटाने से गूगल, मेटा और अमेजन जैसी अमेरिकी कंपनियों को राहत मिलने की संभावना है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से सीमा शुल्क राजस्व सालाना 500 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। इसमें जुलाई-अगस्त के बीच काफी उछाल और सितम्बर में और अधिक उछाल आने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारी को लेकर मनोवैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। डा. हैरी सेगल व डा. जान गार्टनर ने दावा किया कि ट्रम्प में दुर्लभ मस्तिष्क विकार के स्पष्ट संकेत हैं, जो धीरे-धीरे बदतर होते जा रहे हैं। मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, इन मनोवैज्ञानिकों ने ट्रम्प के सार्वजनिक व्यवहार, भाषा और मोटर क्षमताओं में लगातार गिरावट पर चिंता जताई है। गार्टनर ने कहा कि ट्रम्प की मानसिक सक्रियता का ह्रास हो रहा है।

### भारत से जंग रोकने के लिए ट्रम्प ने चेताया था पाक को

**वाशिंगटन।** भारत-पाकिस्तान जंग को खत्म करने में अपनी भूमिका को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर अपना पुराना राग अलापा है। हालांकि इस बार उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देने की बात कही है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कैबिनेट बैठक के दौरान दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु टकराव को रोकने में सीधी भूमिका निभाई। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की। ट्रम्प ने कहा कि मैंने पीएम मोदी से कहा कि मैं एक बहुत ही शानदार इंसान से बात कर रहा हूं। मैंने उनसे पूछा कि आपके और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है। फिर मैंने पाकिस्तान से बात की और सीधी चेतावनी दी कि यदि तनाव जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा, बल्कि इतना अधिक टैरिफ लगाएगा कि उनका सिर घूम जाएगा।





बिहार। 'मतदान अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## गाजा में पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने इसरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान गाजा पट्टी पर हमले में पत्रकारों की मौत की निंदा करते हुए इसे अफसोस जनक करार दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमलों में पत्रकारों की मौत के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के जवाब में बुधवार को कहा कि भारत ने संघर्षों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने की हमेशा निंदा की है। उन्होंने कहा, पत्रकारों की हत्या स्तब्धकारी और अत्यंत खेदजनक है। भारत ने हमेशा संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की निंदा की है।

# रूस से ट्रेड करना चाहता है अमेरिका, प्रतिबंध हटाने पर कर रहा विचार

■ **रूसी न्यूक्लियर एनर्जी शिप्स खरीदने की भी तैयारी**

**वाशिंगटन।** भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने वाला अमेरिका खुद रूस से एनर्जी डील करने की कोशिश कर रहा है। रायटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ट्रम्प और पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का में हुई मुलाकात के दौरान इस डील पर बातचीत हुई थी।

अमेरिकी कंपनी एक्सान मोबिल ने रूस के सखालिन-1 आयल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होने और रूस को अमेरिकी इक्विपमेंट बेचने की बात की थी। यूक्रेन पर 2022 में रूसी हमले के बाद अमेरिका ने रूस के एनर्जी सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगाए थे, जिससे रूस को विदेशी निवेश मिलना बंद हो गया। अब अमेरिकी अधिकारी रूस को शांति के लिए राजी करने के लिए कुछ प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका रूस से एटमी एनर्जी से चलने वाले आइस ब्रेकर शिप्स खरीदने का भी सोच रहा है। अमेरिका पहुंचने पर ट्रम्प ने रेड कार्पेट पर पुतिन का स्वागत किया था। रायटर्स ने सूत्र के हवाले से बताया कि व्हाइट हाउस 15 अगस्त को ट्रम्प-पुतिन की अलास्का बैठक के बाद एक बड़े निवेश सौदे का ऐलान करना चाहता था। ट्रम्प को लग रहा था कि यह उनकी जीत होगी, लेकिन 3 घंटे की बैठक के बाद भी कोई बड़ा समझौता नहीं हो पाया।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में यात्री बस दुर्घटना में 25 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी में बुधवार तड़के एक यात्री बस पलट गई, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। एक तालिबान अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह-सुबह काबुल के अरघंडी इलाके में हुई। बस दक्षिणी अफगानिस्तान से हेलमंद और कंधार के यात्रियों को लेकर आ रही थी। गृह मंत्रालय के प्रवकता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें 27 लोग घायल भी हुए। यह दुर्घटना पश्चिमी हेरात प्रांत में हुई एक दुर्घटना के एक हफ्ते से भी कम समय बाद हुई है, जिसमें लगभग 80 लोग मारे गए थे।

### डेनमार्क ने अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के विदेश मंत्री ने अमेरिका के शीर्ष राजनयिक को तलब किया है। यह कदम तब उठाया गया, जब देश के राष्ट्रीय प्रसारक ने बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़े तीन लोग ग्रीनलैंड में गोपनीय तरीके से प्रभाव डालने वाले अभियान चला रहे हैं। ग्रीनलैंड, आर्कटिक क्षेत्र में स्थित एक विशाल और अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र है। ट्रम्प ने इस क्षेत्र को खरीदने में रुचि दिखाई थी। हालांकि डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है। उन्होंने अमेरिका की ओर से वहां खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशों की निंदा की है।

# जेल में नहीं दी जा रही बुनियादी सुविधाएं: इमरान

## पाक के पूर्व पीएम बोले: पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के खिलाफ केस दर्ज हो



**इमरान खान ने कहा: उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ और जेल प्रशासन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।

खान ने पुलिस में आवेदन देकर कहा है कि उन्हें रावलपिंडी की अडियाला जेल में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं और इसके पीछे सीधा आदेश मरियम नवाज का है। 72 वर्षीय इमरान खान ने पुलिस प्रमुख को लिखे पत्र में कहा कि उनकी सेल में रोशनी तक नहीं है और मुलाकात के अधिकार भी छीन लिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार के इशारे पर उनके साथ कैदी होने के बावजूद कानूनी और मानवीय अधिकारों का हनन किया जा रहा है। खान ने मरियम नवाज़ और आठ जेल अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इमरान खान ने कहा कि उनके परिवार और वकीलों से मुलाकात पूरी तरह बंद कर दी गई है। पुलिस चौकी पर तैनात अधिकारी जैनब और ऐजाज पर भी उन्होंने परिवार के साथ दुर्व्यवहार और परेशान करने के आरोप लगाए। खान का कहना है कि उन्हें पूरी तरह बाहरी दुनिया से काटकर रखा गया है, ताकि वे देश की हालात से अनजान रहें। टीवी और अखबार तक उन तक नहीं पहुंचने दिए जा रहे। जेल से बाहर संदेश साझा करते हुए इमरान खान ने कहा कि उन्हें दोबारा एकांतवास में डाल दिया गया है। उन्होंने लिखा कि वह राष्ट्र की असली आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पीछे नहीं हटेंगे। खान ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भी इसी तरह अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है और मुलाकात की इजाज़त तक नहीं मिल रही।

### उपचुनाव नहीं लड़ेगी इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उपचुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा के होने वाले उपचुनावों में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। यह फैसला पार्टी ने इमरान खान की राय के आधार पर लिया। गौरतलब है कि मई 2023 दंगों में शामिल नेताओं की सजा के बाद कई सीटें खाली हुई थीं। पार्टी की राजनीतिक समिति की बैठक में यह मुद्दा सामने रखा गया। इमरान खान ने अदियाला जेल में अपनी कानूनी टीम से मुलाकात के बाद यह संदेश भेजा। बाद में उनकी बहन अलीमा खान ने मीडिया को यह राय बताई।

**Bharat Ayurved Medical College Hospital & Research Centre**
10 Km. Roorkee Road NH-58, P. O. Barla Muzaffarnagar (NCR) 251001 (U.P.)

**भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर**
10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 251307
दिनांक-27/08/2025

निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:

| क्रम संख्या | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | रचना शरीर | प्रोफेसर | 1 |
| 2. | रोग निदान | प्रवक्ता | 1 |
| 3. | क्रिया शरीर विभाग | रीडर | 1 |
| 4. | स्त्री प्रसूति विभाग | प्रवक्ता | 1 |
| 5. | अगद तंत्र विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 6. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 7. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की दो प्रतियाँ तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

**पता:** भारत आयुर्वेद मैडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्क: 9084681283/7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेब राव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक

## सीरिया में इजरायली ड्रोन से भीषण हमला, छह सीरियाई सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इजरायली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चौनल के अनुसार, दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गई। वहीं इस हमले पर इजरायली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिसम्बर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इजरायल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं। ब्रिटेन में स्थित संगठन सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने बताया कि हुआ हमला दमिश्क और दक्षिणी प्रांत स्वेदा को जोड़ने वाले इलाके पर हुआ।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108